संसेक्स 74,683.70 ▲ -58.80
डॉलर 83.191 ▼ -0.093

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 35.0 | 21.0 | 27.0 |
| धनबाद | 38.0 | 22.0 | 29.0 |
| जमशेदपुर | 39.0 | 24.0 | 32.0 |
| पलामू | 37.0 | 21.0 | 28.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), चैत्र शुक्ल पक्ष 02, विक्रम संवत 2081 डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 10 अप्रैल 2024, वर्ष-30, अंक- 172, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय हजारीबाग : रामनवमी महोत्सव की है अंतरराष्ट्रीय पहचान ... 8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
लोकसभा चुनाव नए भारत के निर्माण का ...12 देश/विदेश

## वासंतिक नवरात्र
### द्वितीय : ब्रह्मचारिणी



यह देवी दुर्गा के नौ रूपों में से दूसरा रूप है। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करनेवाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करनेवाली। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएं हाथ में कमण्डल रहता है।

करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥

मां दुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देनेवाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। पूर्वजन्म में इस देवी ने हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था और नारदजी के उपदेश से भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात् ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया गया। मां ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से सर्वसिद्धि प्राप्त होती है।

### शिबू सोरेन की कर्मभूमि से कल्पना सोरेन के राजनीतिक जीवन का आगाज

# मैं नहीं, बाबा और हेमंत सोरेन लड़ रहे चुनाव : कल्पना सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधानसभा उपचुनाव की प्रत्याशी कल्पना सोरेन मुर्मू ने कहा कि आप यह कभी न समझें कि मैं चुनाव लड़ रही हूं। यह चुनाव आपके दिशोम गुरूजी बाबा शिबू सोरेन और आपके नेता हेमंत सोरेन का है। हेमंत सोरेन को यह नहीं लगना चाहिए कि वे जेल में हैं तो उनके कार्यकर्ता सोए हुए हैं। उन्हें लगना चाहिए कि उनका एक-एक कार्यकर्ता हेमंत है और मैदान में है, संघर्ष कर रहा है। आप यह जान लें कि यह हमारी जीत नहीं होगी, यह आपकी जीत होगी। कल्पना सोरेन जिला मुख्यालय स्थित उत्सव उपवन रिसोर्ट सभागार में मंगलवार को आयोजित कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में बोल रही थीं।



कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा के लोग घरफोड़वा हैं। भाई को भाई से, परिवार को परिवार से लड़ना चाहते हैं। मैं यहां पर आकर अपनी बात नहीं करूंगी। आपकी बात और आपके सुझाव को मुझे सुनना है। कल्पना सोरेन ने कहा कि बाबा दिशोम गुरू की यह कर्मभूमि है। बाबा यहां के राजा थे और रहेंगे। उनकी कर्मभूमि में किसी को दखल नहीं देने दीजिएगा। इसलिए मैंने भी बाबा के कर्मभूमि से अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की है। बाबा के समय से जो लोग जुड़े हैं, वे अपने अनुभवों को साझा करें, अपने हिसाब से काम करें।उन्हें कुछ बताने की जरूरत नहीं है, जिस समय बाबा संघर्ष कर रहे थे, उस समय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राजमहल से विजय हांसदा और सिंहभूम से जोबा मांझी लड़ेंगी चुनाव





**रांची।** झामुमो ने अपने कोटे के दो सीटों राजमहल और सिंहभूम सीट पर अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दिया है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने इसकी जानकारी दी है। झामुमो ने राजमहल से अपने सीटिंग सांसद विजय हांसद को फिर से प्रत्याशी बनाया है तो वहीं झामुमो के खाते में आयी सिंहभूम सीट से मनोहरपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री जोबा मांझी को मैदान में उतारा है। इसके पहले झामुमो गिरिडीह से मथुरा महतो और दुमका से नलिन सोरेन को उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। अब केवल जमशेदपुर सीट से प्रत्याशी का ऐलान करना बाकी है। इंडी गठबंधन के तहत झामुमो राज्य की पांच सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जानकारी के मुताबिक राजमहल सीट से झामुमो के बागी विधायक लोबिन हेम्ब्रम निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं। वहीं सिंहभूम सीट पर झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी का मुकाबला भाजपा के गीता कोड़ा से होगा, जो कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुई है। इस तरह सिंहभूम सीट पर दो महिलाओं का मुकाबला दिलचस्प होगा।

### शांतिपूर्ण मतदान कराना लक्ष्य, पुलिस का ब्लू प्रिंट तैयार

## लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट : डीआईजी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। पलामू डीआईजी वाईएस रमेश ने बताया कि पलामू प्रमंडल में 2024 लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने के लिए पुलिस विशेष रूप से अलर्ट है। लोकसभा चुनाव के दौरान निगरानी बेहतर तरीके से हो सके इसके लिए तीनों जिलों के एसपी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। श्री रमेश ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस का जो प्लान है, जो ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है, उस पर पुलिस विशेष रूप से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस के द्वारा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। ताकि क्षेत्र में माहौल शांत रह सके। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी को संविधान में अधिकार है। वोट उनका करना उनका हक है। अपना कीमती मत खुल कर और निर्भीक होकर दें। प्रशासन निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर



लगातार होम वर्क कर रही है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर लातेहार जिले के बूढ़ा पहाड़ सहित जंगली क्षेत्रों में नक्सलियों के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान विशेष सतर्कता बरती जा रही है। अति संवेदनशील व संवेदनशील बूथों की पहचान कर ली गयी है। इन बूथों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि चुनाव में कितने अर्धसैनिक बलों की जरूरत पड़ेगी। इस पर मंथन किया जा रहा है। अधिसूचना जारी होने के बाद इस संबंध में ठोस निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में अवैध रूप से शराब की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## अंडर 17 राष्ट्रीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स परिसर में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर 17 राष्ट्रीय एथलेटिक्स का मंगलवार को समापन हो गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आखिरी दिन मंगलवार को झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर रिले दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया। 400 मीटर रिले दौड़ टीम में झारखंड के बाबूलाल पासवान, सागर कुमार महतो, प्रतीक उरांव एवं साकेत मिंज ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। वहीं, 100 रिले दौड़ में भी मंगलवार को राज्य ने रजत पदक प्राप्त किया। इस टीम में विशाल



कुमार, दीपक मुंडा, प्रज्ज्वल कुमार एवं साकेत मिंज शामिल थे। झारखंड को कुल पांच पदक प्राप्त हुए हैं। दो स्वर्ण, एक रजत एवं दो कांस्य पदक के साथ झारखंड ने इस प्रतियोगिता में अपनी शानदार उपस्थित दर्ज कराई है। इससे पहले झारखंड को एथलेटिक्स के एसजीएफआई खेलों में पांच पदक प्राप्त करने का अवसर कभी नहीं मिला था। झारखंड के स्वर्णिम प्रदर्शन पर राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, एथलेटिक्स की विभागाध्यक्ष विद्या कुमारी, टीम के कोच ज्ञान प्रकाश ठाकुर, सविता माल्टो एवं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### भरनो अंचल के अमीन रिश्वत लेते धराया

**रांची।** गुमला जिला के भरनो अंचल के अमीन श्रवण कुमार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने मंगलवार को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। एसीबी की टीम ने दिन में लगभग तीन बजे अमीन को उसके आवास से रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। अमीन श्रवण को पकड़ने के बाद एसीबी की टीम रांची के लिए निकल गई। पकड़ा गया अमीन श्रवण जमीन मापने के एवज में ज्यादा पैसों की मांग कर रहा था, जिसके बाद पीड़ित ने मामले की जानकारी एसीबी टीम को दी थी। इसके बाद जाल बिछाकर एसीबी की टीम ने अमीन श्रवण कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### 522 करोड़ के जीएसटी घोटाला का आरोपी अमित व सुमित गिरफ्तार, रांची के विवेक रडार पर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/जमशेदपुर।** जीएसटी इंटेलिजेंस की जमशेदपुर शाखा की टीम ने 522 करोड़ के जीएसटी (गुड्स एंड सर्विस टैक्स) घोटाले मामले में दो सगे भाईयों को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कारोबारी अमित गुप्ता और सुमित गुप्ता शामिल हैं। दोनों सगे भाईयों को कोलकाता से लेकर जीएसटी की टीम मंगलवार की शाम को जमशेदपुर पहुंची।
जानकारी के अनुसार, कोलकाता सॉल्ट लेक स्थित फ्लैट में दोनों सगे भाई नाम बदलकर छिपे हुए थे। दोनों भाईयों को जेल भेजने से पहले मेडिकल जांच कराई गई। मालूम हो कि इसी मामले में टीम ने पूर्व में कारोबारी विक्की भलोटिया और शिव कुमार देवड़ा को भी गिरफ्तार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सीएए के बांग्लादेशी घुसपैठियों पर केंद्र सरकार सीधा एक्शन ले सकती है या नहीं : हाईकोर्ट

**रांची।** संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण वहां जनसंख्या की स्थिति में कुप्रभाव को लेकर डेनियल दानिश की जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव से पूछा कि सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) के तहत केंद्र सरकार संथाल परगना के पांच जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों पर सीधा एक्शन ले सकता है या नहीं। न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस बिंदु पर केंद्र सरकार के अधिवक्ता को तीन सप्ताह में केंद्र से निर्देश लेकर शपथ ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




### पलामू सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (10 ग्राम) | 71,450 |
| चांदी (किलो) | 83,130 |

## मोहम्मद सद्दाम गिरफ्तार चार दिनों की ईडी रिमांड पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया है। हालांकि, जमीन से जुड़े एक अन्य मामले में ईडी ने सद्दाम को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था। ईडी कोर्ट के आदेश पर फिर से ईडी मंगलवार को सद्दाम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।
पेशी के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत से आग्रह किया कि आरोपित से सात दिनों तक पूछताछ की रिमांड की अनुमति दी जाए। इसका आरोपी की अधिवक्ता स्नेह सिंह ने विरोध किया।
इसके बाद अदालत ने चार दिनों की रिमांड की मंजूरी दी है। मंगलवार से 12 अप्रैल तक ईडी मोहम्मद सद्दाम से पूछताछ करेगी। ईडी ने मोहम्मद सद्दाम के ठिकाने पर पिछले वर्ष छापेमारी की थी, उस दौरान ईडी ने लगभग 36 जमीन के डीड बरामद किए थे। ये सभी डीड रांची के अलग-अलग इलाकों में स्थित जमीन के थे।

# केजरीवाल की ईडी के खिलाफ याचिका खारिज

### कथित घोटाले में सीएम की संलिप्तता भी लग रही है : कोर्ट



**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट से राज्य के सीएम अरविंद केजरीवाल को तगड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उनकी गिरफ्तारी नियम के मुताबिक हुई है। जज ने कहा कि ये याचिका जमानत के लिए नहीं है। कोर्ट ने कहा कि यह याचिका याचिकाकर्ता को इस आधार पर छोड़े जाने के लिए है कि याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरुद्ध है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने केजरीवाल की याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए केजरीवाल के खिलाफ ईडी के आरोपों को अदालत ने दोहराया। कोर्ट ने कहा कि ईडी ने जो तथ्य कोर्ट के सामने रखे हैं, उससे लगता है कि कथित घोटाले में सीएम की संलिप्तता भी लग रही है। जस्टिस शर्मा ने पहले अंग्रेजी और फिर हिंदी में अपना फैसला पढ़ा। अदालत ने कहा कि कानून पर किसी सरकार का और न ही किसी जांच एजेंसी का नियंत्रण होता है। इससे पहले याचिका में केजरीवाल की गिरफ्तारी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### केजरीवाल ने गिरफ्तारी की टाइमिंग पर उठाया सवाल

बहस के दौरान आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी की टाइमिंग पर सवाल उठाया था। केजरीवाल ने कोर्ट में दावा किया था कि बीजेपी उन्हें जेल में डालकर चुनाव को फिक्सड मैच की तरह खेलना चाहती है। दूसरी ओर, ईडी ने आप नेता के आरोपों पर कड़ी आपत्ति जताई है। ईडी ने दावा किया कि कथित अपराध में केजरीवाल व्यक्तिगत और परोक्ष रूप से शामिल हैं। एएसजी एसवी राजू ने उदाहरण देते हुए कहा कि मान लीजिए कोई राजनीतिक व्यक्ति चुनाव से दो दिन पहले हत्या कर देता है। क्या उसे गिरफ्तार नहीं किया जाएगा? जस्टिस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### केजरीवाल का अहंकार चकनाचूर, स्व-घोषित ईमानदार का पदार्फाश : भाजपा

शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। इस पर भाजपा ने आप पर निशाना साधा है। राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कान्फ्रेंस कर कहा कि आज जो हाईकोर्ट ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के संदर्भ में जो निर्णय लिया है। उससे तथ्यों के कठोर धरातल पर आम ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 82923 73444 संपर्क करें।

### आज के मैच




समय : 10 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : जयपुर

### आजकल




## इंडिया : भारतीय उपप्रायद्वीप के अधिकांश देशों में आज भी प्रचलित है भारतीय कैलेंडर



सुनील बादल

**भारत** के सनातनी के अलावा पारंपरिक परिवारों में अभी भी कोई भी मांगलिक कार्य या पर्व त्यौहार अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार न कर भारतीय पंचांग के अनुसार ही मनाए जाते हैं। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पहली तिथि 09 अप्रैल को नववर्ष विक्रम संवत 2081 मनाया गया। मान्यता है कि इसी तिथि को ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी श्री राम और युधिष्ठिर राज्याभिषेक, गुरू श्री अंगद देव का जन्म दिवस है, स्वामी दयानंद सरस्वती ने इसी दिन आर्य समाज की स्थापना की, वरूणावतार झूलेलाल इसी दिन प्रकट हुए, शालिवाहन ने हूणों और शकों को परास्त कर भारत में शक संवत की स्थापना की। धरती के अपनी धुरी पर घूमने और धरती के सूर्य का एक चक्कर लगाने के बाद जब दूसरा चक्र प्रारंभ होता है तभी हिंदू नववर्ष मनाया जाता है। इस दिन गुड़ी पड़वा (फसलों की पूजा), उगादी और चैत्र नवरात्रि का त्यौहार मनाया जाता है। दुनिया के तमाम कैलेंडर किसी न किसी रूप में भारतीय हिंदू कैलेंडर का ही अनुसरण करते हैं। भारतीय पंचांग और काल निर्धारण का आधार विक्रम संवत ही हैं। जिसकी शुरूआत मध्य प्रदेश की उज्जैन नगरी से हुई। यह हिंदू कैलेंडर राजा विक्रमादित्य की जीत के बाद जब उनका राज्यारोहण हुआ तब उन्होंने अपनी प्रजा के तमाम ऋणों को माफ करने की घोषणा करने के साथ ही भारतीय कैलेंडर को जारी किया इसे विक्रम संवत नाम दिया गया। इस कैलेंडर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह वैज्ञानिक रूप से काल गणना के आधार पर बना हुआ है। सभी 12 महीने राशियों के नाम पर हैं, इसका समय 365 दिन का होता है। चन्द्र वर्ष महीने चैत्र से प्रारम्भ होता है। इसकी समयावधि 354 दिनों की होती है शेष बढ़े हुए 10 दिन अधिमास के रूप में माने जाते हैं। ज्योतिष काल की गणना के अनुसार इसके 27 प्रकार के नक्षत्रों का वर्णन है। एक नक्षत्र महीने में दिनों की संख्या भी 27 ही मानी गई है। सावन वर्ष में दिनों की संख्या लगभग 360 होती है और मास के दिन 30 होते हैं वैसे तो अधिमास के 10 दिन चन्द्रवर्ष का भाग है लेकिन इसे चंद्रमास न कह कर अधिमास कह दिया जाता है। यही नहीं यूनानियों ने नकल कर भारत के इस हिंदू कैलेंडर को दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में फैलाया। भले ही आज दुनिया भर में अंग्रेजी कैलेंडर का प्रचलन बहुत अधिक हो गया हो लेकिन फिर भी भारतीय कैलेंडर की महत्ता कम नहीं हुई। पड़ोसी देश चीन नववर्ष मनाने में अपनी संस्कृति का अनुसरण करता है, चीनी चांद आधारित कैलेंडर के अनुसार अपना नववर्ष मनाते हैं। चीनी नववर्ष को ह्यलूनर न्यू ईयरह्न के नाम से भी जाना जाता है। चीनी नव वर्ष चीन में सबसे महत्वपूर्ण छुट्टियों में से एक है चीन में हर नववर्ष को किसी पशु का नाम दिया जाता है जैसे चूहा, बैल, बाघ, खरगोश, सांप, घोड़ा, भेड़, बंदर,मुर्गा,कुत्ता और सूअर । कुछ विद्वान दुनिया का सबसे पुराना कैलेंडर 3400 साल पुराने ग्वाटेमाला के माया कैलेंडर को मानते हैं जो 260 दिन का कैलेंडर होता था। वैसे सनातन हिंदू कैलेंडर और भी पुराना है, इसे विक्रम संवत से भी पहले 1000 ईसापूर्व पुराना माना जाता है। जिसमें 12 चंद्रमास होते थे। ये कैलेंडर चांद की मुद्राओं और चक्र के अनुसार चलता है। हिंदू वर्ष 354 दिनों का होता है, इसी वजह से हिंदू वर्ष में 30 दिनों का एक अतिरिक्त महीना जुड़ जाता है, जिसे अधिमास कहा जाता है। हिंदू कैलेंडर को समझना उतना ही आसान या सरल है, जितना कि एक ग्रेगोरियन कैलेंडर, चीनी कैलेंडर या इस्लामिक कैलेंडर को समझना। ग्रेगोरियन या अंग्रेजी कैलेंडर की शुरूआत 15 अक्टूबर 1582 को ईसाई समुदाय ने क्रिसमस की तारीख तय करने की थी। इससे पहले 10 महीनों वाले रूस के जूलियन कैलेंडर में बहुत सी कमियां होने के कारण हर साल क्रिसमस की तारीख निश्चित नहीं होती थी। ग्रेगोरियन कैलेंडर में नया साल 01 जनवरी शुरू होता है। अंग्रेजी कैलेंडर सूर्य पर आधारित है। इसके मुताबिक एक सूर्य वर्ष में 365 दिन और करीब 6 घंटे होते हैं। हर चार साल में ये 6-6 घंटे एक दिन के बराबर हो जाते हैं जिस कारण चार साल में एक बार फरवरी 29 दिन का होता है और बाकी तीन सालों में ये 28 दिन का होता है। हिंदू वर्ष चंद्र की स्थितियों के अनुसार चलता है। इसमें हर महीना 30 दिनों का होता है। महीने में चांद की स्थितियों के अनुसार 15 दिनों का कृष्ण पक्ष और 15 दिनों का शुक्ल पक्ष होता है। हिंदी वर्ष 354 दिनों का होता है। इसी वजह से कई बार हिंदी वर्ष में 30 दिनों का एक अतिरिक्त महीना भी जोड़ा जाता है। हिंदू कैलेंडर आज भी भारतीय प्रायद्वीप, नेपाल, मॉरीशस, श्रीलंका, इंडोनेशिया, जावा, सुमात्रा जैसे देशों में उपयोग में है। नेपाल सरकारी तौर पर हिंदू नव वर्ष को ही मानता है। इसके सरकारी कार्यालय और स्कूल इसी कैलेंडर से संचालित होते हैं।



# शॉर्ट सर्किट से श्रृंगार व जनरल स्टोर में लगी आग, लाखों की संपत्ति खाक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शार्ट सर्किट से श्रृंगार व जनरल स्टोर में आग लग गयी। आग लगने से दुकान में रखा श्रृंगार व जनरल स्टोर का सारा सामान जलकर राख हो गया। आगलगी की इस घटना में पीड़ित परिवार को काफी नुकसान हुआ है। घटना हरिहरगंज थाना क्षेत्र के मेन बाजार श्री राघो मार्केट स्थित विनय कुमार सिंह के श्रृंगार व जनरल स्टोर दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। जब आग लगी तो उस समय दुकान बंद थी। वहीं दुकान से धुआं निकलता देख लोगों ने इसकी सूचना दी। तो दुकान संचालक तुरंत मौके पर पहुंचा और दुकान का तालाब खोला। आग लगी कि घटना में सारे सामान धू-धू कर जल गए थे। वहीं लगभग 17 लाख की संपत्ति की क्षति होने की खबर है। इस संबंध में पीड़ित दुकान संचालक बेलौदर मोहल्ला के रहने वाले विनय कुमार सिंह ने बताया कि वह दुकान बंद कर अपने घर गए थे। इस बीच शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। लोगों से मिली जानकारी के बाद उन्हें इस बात की पता चली। लोगों ने बताया कि दुकान से धुआं निकल रहा था। इसके बाद पहुंच कर दुकान का ताला खोला, लेकिन आग की लपटे इतनी तेज थी कि सारे सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि आसपास के लोगों ने घर के मोटर के पानी से आग बुझाने का प्रयास किया। वहीं आग लगने का कारण फिलहाल शॉर्ट सर्किट का होना अनुमान लगाया जा रहा है। कारोबारी विनय कुमार सिंह के अनुसार बीती देर रात करीब 3:45 बजे के आसपास उन्हें इस घटना की जानकारी मिली थी। पीड़ित दुकानदार ने घटना की जानकारी पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। हुसैनाबाद के अग्निशमन कर्मियों ने घटना के करीब डेढ़ घंटे के बाद पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया। तब तक सारा सामान जलकर खाक हो गया था। वहीं शहर वासियों का कहना है कि बिजली के बार-बार लो व हाई वोल्टेज के कारण इस तरह के घटना होने की संभावना है। भाजपा नेता राजीव रंजन, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, संजय जायसवाल, राजकुमार गौतम, जगन सिंह आदि ने घटनास्थल पर पहुंचकर कहा कि फायर ब्रिगेड अनुमंडल या प्रखंड स्तर पर उपलब्ध होना चाहिए। जिससे घटना के तुरंत बाद पहुंचकर नुकसान को कम किया जा सकता है।



### मकान में लगी आग, मुआवजे की मांग

**पांकी।** प्रखंड के अम्बार पंचायत के बिदरा गांव निवासी अजय पासवान के मकान में मंगलवार की सुबह में अचानक आग लग गई। जिससे मकान एवं मकान में रखे सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। मामले की जानकारी होने के बाद पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र पासवान ने घटनास्थल पर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मिला। उन्हें आर्थिक मदद एवं हर संभव मदद का आश्वासन दिया। घटना के संबंध में परिजन बताते हैं कि मकान में अचानक लगी आग से मकान में रखे सामान जलकर नष्ट हो गया है। इस अगलगी से उन्हें लाखों का नुकसान हुआ है। परिजनों ने प्रशासन से सरकारी मुआवजे की मांग की है।



## श्रीराम महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली, श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के दलपतपुर गांव स्थित श्रीराम महायज्ञ को लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। इसमें यज्ञाचार्य साकेत बिहारी फलाहारी बाबा के सानिध्य में गाजे-बाजे घोड़े, रथ, झंडा पताका सहित महिला पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में मुख्य रूप से राजद के पलामू लोस प्रत्याशी ममता भुइयां, राजद प्रदेश महासचिव रविकुमार यादव, जिप सदस्य ददन पासवान, विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान, प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, राजद नेता कमलेश यादव, डीलर संघ अध्यक्ष सह भाजपा नेता बिजय यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान ने भाग लिया। यज्ञ स्थल से जलयात्रा प्रारंभ होकर देवगन डैम पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरकर वापस आकर यज्ञशाला में स्थापित किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यज्ञ मानव जीवन के लिए बहुत ही कल्याणकारी है। इससे क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि आती है। उधर, यज्ञ समिति के लोगों ने बताया कि 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक नव दिवसीय अनुष्ठान होगा। प्रतिदिन रामलीला व रासलीला तथा विद्वानों द्वारा प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन होगी। कलश यात्रा में यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष शिवनंदन यादव, उपाध्यक्ष युगेश्वर यादव, सचिव कैलाश यादव, उप सचिव अनिल यादव, कोषाध्यक्ष उमेश यादव, उप कोषाध्यक्ष सुनील यादव, संचालक शिवलाल यादव, मुखिया राजेश राजवंशी, पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव, रामप्रवेश भुइयां, उप मुखिया विजय भुइयां, बसपा के राजकुमार गौतम, हरि यादव, प्रभु यादव, अर्जुन यादव, संजय यादव, मुनि यादव, विकास यादव, मुन्ना सिंह, कमलेश यादव, अखिलेश यादव, मिथिलेश यादव ।हित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।



## महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला एके सिंह कॉलेज में आईक्यूएसी और एनएसएस के संयुक्त तत्त्वावधान में महापंडित राहुल सांकृत्यायन की 131 वीं जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम प्राचार्य सूर्यमणि सिंह के निर्देशन व प्रो. राहुल कुमार सिंह, प्रो. राजेश कुमार सिंह (एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी) और प्रो. रेखा कुमारी सिंह के संयुक्त प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने किया और मुसर्रत परवीन, अनुराधा, आनंद प्रकाश, नीतू कुमारी, सूरज कुमार सिंह, आलोक कुमार विश्वकर्मा एवं शुभम प्रकाश ने संबोधित किया। शुभम प्रकाश ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन 30 से अधिक भाषाओं के जानकार और लगभग 120 पुस्तकों के लेखक थे। मुसर्रत परवीन ने कहा कि राहुल मजहब को इंसानियत का सबसे बड़ा दुश्मन मानते थे। युवकों के लिए इनका संदेश था- 'दिमागी गुलामी छोड़ो और दुनिया को बदलने के संघर्ष में जुट जाओ।' प्रो. रेखा कुमारी सिंह ने कहा कि हमारे कॉलेज के दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. राम सुभग सिंह ने एक पुस्तक लिखी है -'महापंडित राहुल सांकृत्यायन की विचार यात्रा : सनातनी से साम्यवादी।' छात्रों को इसे कॉलेज की पुस्तकालय में जाकर अवश्य पढ़ना चाहिए। इस कार्यक्रम में करीब 60 - 70 छात्र-छात्राएं मौजूद थे। शिक्षकों में प्रो. अरुण कुमार सिंह, प्रोफेसर हरेंद्र सिंह, प्रो. सुधीर कुमार सिंह, प्रो. जय शंकर सिंह, प्रो. सुनील कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित थे।



## चैती नवरात्र मेला शुरू होते ही उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद/हैदरनगर।** पारंपरिक रुप में इस वर्ष भी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा मंगलवार से नवरात्र मेला प्रसिद्ध देवी धाम हैदरनगर में शुरू हो गई है। इसके लिए पूरे मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई के अलावे रंगरोगन, प्रकाश, पानी, शौचालय व श्रद्धालुओं की अन्य सुविधाओं के प्रति मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य जुटे हैं। बुधवार को नवरात्र मेला को लेकर समिति अध्यक्ष सह बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, उपाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, जिप सदस्य संगीता देवी, मुखिया संतोष कुमार सिंह ने जाएजा लेने के बाद कहा कि शांतिपूर्ण मेला आयोजन के लिये सभी दिशा-निर्देश समिति सदस्यों को दी गई है। वहीं श्रद्धालुओं को आपातकाल सूचना के लिये मंदिर कार्यालय में उदघोषणा केन्द्र व पूरा मंदिर परिसर सीसीटीवी कैमरे 24 घंटा सक्रिय रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष दोनों नवरात्र मेला में यहां इलाके अलावे सीमावर्ती राज्यों के लाखों श्रद्धालुओं का आगमन होता है।हालांकि सदियों से जारी इस मंदिर मेला को लेकर सरकार, प्रशासन के अलावे रेल यातायात की कोई विशेष व्यवस्था आज तक नहीं होने से श्रद्धालुओं को काफी कष्ट उठाना पड़ता है। लगातार रेल प्रशासन को जानकारी के बावजूद विशेष ट्रेनों की व्यवस्था नहीं करायी जाती है। मेला शुरू होने के साथ ही भक्तों का डेरा जमने लगा है। इसकी तैयारी प्रबंध समिति की ओर से पूरी की गई है। विधि व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी अफजल अंसारी के नेतृत्व में पुलिस बल ने सोमवार की रात ही मंदिर प्रांगण का मुआयना कर अधीनस्थ अधिकारियों, चौकीदारों को कई निर्देश दिया है। समिति से असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने और किसी भी परिस्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना समय पर देने की अपील की है। मेला में कई राज्यों के श्रद्धालुओं का पारंपरिक आगमन होता रहा है। देवी मां के दरबार पूरी तरह सज धजकर तैयार है। समिति सचिव रामअसरेस सिंह, कोषाध्यक्ष रविन्द्र सिंह ने बताया कि मंदिर स्थल पर पूजा सहित विभिन्न प्रकारों के लगने वाले स्टॉलों के लिए समिति द्वारा निर्धारित रॉयल्टी दर पर स्थान दिये गये हैं। आपातकालीन स्थिति में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नियंत्रण कक्ष और सूचना उद्घोषक केन्द्र की भी समिति ने स्थापना की है। मंगलवार से ही आस्था से वशीभूत भक्तों का आगमन शुरू हो चुका है। इसके साथ ही निजी सहित कई सार्वजनिक स्थलों पर कलश स्थापना और नवरात्र पूजा भी प्रारंभ कर दी गई है।



### ईद और रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

## शरारती तत्वों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर, कानून का उलंघन बर्दास्त नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** ईद और रामनवमी को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर के सभागार में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हुसैनाबाद अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने की। संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने किया। बैठक में ईद की विभिन्न मस्जिदों में होने वाली सामूहिक नमाज और रामनवमी पर्व को लेकर निकलने वाले शोभा यात्रा की जानकारी ली। अंचल पदाधिकारी ने कहा कि दोनों त्योहार को आपसी भाईचारा के साथ मनाने की जरुरत है। साथ ही उन्होंने कहा की जुलूस के दौरान डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इस मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने कहा की पर्व के दौरान किसी आपसी सौहार्द को बिगाड़ने वालों से पुलिस पूरी सख्ती के साथ निपटेगी। जुलूस के दौरान किसी भी राजनैतिक दलों का झंडा लेकर चलने वालों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की बात कही। साथ किसी प्रकार की सूचना मिलने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस मौके पर महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, एसआई, टी मन्नौवर, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, अब्बास कादरी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष जिशान हसन, बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ केशरी, अजय प्रसाद गुप्ता, सुधीर कुमार सिंह ऊर्फ पप्पू सिंह, श्रवण राम, अशोक यादव, ओम प्रकाश राजवंशी, अर्जुन प्रसाद, गोपाल प्रसाद साव, समेत कई लोग मौजूद थे। बैठक के दौरान स्वास्थ विभाग, नगर पंचायत, बिजली विभाग के कोई भी कर्मी मौजूद नहीं थे।

### जनसंपर्क

### चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने किया पांकी प्रखंड का दौरा

## पीएम मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है : जिलाध्यक्ष

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने मंगलवार को पांकी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। सर्व प्रथम लोकसभा प्रत्याशी पांकी प्रखंड के थाना रोड स्थित प्रिंस सिंह के आवास पर पहुंचे। जहां समाजसेवी प्रिंस सिंह, कुंदन सिंह समेत सैकड़ो समर्थकों ने भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का जोरदार स्वागत किया एवं उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित भी किया। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा की जिस प्रकार नरेंद्र मोदी की सरकार में देश की सैन्य ताकत के साथ देश की आंतरिक सुरक्षा को भी मजबूत किया जा रहा है।
इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों के संबोधन में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा की चतरा संसदीय क्षेत्र के लोगों का यह कहना है कि हम लोग वोट देते हैं चुनाव जीताने का कार्य करते हैं लेकिन लोकसभा के सदस्य पता नहीं चुनाव जीतने के बाद किस दुनिया में चले जाते हैं। आते भी है तो घर में रहते हैं पता ही नहीं चलता। उन्होंने कहा कि मैं पूर्व में भी भाजपा संगठन की हैसियत से इस क्षेत्र में आया हूं। आज भी आया हूं और कल भी आऊंगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सुनील सिंह कुछ गलती नहीं किए रहते तो मेरा आना तो तय नहीं होता। उन्होंने कहा कि मैं वादा करता हूं कि हर वक्त जनता के बीच सुख दुख में साए की तरह खड़ा रहूंगा।
भाजपा प्रत्याशी ने पुरानी पांकी स्थित विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह के आवास पर भी ग्रामीणों से मुलाकात की एवं इसके पश्चात प्रखंड के कुछ जनप्रतिनिधियों से भी रूबरू हुए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनके साथ पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता, भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, मंजू लता, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद, श्याम नंदन ओझा, अरुण सिंह, विजय सिंह, कार्तिक सिंह, अक्षय कुमार, कुंदन सिंह समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



### पाटन में मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली गई

**पाटन।** बीडीओ अमित कुमार झा के नेतृत्व में लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूक बाइक रैली निकाली गई। प्रखण्ड कार्यालय से नेशनल हाइवे होते मेन बाजार पाटन करीब एक किलोमीटर बाइक रैली निकालकर मतदान के प्रति लोगों को जागरूकता किया गया। बाइक रैली में मतदान करने को लेकर विभिन्न स्लोगनों वोट डालने जाना है- अपना फर्ज निभाना है,देश के विकास में प्रत्येक मतदाता का फर्ज है मतदान अवश्य करें। पहले मतदान फिर स्नान आदि जागरूकता संदेश दिया गया। बीडीओ, सेक्टर प्रभारी, प्रखण्ड एवं अंचल कर्मी, थाना के पुलिस कर्मी सहित बड़ी संख्या में वॉलेंटियर ने मतदाता जागरूकता बाइक रैली में भाग लिया।



### एक नजर

### पुलिस ने छापेमारी कर 80 किलो जावा महुआ को किया नष्ट

**उंटारी रोड।** पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देशानुसार उंटारी थाना की पुलिस ने शराब कारोबारी के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इसी क्रम में सेमरी गांव और लकड़ही गांव से लगभग 80 किलो जावा महुआ बरामद कर उसे नष्ट किया है। मामले में उंटारी रोड थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर सेमरी गांव और लकड़ही गांव से अवैध रूप से भारी मात्रा में जावा महुआ बरामद किया गया। साथ ही बताया कि एक घर में अवैध रूप से शराब बनायी जा रही थी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर घर में छापेमारी के दौरान करीब 80 किलो जावा महुआ बरामद कर नष्ट कर दिया और साथ ही भट्ठी को भी पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। छापेमारी के दौरान एएसआई मुना लाल जामूदा सहित उंटारी रोड थाना पुलिस के जवान मौजूद थे।

### भड़काऊ और अश्लील गाना बजाने पर कार्रवाई की जायेगी : थाना प्रभारी

**मोहम्मदगंज।** रामनवमी पूजा और ईद पर्व को लेकर थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। मुख्य रूप से बी डी ओ पारितोष प्रियदर्शी,सी ओ रणवीर कुमार की उपस्थिति में बैठक का संचालन थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने किया। अधिकारियों ने लोगो को शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। बीडीओ प्रियदर्शी ने पर्व के दौरान चुनाव आचार संहिता के बारे में जानकारी दी। साथ ही जिनका नाम छूट गया है,उन्हें दो दिनों के अंदर नाम जुड़वा लेने की बात कही। थाना प्रभारी श्री तिवारी ने शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने के साथ ही भड़काऊ ,अश्लील गाने बजाने पर करवाई करने की बात कही। उन्होंने लोगो से अफवाह पर ध्यान नहीं देने और अफवाह की सूचना पुलिस को देने की अपील की।

### भजनिया गांव के शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई

**मोहम्मदगंज।** श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के 5 वे अधिवेशन को लेकर मंगलवार को मोहम्मदगंज प्रखण्ड के भजनिया गांव स्थित शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य यजमान सह महायज्ञ के अध्यक्ष विपिनबिहारी उर्फ मंटू सिंह सपत्नीक के अलावा काफी संख्या में सभी आयु वर्ग के पुरुष महिला श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए। गाजे-बाजे व जय श्रीराम, जय माता दी,जय हनुमान, हर हर महादेव के जयकारे के साथ निकली कलश यात्रा से पूरा क्षेत्र गुंजयमान हो गया। कलश यात्रा गांव स्थित देवी मंदिर होते हुए मेन रोड से कोयल और काशीस्त्रोत नदी के संगम स्थल पहुँची। जहां यज्ञाचार्य वेदांत उपाध्याय इंदौर ,सर्वेश कुमार पांडेय,सुरेश पाठक और ध्रुव पांडेय ने विधिवत पूजा अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में पवित्र जल भरवाया।इसके बाद माथे पर कलश लिए श्रद्धालु क्षेत्र भृमण करते हुए वापस शिव मंदिर परिसर में कलश स्थापित किया।

### एक नजर

### एसटीडी कॉलेज में किया गया पौधारोपण

**विश्रामपुर।** रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के वाटिका में हिंदू नव वर्ष के आगमन पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मंगलवार को पौधारोपण किया गया। प्राचार्य संतोष मिश्रा, कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश शुक्ला व उर्दू विभाग के प्रो. अमीना खातून के द्वारा वाटिका में औषधीय पौधा लगाया गया। इस दौरान कॉलेज कर्मियों और छात्र - छात्राओं द्वारा नव वर्ष का स्वागत भी किया गया। प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने पौधारोपण का फायदा बताया। उन्होंने कहा कि औषधीय पौधा से आज हम सभी लोग शुद्ध हवा लेते है। औषधीय पौधा कई बीमारियों के उपचार में कारगर साबित होता है। हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रो. डॉक्टर श्याम मिश्रा ने कहा कि औषधीय पौधा लगाने से आसपास का वातावरण भी शुद्ध होता है। मौके पर प्रो. रंजन दुबे, अस्मिता पांडेय, आशा कुमारी, शबनम निशा, अनुज कुमार, गुंजन पासवान, नरेंद्र मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

### अपने बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखें भवनाओं पर रखें नियंत्रण : बीडीओ

**उंटारी रोड।** थाना परिसर में मगंलवार को रामनवमी व ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा शाहू की अध्यक्षता में की गई । बैठक में सर्वसम्मति रामनवमी व ईद पर्व के अवसर पर शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने कहा कि त्योहार के दौरान आचार संहिता का अनुपालन करते हुए आपसी सौहार्द वातावरण में संपन्न करें। असामाजिक तत्वों के लोगों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू ने कहा कि अपने-अपने बच्चो को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से दूर रखें। मौके पर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, एएसआई साधूचरण दास, जिला पार्षद सदस्य अरविन्द कुमार सिंह, विस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, उपप्रमुख खोखन राम, परीखा मेहता, सुनील सिंह, डॉ जोगी सिंह, अरुण वर्मा, पारस कुमार, तमजीद अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### हिन्दू नववर्ष पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया-बहनों ने निकाली प्रभातफेरी

**हरिहरगंज।** विद्या भारती झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हरिहरगंज हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 के अवसर पर मंगलवार को घोष के साथ भैया बहनों ने संचलन किया। भैया बहनों ने हाथों में ध्वज पताका लेकर मुख्य मार्ग से गुजरते हुए नगर वासियों को हिन्दू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रिशा लाइब्रेरी के प्रोपराइटर प्रेम गौरव के द्वारा भैया बहनों को मीठा और पानी देकर नव वर्ष की शुभकामना दी गई। झंडा चौक पर भैया बहनों के ऊपर पुष्प वर्षा की गई एवं शरबत, बिस्कुट कुरकुरे देकर स्वागत किया गया। इस पुनीत कार्य में मुकेश प्रसाद शौंडिक, सत्यनारायण प्रसाद शौंडिक, राजेश प्रसाद शौंडिक, नीतीश प्रसाद शौंडिक, पंकज शौंडिक, सुनील शौंडिक, गोलू शौंडिक का भरपूर योगदान रहा। वहीं संचलन कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के घोष प्रमुख आचार्य मोहन ठाकुर, हंसराज गुप्ता, संजय कुमार सिंह, रामप्रवेश कुमार, अंकित कुमार, नीलिमा मेहता, सुनीता कुमारी, अंजू कुमारी, प्रियंका कुमारी अग्रणी भूमिका निभाए। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने भैया बहनों को हिन्दू नव वर्ष की शुभकामना एवं नगरवासियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### चैत्र नवरात्र पर राम कथा को ले विश्रामपुर में निकाली भव्य कलश शोभा यात्रा

**विश्रामपुर।** रामनवमी पूजा कमेटी द्वारा चैत्र नवरात्र पर राम कथा को लेकर विश्रामपुर नप मुख्यालय में मंगलवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया। कलश शोभा यात्रा की शुरूआत विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर से हुआ। शोभा यात्रा को मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंश उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी व कथावाचक आचार्य शांतनु जी महाराज ने संयुक्त रूप से भगवा झंडा दिकर रवाना किया। कलश यात्रा बाजार चौक,थाना चौक, बस स्टेंड चौक, सोरडीहा, नावाडीह,भठ्ठी मुहल्ला होते हुए भेलवा नदी शिव घाट पहुंची। जहां पुरे विधि-विधान के साथ कलश में जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा वापस पंचमुखी मंदिर पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चारणो के बीच कलश को स्थापित किया गया। कलश यात्रा में विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, समाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडय, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष, रवींद्रनाथ उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, पंकज कुमार लाल, समाजसेवी मनीष कुमार, रजनीश कुमार, गोपाल सोनी, सत्यम सोनी सहित कई लोग शामिल हुये।

### भगवान श्रीराम व जानकी की प्रतिमा के पट खुले, पूजा शुरू

**हरिहरगंज।** शहर के झंडा चौक समीप राधा कृष्ण लक्ष्मी नारायण पंच मंदिर स्थित इंद्र बाल समिति द्वारा स्थापित श्रीराम-जानकी पूजा पंडाल का पूजा अर्चना के बाद मंगलवार को पट खुल गए। इसके साथ ही भगवान के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस पूजा पंडाल में श्रीराम - जानकी, लक्ष्मण, हनुमान सहित भरत व शत्रुघ्न का प्रतिमा स्थापित की गयी है। समिति के अध्यक्ष शशांक जायसवाल, सचिव शशांक शेखर, कोषाध्यक्ष प्रीत कुमार ने बताया कि प्रत्येक दिन महाआरती व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। जबकि 16 अप्रैल को अष्टमी पूजन एवं संध्या में महाआरती, 17 अप्रैल को हवन मूर्ति विसर्जन तथा भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर पंडित दीनदयाल पाठक, सुनील जायसवाल उर्फ बबलू , कृष्णमूर्ति मंजय, सौरभ पाठक आदि मौजूद थे।



### दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना के साथ वासंतिक नवरात्र प्रारंभ

**हरिहरगंज।** मेन बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में मंगलवार को कलश स्थापना के साथ ही वासंतिक नवरात्र समारोह प्रारंभ हो गया। इससे पहले गाजा बाजा के साथ जलयात्रा निकाली गई। जो मेन बाजार, झंडा चौक, मेन रोड से होते हुए बटाने नदी पहुंची। जहां पंडित धनंजय मिश्रा के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया। बाद में मां नवदुर्गा की उपासना के लिए मंदिर में कलश को स्थापित किया गया। वहीं श्रीदुर्गा सप्तशति का नवाह्न पाठ श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में महिला पुरूष भक्त मंदिर में मौजूद रहे। उधर समारोह को लेकर मंदिर व परिसर की सुंदर सजावट की गई है। जल यात्रा में मुख्य यजमान राजेश कुमार, सन्नी गुप्ता, चंदन जायसवाल, पवन कुमार, रामदुलारे विश्वकर्मा, रिशु गुप्ता, रविकांत, तुषार कुमार, सीताराम कुमार, उदय कुमार, संजीव कुमार, करण राजवीर, साकेत कुमार सहित कई लोग शामिल थे। वहीं रामनवमी पूजा समिति द्वारा राम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आगाज हुआ। मुख्य समारोह स्थल थाना के समीप संकट हरण हनुमान मंदिर परिसर में गाजे-बाजे के साथ महावीरी ध्वजारोपण तथा अखाड़ा पूजन किया गया। इस अवसर पर पूजा समिति के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### हिंदू नव वर्ष व चैत्र नवरात्रि के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**पांकी।** हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मंगलवार को प्रखंड के श्री राम जानकी मंदिर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाजे बाजे के साथ मोटरसाइकिल से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत श्री राम जानकी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने तिलक लगाकर एवं भगवा झंडे लगाकर जय श्री राम के नारे लगाते मंदिर परिसर से रवाना हुए जिसे मौके पर मौजूद राम जानकी मंदिर के अध्यक्ष मुरली प्रसाद सचिव उपेंद्र गुप्ता प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद समाजसेवी गुड्डू प्रसाद, मुखिया प्रेम प्रसाद अध्यक्ष लखन कुमार सहित अन्य लोगों ने जय श्री राम के नारे का उद्घोष करते हुए इसकी अगुवाई की। शोभायात्रा कार्यक्रम में सैकड़ो मोटरसाइकिल से पहुंचे श्री राम भक्तों ने मंदिर परिसर से निकलकर बाजार होते हुए शहीद भगत सिंह चौक पहुंची। इसके बाद कर्पूरी ठाकुर चौक होते हुए करार, तरवाडीह, हरना, चंद्रपुर, मंगलपुर नौडीहा, सोरठ, नूरु, राजहर, पुरानी पांकी सहित विभिन्न अखाड़ों का भ्रमण किया।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

निर्भीक होकर लोकसभा चुनाव में अपना वोट दें। सभी से अनुरोध है कि यह आपका हक है, इसका प्रयोग अवश्य करें। प्रशासन आपके साथ है।

**वाईएस रमेश, डीआईजी, पलामू।**

## रामचरित्र मानस नवाह्न परायण यज्ञ शुरू

**हुसैनाबाद।** महावीर जी भवन जपला में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना के साथ रामचरित्र मानस नवाह्न यज्ञ शुरू हुआ। यज्ञ आचार्य देवव्रत पांडेय ने कहा कि जहां राम नाम का जाप होता है, वहां से नकारात्मक शक्तियां अपने आप दूर हो जाती है और सकारात्मक का आगमन होता हैं। चैत्र शुक्ल पक्ष में राम नाम का जाप करने से भक्तजनों को शांति प्राप्ति होगी। सचिन कुमार आनंद ने कहा कि हम अपने सभी शुभ कार्य अपने पंचांग के द्वारा निर्धारित तिथि से ही करते हैं। उसी तरह नव वर्ष भी हम अपने पंचांग द्वारा निर्धारित तिथि विक्रम संवत को ही मनाना चाहिए।



उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को नए नगर भवन के जीर्णोद्धार काम का निरीक्षण किया।

## ऑटो चालक महासंघ ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**मेदिनीनगर।** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन एवं झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ द्वारा पलामू उपायुक्त के आवाहन पर चुनाव कार्य टेक्निकल प्रभारी राजीव कुमार के द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के प्रति परिवहन एवं अन्य क्षेत्रों में नागरिकों को अधिक से अधिक मतदान में भाग लेने एवं जागरूक बनाने हेतु पोस्टर ,पंपलेट, संवाद आदि के माध्यम से चियांकी, जोरकट, ललहे, पोल पोल, सतबरवा मुख्य बाजार एवं ऑटो स्टैंड, तुमागरा ऑटो स्टैंड आदि जगहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मजदूर नेता राकेश सिंह के नेतृत्व में तमाम परिवहन एवं ऑटो चालकों द्वारा ऑटो आदि वाहनों में पोस्टर चिपकाया ।

## मारवाड़ी युवा मंच ने गायों को गले में बांधा रेडियम बेल्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** जीव मित्रता दिवस और हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने सोमवार की रात बाजार क्षेत्र मदन मोहन रोड, सब्जी बाजार, स्टेशन रोड, नवकेतन सिनेमा रोड, सादिक मोड़ इन सभी क्षेत्र एवं सुबह पांकी रोड और बाईपास रोड क्षेत्र में एवं हाईवे में घूमती हुई गायों के गले में रेडियम बेल्ट बांधा । इस रेडियम बेल्ट से यह लाभ है कि रात में यदि गए रोड पर विचरण करती हैं तो दूर से ही रोशनी पड़ने वह चमकने लगता है और गायों को दुर्घटना से बचाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में प्रांतीय संयोजक विशाल महल का ने बताया कि आज हिंदू नव वर्ष के साथ ही साथ हम सभी जीव मित्रता दिवस मना रहे हैं। इसमें हम जीवो की रक्षा उनकी की देखभाल जैसे कार्यक्रम




कर रहे हैं । जैसे जानवरों और पक्षियों को पानी पिलाना उन्हें चारा देना इत्यादि। इस कार्यक्रम में दीपक नेमाला, अंकित तुलस्यान, हेमंत सोनी, राकेश सुरेखा ,पुनीत लाठ, श्याम पोद्दार, ज्ञानचंद भूत, नीरज कामदार, अरुण शंघाई, विमल उदयपुरी स्वरूप शंघई अध्यक्ष विकास उदयपुरी सचिव सज्जन शंघई कोषाध्यक्ष संदीप केजरीवाल ,उपाध्यक्ष आलोक पंसारी, प्रांतीय संयोजक विशाल महलका एवं अन्य कई सदस्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### शिव शक्ति मन्दिर में हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2081 मनाया गया

**पाटन।** किशुनपुर क्षेत्र में मोरया टॉड शिव शक्ति मन्दिर प्रागण में ऋत्विक समाज परिवार के सौजन्य से हिन्दू नववर्ष विक्रम संबत 2081 मनाई गई। बड़ी संख्या में हिंदुओं ने भाग लिया। ऋत्विक समाज के अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हिन्दू चैत्र प्रतिपदा हिन्दू संस्कृति नववर्ष के शुभारम्भ का महत्व है। सूर्योदय के साथ ही सृष्टि का युग का प्रारम्भ शुरू होता है। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही सभी ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी तथा तिलक लगाया । तथा वेद मन्त्र से परिवेश गुंजायमान हुआ। मौके पर ऋत्विक समाज के अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र द्विवेदी, विनोद उपाध्याय, शशिकांत दुबे, पंचायत समिति सदस्य संतोष उपाध्याय, बच्चन उपाध्याय, भूषण उपाध्याय, बबन दुबे सहित आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### शव के साथ ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन, प्रशासन के आश्वासन के बाद मामला शांत

# कैदी की मौत बाद भड़का लोगों का गुस्सा, दो घंटे तक सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के हत्याकांड के आरोपी अजय चौधरी की मौत के विरोध में मंगलवार को सुबह 7:30 बजे परिजनों और ग्रामीणों ने शाहपुर-चैनपुर मुख्य मार्ग को कोयल पुल के समीप जाम कर दिया गया। शव के साथ आक्रोशित लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों की मांग थी कि अजय चौधरी की मौत के जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाए। इस जाम की वजह से दर्जनों स्कूल बस जाम में फंस गए थे। आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया था। दोनो तरफ सैकड़ो वाहनों की लंबी कतार लग गई थी, जिसको इमरजेंसी था वे लोग नदी के रास्ते सड़क पार कर आ जा रहे थे। परिजनों का



आरोप है कि शनिवार को अजय चौधरी को पुलिस ने रिमांड पर लेकर उसके साथ मारपीट की थी। जिसकी वजह से उसकी मौत हुई गई. उन्होंने पुलिस पर अजय की हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं, पलामू पुलिस ने इससे इंकार किया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ करने के बाद अजय चौधरी को वापस जेल भेज दिया गया था। सांस की बीमारी के कारण उसकी तबीयत बिगड़ गयी।

### स्कूल बस में बैठे बच्चों को हुई परेशानी

इस घटना में करीब दो घंटे तक शाहपुर-चैनपुर मुख्य मार्ग जाम रहा। जाम की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम हटने के बाद भी जाम को क्लियर करने में ट्रैफिक पुलिस को कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। जाम की वजह से ज्यादा परेशानी स्कूल बस को करनी पड़ी। जाम के बाद भी पुलिस के द्वारा इमरजेंसी एंबुलेंस को रास्ता देकर सुरक्षित निकाला जा रहा था।

### अजय चौधरी के मौत की जांच हो रही है : प्रशिक्षु एसपी

मौके पर उपस्थित प्रशिक्षु एसपी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि मनोज चौधरी हत्या मामले में सुपरविजन किया जाएगा और जांच होगी। इसके उपरांत जिस व्यक्ति के प्रति साक्ष्य नहीं मिलेगा, उसका नाम इस केश से हटाया जायेगा और उसे दोषी नहीं ठहराया जाए। उन्होंने कहा कि अजय चौधरी की मौत के बाद परिजनों में आक्रोश था। उन्हें ऐसा लग रहा है कि पुलिस ने ही अजय की जान ली है, परंतु ऐसा नहीं है रिम्स में अजय के पोस्टमार्टम के दौरान पांच डॉक्टरो की टीम गठित की गई थी। उन्होंने कहा कि अजय चौधरी की मौत की जांच की जा रही है।

इसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करया गया था। पुलिस ने यह भी कहा कि सदर अस्पताल में उसकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ, तो अजय चौधरी को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स भेज दिया गया। रिम्स में ही इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। वहीं, अजय चौधरी के परिजनों का कहना था कि मनोज चौधरी की हत्या में जो व्यक्ति शामिल नहीं है। उसे भी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। परिजनों ने कहा कि मृतक अजय चौधरी के पिता नन्हक उर्फ सुरेश चौधरी बेकसूर है । उनका दूर दूर तक इस मामले से लेना देना नही है। इसके बाद प्रशिक्षु एसपी राकेश कुमार सिंह, डीएसपी मणि भूषण प्रसाद,शहर थाना प्रभारी देवब्रत पोद्दार और भाजपा नेता मनोज सिंह के आश्वासन के बाद सड़क को जाम से मुक्त कराया गया।

## चैत्र नवरात्र शुरू होते ही मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मेदिनीनगर।** चैत्र नवरात्र की शुरूआत होते ही शहर के काली मंदिर और देवी मंदिरों में पूजा-अर्चना का सिलसिला मंगलवार को जारी रहा। महिलाओं सहित अन्य लोगों ने मंगलवार को देवी मंदिरों में सुबह से पहुंचकर पूजा-अर्चना की और उपवास का व्रत रखा। शहर के देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में माता का मनोहारी श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई। देर रात्री तक देवी मंदिरों एवं घरों में भजन-कीर्तन किए गए। नौ दिन तक चलने वाले इस पर्व के दौरान हजारों की संख्या में भक्तों द्वारा उपवास रखा गया। मंदिर के पुजारी पंडित आशुतोष तिवारी ने बताया की चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा की गई। उन्होंने बताया कि शैलपुत्री हिमलाय की पुत्री हैं। मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजे से शुरू हो गया है। वहीं घट स्थापना सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। प्रथम दिन माता को फल का भोग लगाया गया।

## त्योहार को लेकर किसी तरह की अफवाह फैलाना कानून जुर्म है : एसडीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** सरहुल, ईद व रामनवमी पर्व को लेकर मंगलवार को विश्रामपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी की अध्यक्षता थाना प्रभारी सौरव चौबे व संचालन विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने की। बैठक में सरहुल, ईद व रामनवमी पर्व को आपसी भाईचारे के बीच मानने का निर्णय लिया गया। जुलूस को भी शांतिपूर्ण तरीके से निकालने का फैसला लिया गया। बतौर मुख्य अतिथि विश्रामपुर एसडीपीओ राकेश सिंह ने कहा कि समाज में समरसता कायम रहे सभी को मिलकर कार्य करना होगा। यह सबों की जिम्मेवारी भी बनता है। त्योहार को लेकर किसी तरह की अफवाह फैलाना कानूनन जुर्म है। किसी भी तरह का अफवाह न फैलाएं और न ही किसी अफवाह पर ध्यान दें। किसी भी तरह की सूचना हो तो पुलिस के साथ साझा करें। जिसपर विश्रामपुर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी सौरव चौबे ने कहा कि पर्व को लेकर क्षेत्र में पुलिस गश्ती बढ़ा दी गई है। असमाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी।

### गर्मी से लोग हलकान, पानी के लिए परेशान

## विभाग के 13 गैंग मैन शिकायत को दूर करने में लगे हैं : कार्यपालक अभियंता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बढ़ती गर्मी के साथ पलामू में लगे सरकारी चपाकल के खराब होने की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। औसतन प्रतिदिन अब 50 से 55 शिकायत जल विभाग को मिल रही है। यह शिकायत चापाकल के अचानक सूख जाने या चपाकल से पानी न निकलने की हो रही है। स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता रामेश्वर गुप्ता ने प्रेस को बताया कि इस गर्मी में प्रत्येक दिन 55 आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। जो सब चापाकल के खराब हो जाने से संबंधित है। उन्होंने



विस्तार से बताया कि चापाकल का खराब होने का सीधा मतलब है उसका पानी न देना इसके कई कारण हो सकते हैं। कार्यपालक अभियंता रामेश्वर गुप्ता ने बताया कि उनके विभाग में इस समय 13 गैंग मैन है जो इन शिकायत को दूर करने में लगे हैं यानी चपाकल को ठीक कर रहे हैं। पूरे पलामू जिले में 21367 चापाकल है। श्री गुप्ता ने बताया कि इतनी भारी संख्या में चंपा चल है पलामू एक रेन शैडो जिला है । जहां बरसात कम होती है और कभी-कभी तो बहुत कम होती है इसलिए भूमिगत पानी की समस्या है उन्होंने यह भी माना की 21367 सरकारी चापाकल में 10 प्रतिशत तो निश्चित रूप से हर दिन खराब रहती हैं। उन्होंने एक बताया कि जब वो पांकी की दौरे पर थे तो उन्होंने वहां एक स्टैंड पोस्ट को देखा जो सरकारी था। उससे पीने का पानी मिला करता उसमें एक दबंग व्यक्ति ने लंबा सा पाइप लगा दिया और उसके पानी को वह अपने पाइप से ले जाकर छोटी-मोटी बागवानी कर रहे थे । उन्होंने कहा कि यह इस समय एक अपराध माना जा सकता है। उन्होंने एक दूसरा उदाहरण दिया जब सड़क के किनारे लगे जलमीनार से जो राहगीर और यात्रियों के प्यास और पानी की आवश्यकता को पूरी करने की है उसे जलमीनार में पाइप लगाकर लोग अपनी दो पहिया वाहन को धो रहे हैं।

## भाई का रिश्ता विपत्ति बांटने के लिए होता है, संपत्ति नहीं: राकेश तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री रामचरित-मानस नवाह्न पाठ महायज्ञ 2024 का 13 वाँ अधिवेशन श्री रामजानकी मन्दिर सुआ-कौड़िया में चैत्र नवरात्र के मंगल बेला में नवरात्र कर रहे सभी धमार्नुरागी सज्जनों,माताएँ एवं बहनों के बीच धोती-साड़ी का वितरण आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी के द्वारा किया गया। आज से मानस पाठ शुरू हो गया। वाराणसी से चलकर कथा वाचक मानस प्रवक्ता प्रियंका पांडेय जी कथा संध्या काल से शुरू हो जाएगा। आज के मुख्य अथिति राकेश तिवारी जी ने कहा रामचरितमानस आत्मसात करने की जरूरत है। रामचरितमानस भाई से भाई का विपत्ति बांटने के लिए सिखाती है। आज के दौर में भाई-भाई संपत्ति के लिए लड़ रहे हैं..जबकी भाई को विपत्ति के समय साथ देना चाहिए। इस मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष छोटेलाल सिंह,उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह,सचिव लाल बहादुर साहू, उप सचिव देवेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष शिव शंकर सिंह, महामन्त्री सत्यनरायन कुमार,संघठन मंत्री अरुण कुमार ठाकुर, मुख्य पुजारी भुनेश्वर सिंह ट्रस्ट के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## हिन्दू नववर्ष पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रों ने निकाली प्रभातफेरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैत्रशुक्ल प्रतिपदा हिंदू नववर्ष शुरू होने के साथ ही हमीदगंज बीएन कॉलेज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की ओर से मंगलवार को शहर में प्रभात फेरी निकाली गई ।प्रभात फेरी का नेतृत्व प्राचार्य अंजनी सिन्हा कर रहे थे। वहीं प्रभात फेरी में स्कूल के प्रधानाचार्य शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रधानाचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा, आचार्य ऋषिकेश दुबे, राजू तिवारी, रितेश कुमार, वेद प्रकाश, अजीत वर्मा, हिमांशु चौबे,अनूप मिश्रा, अंजनी सिन्हा, सुशीला कुमारी, रंजना कुमारी, वंदना कुमारी के अलावे स्कूल के छात्र-छात्राएं मुख्य रूप से शामिल थे। प्रभात फेरी शहर के विभिन्न मुहल्लों से गुजरते हुए साहित्य समाज, भारत माता



चौक तक पहुंचा। प्रभातफेरी में एक ही नारा, एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम,अन्न जहां का हमने खाया, पानी जहां का हमने पीया के अलावे मां भारती के जयकारों के साथ कई नारे लगाएं जा रहे थे। हिंदू नव वर्ष के मौके पर निकले प्रभात फेरी की अगुवाई स्कूल के बैंड पार्टी का वेश धरे छात्रों द्वारा किया जा रहा था। कड़ी धूप के बावजूद छात्रों का उत्साह प्रभात फेरी में देखने को मिला। इस दौरान प्रभात फेरी शहर के जिन-जिन रूटों से हो कर गुजरी, उन रूटों पर लोगो के द्वारा छात्रों शिक्षकों के बीच पेयजल बिस्कुट, शरबत का वितरण किया जा रहा था। शहर भ्रमण के बाद विद्या मंदिर का प्रभात फेरी वापस स्कूल पहुंच कर समाप्त हुआ। मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने कहा कि पूरा भारत एक जनवरी को नववर्ष मनाता है, लेकिन हिंदु नववर्ष की शुरूआत मार्च के अंतिम सप्ताह के दिन जब चैत दुगार्पूजा की शुरूआत होती है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की तैयारी कई दिनों से की जा रही थी।इसमें कई लोगों को सहयोग मिला है। मौके पर सैकड़ो छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## रामनवमी व ईद उल फितर प्रेम सौहार्द व भाईचारा का पर्व है : एसआई

**मनातू।** थाना परिसर में दिन मंगलवार को रामनवमी पर्व व ईद उल फितर पर्व को लेकर दोनों समुदायों के बीच शांति समिति का बैठक किया गया। जिसका संचालन कर रहे एसआई संतोष कुमार गुप्ता ने दोनों समुदायों के बातों को बारी-बारी से सुनने व जानने का प्रयास किया। वहीं इस अवसर पर बताया कि दोनों समुदायों भाइयों का फर्ज बनता है कि शांति से पर्व को मनाएं क्योंकि यह प्रेम सौहार्द व भाईचारा का पर्व है। इसलिए दोनों समुदायों का फर्ज बनता है कि एक दूसरे को गले मिलकर शांति से मनाने का कार्य करें।

## स्वास्थ्यकर्मियों के पास रहेगा 12 दवाइयों से भरा बैग: कुंदन कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए इस बार मेडिकल प्लान में थोड़ा संशोधन किया गया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदान कर्मियों और सुरक्षा कर्मियों को 12 दवाइयां की एक ग्रिपर बैग दिया गया था। यह दवाइयां हर एक मतदान केंद्र पर एक स्वास्थ्य कर्मी के पास होगा। यह स्वास्थ्य कर्मी सामुदायिक, स्वास्थ्य अधिकारी, एएनएम, जीएनएम सहिया, एमपीडब्ल्यू इत्यादि में से कोई भी एक हो सकता है। यह सभी स्वास्थ्य कर्मियों और सहिया को इन दवाओं की जानकारी रहती है। पलामू जिले के लोकसभा सीट के लिए 1796 मतदान केंद्र है। इस तरह से हर एक मतदान केंद्र पर



एक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, एएनएम, जीएनएम ,सहिया ,एमपीडब्ल्यू इत्यादि में से कोई एक रहेगा जिनके पास यह दवाइयां होगी और जो मतदान कर्मी या सुरक्षा कर्मी को इन दवाइयां की आवश्यकता होगी ,उन्हें वह तत्काल देगा और उन्हें पानी और दवा खिलाने वक्त भी मौजूद रहेगा। यह दवाइयां जो 12 है उनमें से सबसे महत्वपूर्ण दवा हैओआरएस यह एक पाउडर होता है। यह दवा अगर शरीर से बहुत पसीना जाए या फिर बॉडी मे पानी की कमी हो जाए तो ओआरएस को खोल पी लेना है। इन 12 दवाइयां में गैस, एंटीबायोटिक, कटने-छटने पर सैवलोन, मरहम , रुई, बैंडेज पेरासिटामोल हैं। इसके अलावे अतिरिक्त उल्टी और दर्द की भी दवा है।इस नए प्रावधान और नए मेडिकल प्लान की पुष्टि कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी कुंदन कुमार ने की है। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था से हम दवाइयां को मतदान के खत्म होने के बाद बचा कर रख सकते हैं।

## सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान ने स्वर्वेद शोभायात्रा निकाली



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में मंगलवार को सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान के द्वारा स्वर्वेद शोभायात्रा निकाला गया। इस अवसर पर विहंगम योग संस्थान से जुड़े लोगों ने पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के अलावा हुसेनाबाद, छतरपुर,पांकी, पाटन, लेस्लीगंज नावा बाजार, पड़वा, विश्रामपुर एवं चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में स्वर्वेद शोभायात्रा निकाला। सदगुरुदेव की पूजा अर्चना करने के बाद भक्तजन स्वर्वेद एवं अ अंकित श्वेत ध्वजा लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए। इसका नेतृत्व विहंगम योग संस्थान के प्रदेश महामंत्री ललित कुमार सिंह कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय नववर्ष के अवसर पर संस्थान के द्वारा पूरे भारत में स्वर्वेद शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। शोभायात्रा शहीद चौक, छह मुहान, शहीद भगत सिंह चौक, कन्नी राम चौक,आढ़त रोड,जिला स्कूल चौक, प्रधान डाकघर रोड, सुभाष चौक, बेलवाटीका चौक, स्टेशन रोड होते हुए वापस हुआ। इसमें शामिल भक्तजन सदगुरुदेव का जयघोष करते हुए चल रहे थे। सदगुरुदेव की आरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इसे सफल बनाने में संस्थान के नंदलाल पासवान, ओमप्रकाश अग्रवाल, प्रधान संयोजक भानू प्रताप देव, रविंद्र श्रीवास्तव, विशुन देव मेहता, शंभू कुमार, शुभम, अभिषेक, रवि, अंकुर, विनीत, प्रमोद तिवारी, शांति पांडेय, सविता पाठक, योगमाया तिवारी, सुशीला सिंह, सूरज चौधरी, गायत्री देवी सहित कई सेवा प्रभारी सक्रिय थे।

## कार्यक्रम

### श्री राम जन्मोत्सव को लेकर कार्यक्रम आयोजित

# भगवान श्री राम समरसता व त्याग की प्रतिमूर्ति थे: दामोदर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मंगलवार सप्तमातृका मंदिर नवा टोली में भारतीय नववर्ष और श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही शृष्टि का निर्माण हुआ था। यह नव वर्ष मात्र हिंदू या भारत का नहीं, बल्कि, संपूर्ण ब्रह्मांड का नव वर्ष है। दुनिया का पहला मानव और पहली सभ्यता सनातन धर्मावलंबियों की ही थी। उन्होंने नव वर्ष के बधाई देते हुए राम जन्मोत्सव के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 14 अप्रैल को विश्व हिंदू परिषद के समरसता आयाम के द्वारा बाबा अंबेडकर जयंती की धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन बजरंग दल जिला संयोजक संदीप कुमार गुप्ता ने किया। नव वर्ष का महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिला संपर्क प्रमुख किशोर पांडेय, अधिवक्ता, ने सभी को नव वर्ष के बधाई दी और सभी उपस्थित कार्यकताओं को राम जन्मोत्सव कार्यक्रम ज्यादा से ज्यादा स्थान पर आयोजित करने हेतु अपील किया। सह मंत्री अमित तिवारी, विभाग संगठन मंत्री विजय यादव और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग महिला प्रमुख कुसुम और बलोपासना प्रमुख विकास कश्यप ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### संगठन का विस्तार भी किया गया

मौके पर संगठन का विस्तार भी किया गया। रूपेश कुमार को मेदिनी नगर के नगर बजरंग दल सह संयोजक, आनंद गुप्ता को वार्ड 24 के बजरंग दल सह संयोजक, संजीत कुमार को नगर सहसंयोजक, ऋषि कुमार को गौ रक्षा प्रमुख, छोटू कुमार को वार्ड बलो पासना प्रमुख, दीपक कुमार को विद्यार्थी प्रमुख, गोलू कुमार, विवेक कुमार, राजा कुमार और प्रत्यूष कुमार को वार्ड कार्य समिति सदस्य तथा करण कुमार को नगर साप्ताहिक मिलन प्रमुख, तथा प्रिंस कुमार को वार्ड नंबर 18 के बजरंग दल संयोजक, आकाश कश्यप को सह संयोजक, उत्तम सिंह को वार्ड गौ रक्षक और करण कुमार को वार्ड साप्ताहिक मिलन प्रमुख बनाया गया है। कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री विजय यादव, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप कुमार गुप्ता, प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, जिला सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी सहित सैंकड़ों कार्यकताओं की सहभागिता रही।

## एक नजर

### मेराल प्रखंड के प्रधान लिपिक पर कार्रवाई की मांग

**गढ़वा ।** मेराल प्रखंड के खोरिडीह पंचायत के वार्ड सदस्य संतोष राम ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मेराल प्रखंड के प्रधान सहायक सह नजीर सुनील कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाया है मुख्य निर्वाचन आयुक्त, गढ़वा डीसी, उप विकास आयुक्त, मेराल बीडीओ को आवेदन देते हुए एक ही प्रखंड में 12 वर्षों से रहने सहित विभिन्न योजनाओं में रिश्वत लेने का आरोप लगाया है साथ ही कहा कि पिछले दो-तीन साल से लेखा पंजी का अघटन नहीं है। एमबी बुक करने में प्रति एमबी 1500 की अवैध उगाही और प्रति मास्टर रोल ?1000 लिए जाते हैं। संतोष ने आवेदन में कहा कि सुनील 2012 से मेराल प्रखंड में स्थापित है। और लगातार अवैध उगाही कर रहे हैं। वार्ड सदस्य ने उक्त मामले में गंभीरता पूर्वक जांच करते हुए कार्रवाई करने की मांग किया है।

### लोहरदगा के नए पीडीजे अरविंद पांडेय ने लिया अपना चार्ज

**लोहरदगा।** लोहरदगा के 16वें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में अरविंद कुमार पांडेय ने अपना योगदान दिया । मॉर्निंग कोर्ट होने के कारण सुबह 7:00 बजे उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया एवं उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश जारी किए । इस संबंध में डालसा सचिव राजेश कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि 12:00 बजे से लेकर 12:30 तक प्रत्येक कोर्ट दिवस में प्रि सिटिंग कॉन्सिलिएशन के रूप में चेक विवाद संबंधित, बिजली संबंधित एवं अन्य सुलहनीय वादों से संबंधित विवादों का मध्यस्थ एवं न्यायिक पदाधिकारियों को लेकर बेंच का गठन किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा मामले आगामी लोक अदालत में सुलझ सके।



### चेचरिया के आवासीय कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर ।** झारखंड प्रदेश राजद तथा एकीकृत बिहार के वरिष्ठ विधायक रहे झारखंड के प्रथम ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो तथा पूर्व शिक्षक सह अधिवक्ता बैजनाथ प्रसाद के आकस्मिक निधन पर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुये पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने कहा कि लालचंद महतो जीवन भर पिछड़ों, दलितों, बहुजन समाज के नेता के रूप में आवाज बुलंद करते रहे। मौके पर शिवधारी राम, ओम प्रकाश गुप्ता, अश्विनी प्रसाद, कमला सिंह, सीताराम जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# निवर्तमान सांसद बीडी राम ने राष्ट्र की उन्नति के लिए मांगा वोट

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी।** भारतीय जनता पार्टी के पलामू लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम खरौंधी प्रखंड के कई गांवों का दौरा कर लोगों से मिलकर भारतीय जनता पार्टी के हाथों को मजबूत करने की अपील की और अपनी जीत के लिए आशीर्वाद मांगा, विष्णु दयाल राम ने खरौंधी प्रखंड के अमरोरा, खरौंधी बजरमरवा, करिवाडीह, सिसरी, अरंगी, कूपा चौरिया आदि कई गांव में घूम कर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों से मिलकर अपने किए गए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश को उन्नति एवं आगे बढ़ाने को लेकर एक बार फिर से भाजपा के हाथों को मजबूत करें ताकि भारत एक सशक्त राष्ट्र बन सकें। उन्होंने कहा कि हमने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में कई ऐसे कार्य किए जो सार्वजनिक हित में हैं। उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर से बजरमरवा उतर प्रदेश बॉर्डर तक फोरलेन की स्वीकृति सहित प्रखंड क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया। साथ ही हर गांव में नल जल योजना के तहत गरीबो के घर तक पानी पहुंचाने का काम किया है। निवर्तमान सांसद बीडी राम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की जो योजनाएं अधूरी रह गई हैं उसे अगले कार्यकाल में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी राष्ट्र के उन्नति के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए वोट करते हैं लेकिन इस बार भी सोच समझकर जरूर वोट करेंगे ताकि पलामू लोकसभा क्षेत्र में विकास हो सकें। उक्त मौके पर भाजपा नेता बसंत कुमार यादव,रामकृपाल द्विवेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, रामचंद्र, विनोद सिंह,बुद्धनाथ गुप्ता, राजेश शाह सुनील रोशन, सत्येंद्र प्रसाद यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य सहियाओं ने निकाली जागरूकता रैली

**भवनाथपुर ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वाधान में मंगलवार को स्वास्थ्य सहिया व सहिया साथी ने बिटीटी बृजमोहन राम के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से सहिया साथियों ने सच्चे मतदाता की एक ही पहचान, नगद, शराब या मुफ्त उपहार बिन करें मतदान आदि नारों के साथ लोगो को अ?धिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से शुरू हुई जो मुख्य मार्ग होते खरौंधी मोड़ से वापस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान बिटीटी बृजमोहन राम ने कहा कि आपका एक मत आपका भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वोट की बहुत ही ताकत होती है। इस मौके पर स्वास्थ्य साथी अमृता गुप्ता, आशा देवी, फुलपति, देवी, नीलम देवी, संगीता देवी, कुसुम देवी, अनीता देवी, पूनम देवी, इंदू देवी, सरिता देवी आदि उपस्थित थी।

## कलशयात्रा के साथ नवरात्र शुरू



**केतार।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मंगलवार को प्रखंड के सुप्रसिद्ध चतुर्भुजी मंदिर परसोडीह महामाया मंदिर और पाचाडुमर मां शायरी भगवती मंदिर से कलशयात्रा निकाली गई। चतुर्भुजी मंदिर से 108 कलश लेकर महिला-पुरूष श्रद्धालू गाजे-बाजे के साथ जय माता दी की जयघोष करते मुख्य बाजार होते हुए पंडा -ढाढरा नदी के संगम पर पहुंचे। जहां मंदिर के पुजारी ने विधिवत पूजा अर्चना और मंत्रोच्चार कर श्रद्धालुओं के कलश में जल भरवाया। पुनः श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचकर कलश को स्थापित किया गया।वहीं पाचाडुमर में मां शायरी भगवती मंदिर प्रांगण से श्रद्धालुओं ने कलश लेकर सोन नदी के तट पर पहुंचे और कलश में जल उठाकर पुनः मंदिर पहुंचकर कलश स्थापित किया। कलश स्थापना के साथ ही नवरात्र का विशेष पुजा पाठ शुरू हो गया। इस कलश यात्रा में प्रमुख चंद्रावती देवी, जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद और समाजसेवी पंकज सिंह भी शामिल रहे। इस मौके पर मंदिर विकास समिति अध्यक्ष मुखिया प्रमोद कुमार, सचिव हेमंत पाठक, त्रिपुरारी सिंह, राजू सिंह, पंकज कुमार, सुरेश प्रसाद, राजकुमार पाठक, ललू पाल, पाचाडुमर में मुखिया श्याम सुंदर बैठा, प्रदुम्न प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद, उदय प्रसाद सहित अन्य सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ओपा शिशु विद्या मंदिर में नववर्ष उत्सव मनाया गया




**लोहरदगा।** बालेश्वर प्रसाद अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओपा में नववर्ष 2081 हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय परिवार एवं समस्त भैया-बहनों द्वारा पथ संचलन कर जय घोष एवं जागरण गान का सामूहिक गायन करते हुए ग्राम भ्रमण किया गया। विद्यालय स्थल बजरंग नगर से प्रारंभ कर गांव के मध्य मार्ग से गुजरते हुए छोटकी चांपी तालाब से वापस आया। विद्यालय प्रांगण में राजा विक्रमादित्य के राज्यारोहण पर प्रारंभ काल गणना विक्रमादित्य संवत की जानकारी भैया -बहनों को दी गई। अध्यक्ष धनंजय प्रसाद अग्रवाल के द्वारा विक्रम संवत के प्रारंभ एवं चैत्र नवरात्र प्रतिपदा की शुभकामना एवं ब्रह्मा जी के सृष्टि रचना की जानकारी दी गई। मौके पर कोषाध्यक्ष शुभम मित्तल, सह प्रधानाचार्य आनंद साहू, आचार्य प्रमोद प्रसाद अग्रवाल, उपेंद्रनाथ साहदेव, अमित साहू, आचार्या रिया कुमारी, सोनी देवी, प्रिया मिंज उपस्थित थे।

## रामनवमी, ईद और सरहुल पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा ।** गढ़वा जिला में शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व सम्पन्न कराने को लेकर मंगलवार को नए समाहरणालय भवन के सभागार में उपायुक्त गढ़वा, शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय समेत जिला के अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यों के रूप में विभिन्न प्रखंडों से आए। जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व संपन्न कराने की बात कही गई। मौके पर उपस्थित शांति समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गई। साथ ही ईद एवं सरहुल पर्व को भी शांतिपूर्ण माहौल में आपसी भाईचारे से मनाने की बात कही गई। बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के सदस्यों ने एक-एक कर पूर्व के दिनों में मनाए गए त्योहारों की जानकारी दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी से सहयोग की अपेक्षा की बात कही। उन्होंने त्योहारों के दौरान कोई भी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर उसे प्रशासन को सूचित करने को कहा। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह से बचने एवं सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट आदि ना करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान प्रशासन के साइबर सेल द्वारा लगातार सोशल मीडिया पर किए जा रहे पोस्ट पर पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व की सभी को शुभकामनाएं देते हुए आपस में भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने का अपील की।

## स्वास्थ्य शिविर में 82 लोगों की हुई जांच




**लोहरदगा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लोहरदगा जिला सेवा विभाग के द्वारा वर्ष प्रतिपदा उत्सव के मौके पर सुदूर वनांचली पेशरार प्रखंड के चैनपुर गांव में कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा संचालित विकास भारती बिशनपुर के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 82 ग्रामीण वृद्ध महिला पुरुष एवं बच्चों का स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क औषधि वितरित किया गया। शिविर में डॉ प्रेम प्रकाश सिंह, एएनएम अंशु कुमारी, सीमा कुमारी, प्रबंधक प्रणव कुमार, पाठक अरुण राम, सुभाष उरांव, देवेंद्र मंडल, दीपक कुमार, संदीप तूरी आदि उपस्थित थे।

## प्लस टू उवि राजी के छात्र शैक्षणिक भ्रमण कर रेनुकूट लौटे

**खरौंधी।** प्लस टू उच्च विद्यालय राजी के छात्रों को व्यवसायिक भ्रमण दो सुरक्षित बसों से उतर प्रदेश के हिंडालको रेणुकूट ले जाया गया।राजी पंचायत की मुखिया रिंकू देवी एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमेश मेहता ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।शैक्षणिक भ्रमण से बच्चे काफी उत्साहित थे।भ्रमण प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में हुआ।प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह ने बताया की एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के दौरान रेनुकूट के हिंडाल्को, विडला मंदिर,कृष्णा मंदिर, हिंडाल्को डैम सहित आसपास के मनोरम दृश्यों से बच्चों को अवगत कराया गया।उन्होंने बताया की इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। ये भ्रमण विद्यार्थियों को अपने और दूसरे के अनुभव से सीखने का एक अच्छा अवसर देते हैं।जब विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर जाते हैं तो वे अपनी आंखों से प्रत्यक्ष रूप से देखकर किसी भी विषयवस्तु का वर्णन करने में सक्षम हो जाते हैं। उनके भ्रम और मिथ्या धारणाएं दूर होती है। उन्हें विविध जलवायु, वातावरण, विकास, इतिहास, संस्कृति, उद्योग, जगत के वास्तविक रूप से अवगत कराया गया।मौके पर शिक्षक देवाशीष कुमार चौबे, संतोष कुमार यादव, मोहम्मद मुनीम नजीर कुरैशी, लियाकत अली अंसारी व्यावसायिक शिक्षक अनुज प्रसाद यादव व्यावसायिक शिक्षक, सविता कुमारी , प्रतिमा कुमारी , घनश्याम शर्मा, शनेश पाल एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमेश मेहता सहित छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## केतार में अशोक हेयर कटिंग का शुभारंभ

**केतार।** केतार मुख्य बाजार में मंगलवार को अशोक हेयर कटिंग सैलून का शुभारंभ बलिगढ़. पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता और मुकुन्दपुर पंचायत के बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। इस अवसर पर प्रोपराइटर अशोक ठाकुर ने बताया की हमारे यहां हेयर डिजाइन, हेयर कटिंग, बालों की कलर सर्विस, फेशियल, और चेहरे की चमक बढ़ाने के लिए भी फेशियल कार्य किया जायेगा। मौके पर रमेश राम, प्रवेश ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## सीआरपीएफ 158 बटालियन में शौर्य दिवस मना



**लोहरदगा।** 158 बटालियन, सीआरपीएफ मुख्यालय में शौर्य दिवस मनाया गया। सीआरपीएफ शौर्य दिवस पर राहुल कुमार, कमाण्डेन्ट-158 बटालियन ने क्वार्टर गार्ड पर तैनात स्पेशल गार्ड की सलामी ली। कमाण्डेन्ट ने सभी जवानों एवं उनके परिवारजनों को सीआरपीएफ शौर्य दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कमाण्डेन्ट के साथ-साथ उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं जवानों ने उन सभी शूरवीरों जिन्होंने अपने प्राणो की आहुति देकर बल की परंपरा को बनाए रखा है उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। तत्पश्चात कमाण्डेन्ट ने क्वार्टर गार्ड की आगंतुक पुस्तिका में विशेष प्रविष्टि दर्ज की। इस अवसर पर शहीद शिव नारायण भगत की पत्नी गंगीया देवी को कमाण्डेन्ट महोदय द्वारा फूल गमला तथा शॉल उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में 158 बटालियन मुख्यालय में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया तथा संध्या में बटालियन के सभी मेसों में संयुक्त रूप से बड़े खाने का भी आयोजन किया गया जिसमें बटालियन के सभी अधिकारी/अधीनस्थ अधिकारी व जवान एक साथ सम्मिलित हुए।

## ब्रह्म विद्या से ही विसंगतियों का होगा नाश



**केतार।** भारतीय नववर्ष के अवसर पर विहंगम योग संस्थान के द्वारा केतार प्रखंड के ताली गांव में स्वर्वेद यात्रा निकाली गई। ताली गांव के पचपेड़ी स्कूल से यह यात्रा शुरू हुआ और गांव का पुरे गांव भ्रमण किया। इस अवसर पर जिला संयोजक जवाहर दुबे ने कहा की विश्व की समस्त समस्याओं एवं विसंगतियों का समूल नाश अध्यात्म विद्या से ही सम्भव है। विहंगम योग मानव कल्याण एवं विश्व में शांति का उद्देश्य को लेकर ब्रह्मविद्या का प्रसार कर रही है। आज सम्पूर्ण विश्व अशांत और भयाक्रांत है।इन तमाम प्रकार के समस्याओं का समाधान सिर्फ स्वर्वेद सद्ग्रंथ से ही सम्भव है।ऐसे स्थिति में ब्रह्मविद्या एवं स्वर्वेद के सिद्धांतों को अपनाने की आवश्यकता है। इस मौके पर दयानंद विश्वकर्मा,बैकुंठ साह, मनोरंजन प्रसाद, रघुनाथ पाल, संगीता देवी, श्वेता देवी,सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## दो दिन से एमडीएम बंद, विद्यालय पहुंचे बीईईओ, प्रेस से बात करने से किया मना



**रमना ।** सरकारी विद्यालयों में दिन व दिन शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है, जिससे विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति कम होते जा रहा और मध्यम वर्गीय लोग निजी विद्यालयों में अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए विवश है । सरकार द्वारा समुचित शिक्षा व्यस्था के लिए बजट बढ़ाया जा रहा है,लेकिन ये खर्च कहां जा रहे है कि विद्यालयों में समुचित शिक्षा का व्यवस्था नहीं हो पा रहा है, और शिक्षा स्तर निम्न से निम्नतर होते जा रहा है, और अविभावक सरकारी विद्यालयों में अपने बच्चों को पढ़ाने में रूचि नहीं ले रहे। गत दिन ही राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग-दो में वर्ग एक के विधार्थियों को वर्ग आठ के छात्रा कमरे को बंद कर पढ़ा रहे थे, और सहायक अध्यापक आराम फरमा रहे थे।इसकी खबर प्रमुखता से छपी थी, जिसका विभाग पर कोई असर नहीं हुआ। गत सोमवार और मंगलवार से इस विद्यालय में एमडीएम भी बंद है और सुबह का विद्यालय भी हो गया है बच्चे बीना भोजन किये और रबी फसल कटनी के कारण बच्चों के अभिभावक इसी कार्य में मजदूरी के लिए जाते है जिससे अधिकांश बच्चों को लंच नहीं मिल पाता, बच्चे खाली पेट ही विद्यालय आते है। दो दिनों से एमडीएम नहीं मिलने के कारण बच्चों में मायूसी दिखी, एमडीएम बंद होने कि बात बच्चों के द्वारा ही बताया गया। एमडीएम बंद होने कि सुचना पर राज्यकिय मध्य विद्यालय सिलिदाग दो गया जहाँ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय कुमार पाण्डेय, बिपिओ सुनीता कुजूर विद्यालय विद्यालय कार्यालय में प्रभारी शिक्षक से पूछ-ताछ कर रहे थे। जब उनसे बताये कि हम संवाददाता हैं तो बोले कि हम अभी बात नहीं कर सकते आप बाहर जाइये हम बाहर रुके इसके तुरंत बाद उठ कर अपनी निजी कार में बैठकर चले गये। इस सम्बन्ध में प्रभारी शिक्षक बताये कि विद्यालय जांच किये और गत तीन माह से एमडीएम बिल का भुगतान नहीं किया गया है। एमडीएम सामग्री वितरक के द्वारा सामग्री रोक दिया गया है। गत दो दिनों से बच्चों को एमडीएम नहीं मिल पाया हैं। फोन से बीईईओ से पुनः सम्पर्क किय तो एमडीएम के सम्बन्ध में बताये कि चालू हो गया।

## श्री रामलला मंदिर में नौ दिवसीय श्री रामनवमी महोत्सव का शुभारंभ



**गढ़वा।** भव्य और दिव्य कलश यात्रा के साथ श्रीरामलला मन्दिर में नौ दिवसीय श्री रामनवमी महोत्सव का शुभारंभ हो गया। श्री रामनवमी महोत्सव के पावन अवसर के प्रथम दिन श्रीराम लला मन्दिर प्रांगण से सुबह 9 बजे कलश यात्रा निकाली गयी। वृन्दावन श्री धाम से पधारे पण्डित श्री कृष्णकांत जी महाराज के आशीर्वाद और उनके नेतृत्व-निर्देशन में निकली गयी शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष भक्तगण शामिल हुए। मुख्य यजमान के रूप में समाजसेवी सह व्यवसायी दिलीप कमलापुरी, उनकी धर्मपत्नी सरिता देवी प्रधान कलश और श्री रामायण जी को सिर रखकर महाराज जी के साथ आगे-आगे चल रहे थे। बाजे-गाजे से साथ मन्दिर परिसर से निकली शोभा यात्रा सोनपुरवा मुख्य मार्ग से होते हुए शिव ढोंढा मन्दिर स्थित पवित्र तालाब तक पहुंची। वहां से जल लेकर भक्तगण मुख्य मार्ग होते हुए मन्दिर प्रांगण में पहुंचे। कलश स्थापना के बाद श्री रामचरित परायण महापाठ और प्रवचन का शुभारंभ हो गया। शोभा यात्रा में श्री रामलला मन्दिर समिति के उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह, सचिव धनन्जय सिंह, कोषाध्यक्ष धनन्जय गोंड, सह सचिव सत्यनारायण दुबे, कार्यालय मंत्री धनन्जय ठाकुर, सदस्य विकास दुबे भक्तगण उपस्थित थे।

## दुर्गा सप्तशती के श्लोक 'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता...' से गूंजा क्षेत्र

# जंगीपुर में कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र शुरू

**श्री बंशीधर नगर ।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना के साथ ही मां शक्ति की आराधना का नौ दिवसीय अनुष्ठान बुधवार से आरंभ हो गया। 9 अप्रैल दिन मंगलवार से शुरू हुआ और 17 अप्रैल को रामनवमी पर्व के साथ सम्पन होगा। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर जंगीपुर पेट्रोल पंप स्थित गायत्री शक्तिपीठ परिसर में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान या देवी सर्वभूतेषु गायत्री रूपेण संस्थिता.. नमस्तस्ए नमस्तस्ए नमस्तस्ए नमो नमः के साथ मातृशक्ति का आवाह्न नमन, वंदन किया गया। तत्पश्चात गायत्री परिवार के लोगों ने प्रतिदिन का जप भी किया। इसके बाद कलश स्थापना के साथ पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ नवरात्र शुरू हो गया। नवरात्र का महाअनुष्ठान शुरू होते ही सभी देवी मंदिर दुर्गा सप्तशती के श्लोक या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता.. से गूंज उठा। गायत्री शक्तिपीठ में सुबह 7:00 बजे से ही श्रद्धालुओं ने माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की आराधना और पूजा अर्चना किया। इसके पहले पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ सभी देवी स्थानों में कलश स्थापना और देवी का आवाहन एवं मंगल आरती की गई तथा घर परिवार में सुख शांति एवं देश में अमन चैन की कामना के साथ हवन कर आहुतियां डाली। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण कर पूजा पाठ संपन्न हुआ। इस मौके पर गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक अजीत चौबे ने बताया कि नवरात्र को लेकर मंदिर परिसर में कलश स्थापना के साथ आठ दिवसीय अनुष्ठान शुरू किया गया। वही नवरात्रि के दूसरे दिन माता के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी की आराधना और पूजा अर्चना की जाएगी। उन्होंने बताया कि सच्चिदानंद मां ब्रह्मचारिणी की प्राप्ति करना जिन का स्वभाव हो,वे माता ब्रह्मचारिणी है। यह देवी अपने दाएं हाथ में जप की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए रहती है। मौके पर जोखू प्रसाद, ललसू राम, अखौरी प्रसाद ज्योतिम, रवि प्रकाश अग्रवाल, शुभम जायसवाल, जोखू प्रसाद गुप्ता, सुरेश विश्वकर्मा, मीना देवी, लालो देवी,पूजा अग्रवाल, मिस्टी अग्रवाल,विंदा देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



## जेसीईआरटी की टीम ने जिला के 10 विद्यालयों का किया भ्रमण



**लोहरदगा।** झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी),रांची की ओर से उप निदेशक सुरेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम का लोहरदगा जिला भ्रमण का दूसरा व अंतिम दिन रहा। जेसीईआरटी, रांची की टीम ने जिला के 10 विद्यालयों के भ्रमण के पश्चात उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उप निदेशक, जेसीईआरटी, रांची ने लोहरदगा जिला के विद्यालय भ्रमण के प्रतिवेदन से उप विकास आयुक्त को अवगत कराया जिसमें विद्यालयों में आधारभूत संचरनाओं व सुविधाओं की स्थिति, परियोजना के क्रियान्वयन की स्थिति व प्रभाव, विद्यालयों में साफ-सफाई की स्थिति, पढ़ाई की गुणवत्ता आदि बिंदु शामिल हैं। उप निदेशक द्वारा जिला में भविष्य में किये जानेवाले कार्यों से अवगत कराया। इस मौके पर जेसीईआरटी, रांची की ओर से मध्याहन भोजन के स्टेट कोर्डिनेटर कमलेश तिवारी, डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर रविशंकर कुमार, लोहरदगा जिला की ओर से जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलिन टोप्पो, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आंबुज्य पाण्डेय समेत अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तीन युवकों को भेजा जेल

**चंदवा।** पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पहला मामला बैट्री चोरी से जुड़ा हुआ है। ज्ञात हो कि शिबाटोली स्थित बीएसएनएल एक्सचेंज ऑफिस से चोरों द्वारा लगभग 25 बैट्री की चोरी कर ली गई थी। उक्त मामले में पुलिस के द्वारा कांड सं 34/24 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।पुलिस अनुसंधान के दौरान पुलिस ने चोरी गई बैट्री के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार युवक आदित्य कुमार पिता बिनोद जयसवाल कुसुमटोली चंदवा निवासी को अग्रेतर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। वंही एक अन्य मामले में दो युवकों को पुलिस ने इंदिरा गांधी चौक के समीप से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान एकलव्य कुमार पिता विजय वर्मा कुसुमटोली चंदवा,विपिन कुमार पिता अखिलेश वर्मा थाना रोड लोहरदगा शामिल हैं। गिरफ्तार युवकों के पास से पुलिस ने आठ एमएम की पांच गोली समेत ढाई किलो गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार दोनों युवकों को कांड सं 37/24 के विभिन्न धाराओं के तहत जेल भेज दिया गया।

### स्वास्थ्य शिविर में गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग एक दर्जन गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। जांचोंपरांत जच्चा-बच्चा के सही देखभाल करने की सलाह दी गई। साथ ही खान-पान पर भी ध्यान देने की बात बताई गई। जांच डॉ. अंजली कुमारी भगत के द्वारा किया गया। मौके पर एएनएम विमला कुमारी, जीएनएम रिंकू कुमारी, फरमासिष्ट अनिल कुमार, सहिया साथी सुचिता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी भेजा गया जेल

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना कांड संख्या 61/2023 में फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी मो. अरशद 25 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। आरोपी हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत परसवां गांव निवासी मो. इसराइल का पुत्र है। गिरफ्तार युवक दुष्कर्म कांड का नामजद अभियुक्त है। आरोपी की गिरफ्तारी उसके घर से की गई। गिरफ्तारी करने में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के साथ पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार पांडेय व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# बालूमाथ थाना का सहायक पुलिसकर्मी दो दिनों से लापता

**मानवीय एवं तकनीक संसाधन उपयोग कर यथाशीघ्र मामले का होगा खुलासा : बालूमाथ एसडीपीओ**

**अंतिम मोबाइल लोकेशन आदर्श नगर मोहल्ले का बताया जा रहा है**

**सहायक पुलिसकर्मी की 26 अप्रैल को होनी है शादी**



**बालूमाथ ।** थाना में पदस्थापित सहायक पुलिसकर्मी जयराम कुमार बीते सोमवार से लापता है। लापता सहायक पुलिसकर्मी बालूमाथ थाना सीमा क्षेत्र सटे बारियातू थाना क्षेत्र के राजगुरु ग्राम निवासी आदित्य साव का बड़ा पुत्र है, जो सोमवार की सुबह ड्यूटी करने बालूमाथ थाना आया था। उसके बाद तबीयत खराब होने की स्थिति में दोपहर 12:00 बजे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंचा। इसके बाद वह बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर मोहल्ले में एक परिचित व्यक्ति के यहां चला गया। परिचित व्यक्ति के यहां भी उसकी खोज की गई। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। लापता सहायक पुलिसकर्मी जयराम कुमार ने दोपहर 12:00 बजे अपने भाई राम कुमार को कहा कि उसे ठीक नहीं लग रहा है, मैं घर आ रहा हूं। उसके बाद से ही उसका मोबाइल बंद बताने लगा। लापता सहायक पुलिसकर्मी का अंतिम मोबाइल लोकेशन बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर मोहल्ले के आसपास बता रहा है। वहीं लापता सहायक पुलिसकर्मी के भाई राम कुमार ने बालूमाथ थाना में अपने भाई के लापता हो जाने संबंधी शिकायत दर्ज कराया है। जिसके आधार पर बालूमाथ थाना पुलिस पूरे क्षेत्र में गहन खोजबीन के साथ-साथ सभी पहलुओं पर जांच प्रारंभ कर दिया है। इधर परिजन किसी अनहोनी घटना को लेकर चिंतित दिख रहे हैं और परिजन भी जयराम कुमार की खोज में लगे हुए हैं। इस मामले में सीडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने बतलाया कि सहायक पुलिसकर्मी जयराम कुमार को मानवीय एवं तकनीकी संसाधन का उपयोग कर खोजबीन की जा रही है। हर गतिविधि को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही लापता हो जाने संबंधी मामला सुलझ जाएगा। बता दें कि सहायक पुलिसकर्मी जयराम कुमार का 26 अप्रैल को शादी होनी है।

### गुमला के तेल गांव की 19 वर्षीया युवती तीन दिनों से लापता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के तेलगांव एक युवती सुभद्रा कुमारी उम्र लगभग 19 साल दिनांक 6 अप्रैल दिन शनिवार से लापता है।



युवती सुभद्रा कुमारी के माता कलावती देवी ने मंगलवार को गुमला जिला मुख्यालय स्थित संबंधित पदाधिकारियों के कार्यालय में लिखित आवेदन दे कर अपनी 19 साल की बेटी सुभद्रा कुमारी को खोजबीन कराने का गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार युवती अपने एक सहेली जो गुमला थाना क्षेत्र के बसुआ गांव की है, वो गुमला में मकान लेकर रहती थी। उसी के साथ दो दिन उसके रुम में थी।उ सके बाद दिनांक 4 अप्रैल को सुभद्रा कुमारी अपने घर तेलगांव चली गयी तथा दो दिन घर में रहने के बाद 6 अप्रैल को दिन में किसी को बिना बताए घर से निकल गई है जो अब तक घर वापस नहीं आई है। जिसे परिवार वाले काफी परेशान हैं।

## डीसी ने जनता दरबार में 16 फरियादियों की सुनी फरियाद



**लातेहार ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह ने साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन समाहरणालय स्थित कार्यालय में किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा।ज्ञात हो की आज के जनता दरबार में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से अबुआ आवास, नियोजन, जमीन विवाद, मुआवजा आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।बता दें कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन के लिए प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

### गारू में अवैध वृक्ष कटाई के विरुद्ध कार्रवाई

## वन विभाग ने जब्त किए 70 बोटा व तीन कटिंग मशीन



**गारू/लातेहार ।** मेदिनीनगर - महुआडाड़ मुख्य पथ रत्न-9 के ललमटिया, बारेसांढ, डेढ़गांव में मंगलवार को सड़क किनारे लगे लिप्ट्स के पांच पेड़ की पातन (कटाई) अवैध तरीके से कटिंग मशीन लगाकर दिन के उजाले में किया जा रहा था ।प्रभारी वन क्षेत्र पदाधिकारी तरुण कुमार को सूचना प्राप्त होने के बाद सूचना की पुष्टि के लिए उक्त स्थान पर छापामारी किया गया और वनकर्मियों ने पांच पेड़ के 70 बोटा, तीन कटिंग मशीन को जब्त कर ट्रैक्टर की सहायता से वन कार्यालय लाया गया।इस कारवाई से माफिया में हड़कंप मचा हुआ है। घटना के संबंध में रेंजर तरुण कुमार सिंह ने बतलाये की लड़कियों को जप्त कर ली गई है और इस मामले में जो भी लोग संलिप्त है उन पर वन अधिनियम के तहत अग्रसर कार्रवाई की जा रही है।

### राशन लेने आई महिला की हुई मौत

**कुंदा(चतरा)।** राशन लेने गई जिले के कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत लेवाड गांव निवासी 50 वर्षीय बसंती देवी पति झरि भुइंया अचान गिर गई। आस-पास मौजूद लोग कुछ समझ पाते तब तक महिला की मौत हो चूंकि थी। मिली जानकारी के अनुसार महिला बसंती देवी मंगलवार दोपहर में राशन लेने के लिए कुंदा पीडीएस दुकान पहुंची थी। दुकान से राशन लेकर महिला बाहर निकली और चबूतरा पर बैठी और अचानक गिर गई। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

### सीओ ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

**गिद्धौर (चतरा)।** अंचल अधिकारी राकेश सहाय ने मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड के मंझगांवा पंचायत अंतर्गत पिंडारकोण विद्यालय पहुंचे और मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। इस क्रम में मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधा के साथ भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय सचिव के साथ संबंधित बीएलओ को चुनाव से पहले शौचालय, पेयजल, बिजली, आवागमन, रैंप सहित अन्य सुविधा को दुरुस्त कर लेने का निर्देश दिया।

### नोनगांव नदी से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**पत्थलगड़ा(चतरा)।** जिले के पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नोनगांव नदी से मंगलवार को अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया। थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की नोनगांव नदी से अवैध बालू खनन कर ट्रैक्टर ढ़ोया जा रहा है। सूचना का सत्यापन करते हुए एसआइ अरविंद कुमार रविदास के नेतृत्व में छापेमारी करने नदी पहुंची तो पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़ भागने में सफल रहा।
वहीं ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। मामले को प्रार्थमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### ढेबादेरी में तीन मंदिरों में एक साथ प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**मयूरहंड(चतरा) ।** मयूरहंड प्रखंड के सोकी पंचायत अंतर्गत ढेबादेरी में मंगलवार को तीन मंदिरों में मां दुर्गा, हनुमान एवं विश्वकर्मा भगवान के एक साथ प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में कन्या समेत 31 सौ कलश यात्री शामिल हुए। कलश यात्रा यज्ञ मंडप से शुभारंभ हो कर गुरुवाडीह, चेरी, नवडीहा, सोकी समेत पंचायत के अन्य गांवों को भ्रमण करते हुए बडकरिया नदी उतरवाहिनी घाट पहुंची, जहां यज्ञाचार्य आकाश पांडेय ने वैदिक मंत्रोचार के साथ कलशों में गंगाजल भरावाया और यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। वहीं उपरौंध गांव में मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 175 कलश यात्रियों ने भाग लिया। ढेबादेरी व उपरौंध में आयोजित नौ दिवसीय यज्ञ की समाप्ति 17 अप्रैल को कन्या पूजन, भव्य भंडारे के साथ होगी।यज्ञ में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, समाजसेवी शिवकुमार, ईश्वरी मेहता समेत कई गणमान्य शामिल थे।

### गारू में स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

गारू /लातेहार । **गारू प्रखंड के** राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय कोटाम समेत विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली वीडियो के नेतृत्व में निकाली गई। रैली विद्यालय परिसर से निकाल कर मुख्य सड़क से होते हुवे गारू बाजार,बस स्टेण्ड से विद्यालय परिसर पहुंची। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में तख्ती लिए हुवे थे लोगों से वोट देने की अपील की ।सीओ सह बीडीओ संतोष कुमार बैठा ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए।

## सरहुल, ईद व रामनवमी को लेकर थाना परिसर में की गई शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू ।** थाना परिसर मे मंगलवार को सरहुल, ईद और रामनवमी पूजा को लेकर सीओ सह बीडीओ नंद कुमार राम के अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में अध्यक्षता कर रहे नंद कुमार राम ने सभी समुदाय के लोगों को शांति व्यवस्था व सद्भावना के साथ मनाने की अपील किया। प्राकृतिक का महापर्व सरहुल, रामनवमी व ईद त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील किया साथ ही कहा की प्रतिबंधित मांस का बिलकुल उपयोग नहीं करें। मांस पार्सल करते पकड़े जाने पर विधि संगत कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी राजा दिलावर ने कहा की रामनवमी और सरहुल मे डीजे बजाना प्रतिबन्ध रहेगा। कोई भी भड़काव गाना नहीं बजाएं। साम्प्रदायिक भड़काऊ जैसे पुराने वायरल वीडियो किसी वाट्सअप, फेसबुक ग्रुप मे पोस्ट करने पर प्रशासन को तुरंत सूचित करें तत्वरित कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, जिला परिषद सदस्य रमेश राम,प्रमुख उर्मिला देवी, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार, लालआशीष नाथ शाहदेव, गौतम सिंह, राकेश सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

## कोयला वाहन ने बाइक चालक को मारी जोरदार टक्कर, दो गंभीर रूप से घायल

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के तिलैया व चिरैया मोड़ के समीप मंगलवार को कोल वाहन ने फिर एक बाइक सवार को अपने चपेटे में ले लिया। जिसमें बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई व बाइक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक गांगपुर गांव निवासी हसनैन अली पिता आबिद अली व राहत अली का पुत्र अमन आलम है। राहगीरों ने सड़क दुर्घटना की सूचना पुलिस को दिया। तो सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता घटना स्थल पर पहुंचंकर दोनों को इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में कर लिया है। बताया गया कि दोनों युवक एक ही बाइक से गांगपुर से हजारीबाग की ओर जा रहे थे। इसी बीच कोल वाहन के चपेटे में आ गए।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

**बारियातु ।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लातेहार के निदेर्शानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना प्लस टु उच्च विद्यालय के सैंकडों छात्र छात्राओं ने रैली निकालकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और लोगो को मतदान के लिए जागरूक किया।

### नौ दिवसीय महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली गई कलश यात्रा

**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार को सात दिवसीय श्री सीताराम महायज्ञ सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा हेतु टंडवा प्रखंड क्षेत्र के खैल्हा में भव्य कलश सह शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान 1101 महिला-पुरुषों ने गाजे बाजे के साथ गगनभेदी जयकारे लगाते हुवे स्थानीय नदी के विष्णु चुंआ पहुंचे जहां विधिपूर्वक कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप पहुंचकर कलशों को स्थापित किया गया।

## स्वयंसेवक ने अपने परिवार के तीन लोगों के नाम से लिया अबुआ आवास

**नवीन मेल संवाददाता।**
**इटखोरी(चतरा)**

झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास में जिले के इटखोरी प्रखंड में जमकर लूट मचा हुआ है। सरकार ने जिनके पास पक्का मकान नहीं है, उनके लिए आवास बनाना सुनिश्चित किया है। सरकार की इस योजना का लाभ गरीबों तक पहुंचे इसके लिए राज्य सरकार के द्वारा पारदर्शी नियम बनाए गए हैं। परंतु गरीबों को इसका लाभ मिले या ना मिले मुखिया, पंचायत सचिव और स्वयं सेवकों के बल्ले बल्ले हैं। इधर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में अवैध पैसों की वसूली की सूचना है, तो कहीं जरूरतमंदों की अनदेखी करने की भी बात सामने आ रही है। इतना ही नहीं मुखिया पंचायत सचिव और स्वयंसेवक की मिली भगत से अपने चहेतों को भी लाभ पहुंचाने की बात खुलकर सामने आ आने लगी है। ताजा मामला इटखोरी प्रखंड के करनी पंचायत का है, जहां एक मामले में अबुआ आवास आवंटन के नाम पर पैसे लेने का मामला प्रकाश में आया है। तो दूसरी ओर करनी पंचायत के स्वयंसेवक के एक ही परिवार में तीन अबुआ आवास आवंटन किया गया है।

**बीडीओ ने कहा, संज्ञान में मामला आया है, जांच की जाएगी**

प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा ने इस मामले में पूछे जाने पर कहा कि मेरे संज्ञान में मामला आया है। एक ही परिवार में तीन-तीन अबुआ आवास आवंटन किया गया है। भुखन महतो के आवास निर्माण पर तत्काल रोक लगा दिया गया है। आगे जांच की जा रही है। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि एक ही परिवार में लोग अलग-अलग रहते हैं और गरीब हैं तो उन्हें आवास दिया जा सकता है।

**महिला ने मुखिया पति पर वसुली का लगाया है आरोप**

करनी गांव निवासी उमेश राणा की पत्नी ललिता देवी ने मुखिया पति संजय रजक पर आरोप लगाते हुए कहा है कि 15 हजार रुपये अबुआ आवास में एक नम्बर सूची में शामिल करने के नाम पर लिया गय है। लेकिन मेरा नाम सूची में नही आया है। महिला ने आगे कहा कि जब सूची में मेरा नाम नहीं आया तो पैसे मांगने लगे, तो उन्होंने आज कल कर 7 दिन तक परेशान करते रहे और पैसा नही दिया। उल्टा धमकी देने लगे। हालांकि इस मामले में महिला ने पूर्व में डीसी को एक आवेदन देखकर न्याय की गुहार लगाई थी।

**स्वयंसेवक के ही परिवार में तीन को किया दिया गया अवास**

करनी गांव में ही स्वयंसेवक कृष्णदेव दांगी की पत्नी गीता देवी, पिता भुखन महतो व भाई की पत्नी हेमंती देवी पति सुनील कुमार दांगी के नाम से अबुआ आवास आवंटित किया गया है।

## चतरा लोस सीट के प्रत्याशी दीपक एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे कुंदा



**नवीन मेल संवाददाता।**
**कुंदा(चतरा)**

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के चतरा लोकसभा प्रत्याशी दीपक गुप्ता एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को जिले के कुंदा व प्रतापपुर प्रखंड पहुंचे। इस दौरान कुंदा के जेएलकेएम/जेबीकेएसएस कार्यकताओं को माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान प्रत्याशी श्री गुप्ता ने सभी कार्यकताओं में उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि चतरा लोकसभा में इस बार नए पार्टी को जीत दर्ज करवाकर दिल्ली भेजना है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो की विचार धारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प ले। वहीं अन्य पार्टियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि 2024 चुनाव से पूर्व चतरा लोकसभा को चारागाह बना कर रखा था। कहीं से भी कोई प्रत्याशी आकर यहां चुनाव लड़कर जीत दर्ज करके चला जाता था। लेकिन जयराम महतो के लगातार तीन वर्षो के आंदोलन के कारण सभी क्षेत्रीय व राष्टीय पार्टियां स्थानीय उम्मीदवार की घोषणा कर रही हैं। इस बार सभी पार्टियों को नजरंदाज कर जेएलकेएम के उम्मीदवार को जिताने का संकल्प लें। दौरे में अनवर हुसैन, उमेश कुमार साहू, रंजीत राजेश महतो आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला**
**आम सूचना**

स्पेशल लोक अदालत
दिनांक 27 अप्रैल 2024 (शनिवार)
स्थान –व्यवहार न्यायालय परिसर, गुमला

नि:शुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झालसा, रांची के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), गुमला के प्रांगण में दिनांक 27.04.2024 को प्रात: 7.30 बजे से स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त स्पेशल लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामले का निष्पादन किया जायेगा :–
N.I.Act.U/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस) एवं बिजली से संबंधित वाद

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 7.00 बजे से दिन के 12:30 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला के कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला,
प्रधान जिला एवं सत्र जिला न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवाप्राधिकार, गुमला

PR 323677 Law(24-25)#D

**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar.**

very short Tender Notice
Tender Reference No. DWSD/LTR/MWSS-03/2024-25 Date – 09.04.2024

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वचछता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 15.04.2024 अपराहन 01:00 बजे तक। परिमाण विपत्र पेयजल एवं स्वचछता विभाग के विभागीय पोर्टल dwsd.jharkhnad.gov.in पर से Download किया जाना है। |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 16.04.2024 अपराहन 01:00 बजे तक। |
| 04 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 05 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 16.04.2024 अपराहन 03:00 बजे । |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

**Detail of work:-**

| Sl No | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Water Supply Scheme in ITI Campus Chandwa | 490280.00 | 10000.00 | 1250.00 | 15 days |
| 2 | Construction of Water Supply Scheme in CRPF Camp in Kinamar Latehar | 770465.00 | 16000.00 | 1250.00 | 15 days |
| 3 | Construction of Water Supply Scheme in CRPF Camp in Herhanj. | 770465.00 | 16000.00 | 1250.00 | 15 days |
| 4 | Construction of Water Supply Scheme in CRPF Camp in Serandag Herhanj Latehar. | 770465.00 | 16000.00 | 1250.00 | 15 days |
| 5 | Construction of Water Supply Scheme in CRPF Camp in Mnadal Barwadih. | 770465.00 | 16000.00 | 1250.00 | 15 days |
| 6 | Construction of Water Supply Scheme in CRPF Camp in Garu | 770465.00 | 16000.00 | 1250.00 | 15 days |
| 7 | Construction of Water Supply Scheme in CRPF Camp in Head Office 11 Bataliyan Block Coloney Latehar. | 770465.00 | 16000.00 | 1250.00 | 15 days |

नोट – यह निविदा आसन्न लोक सभा चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु निर्माण कार्य के लिए प्रकाशन किया जा रहा है।
1. Estimated Cost & EMD cost may Be Changed
2. Only Registerd Contractor in this Department Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar.

PR.NO.323696 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

# नववर्ष हमारे लिए प्रेरणादायी, यह खुशियों का सौगात लेकर आई है : सुरेश चंद्र पांडेय




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में नव वर्ष महोत्सव विक्रम संवत 2081 का भव्य आयोजन किया गया। प्रभात फेरी एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भारत माता की जय एवं नव वर्ष मंगलमय हो तथा वंदे मातरम के गगन भेदी नारों के साथ भैया बहनों का पद संचलन शारदा नगर मुख्य पथ होते हुए मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय प्रांगण के साथ संपन्न हुआ।प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा नव वर्ष हमारे लिए प्रेरणादाई है तथा यह खुशियों के सौगात को लेकर आई है। मौके पर महेंद्र कुमार मिश्रा, त्रिलोचन साहू, सुनीता कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, लक्ष्मी देवी, दीपिका कुमारी , गणेश साहू, अशोक प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, अशोक कु सिंह, रवि रंजन कु. उपाध्याय समेत सभी आचार्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### युवक को सांप ने डसा चल रहा इलाज

**गढ़वा ।** धुरकी थाना क्षेत्र के विशुनियां गांव निवासी राजेश यादव पिता स्व.घूरन यादव को सांप ने डस लिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि राजेश अपने खलिहान में रखे गेहूं के बोझा को उठाकर थ्रेसर में डाल रहा था। इस दौरान गेहूं के बोझा में छुपे बहिराजाड़ा सांप ने उसके दायां पैर में डस लिया। इसके बाद उसके स्वजनों ने अस्पताल में लाकर भर्ती कराया।

### करंट से किशोरी झुलसी, चल रहा इलाज

**गढ़वा ।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के हुरही गांव निवासी गोपाल साह की पुत्री राधिका कुमारी विद्युत करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि राधिका कुमारी अपने घर में ही मोबाइल चार्जिंग के लिए बोर्ड में लगा रही थी। इस दौरान शाट सर्किट के कारण वह झुलस गई। इस घटना के बाद स्वजनों ने उसे आनन फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत राधिका कुमारी की हालत स्थिर बनी हुई है।

### फूलकुंदी मेला की तैयारी को लेकर बैठक

**घाघरा ।** घाघरा हापामुनी में होने वाले फूलकुंदी मेला की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।इस आशय की जानकारी चुंदरी पंचायत के पूर्व उप मुखिया आदित्य भगत ने मंगलवार को दिन के साढ़े 3 बजे देते हुए बताया कि उक्त मेला 6 दिवसीय होगी। उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने का अपील भी समिति द्वारा किया गया। मौके पर संरक्षक अवध मनी पाठक, बिरसा उरांव, आदित्य भगत, महादेव उरांव, नीलेश मनी पाठक, अजीत मनी पाठक, प्रधान उरांव,नीरज साहू,अंगनू साहू, हरिश्चंद्र साहू,पवन लोहरा, मुकेश मनी पाठक, अनिकेत, धनेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### शांति आश्रम के ब्रह्मचारियों ने निकाली प्रभातफेरी




**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम द्वारा लोहरदगा में हिंदी नव वर्ष विक्रम संवत 2081 के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई। गुरुकुल के आचार्य शरदचंद्र आर्य की अगुवाई में गुरुकुल के ब्रम्हचारियो द्वारा वेद की ज्योति जलती रहे, नव वर्ष मंगलमय हो, विक्रम संवत अमर रहे, ओम का झंडा ऊंचा रहे आदि उदघोष से शांति नगर, किस्को मोड़, ब्लॉक कालोनी फिर वापस शांति आश्रम में समापन किया गया। आचार्य शरदचंद्र आर्य के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा विश्व कल्याण के लिए पूरे विधि विधान से आश्रम परिसर में हवन किया गया।

## विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में हिंदू नववर्ष मनाया गया



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में हर्ष उल्लास के साथ हिंदू नववर्ष व डॉक्टर हेडगेवार जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन और वंदना से की गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कविता कुमारी द्वारा किया गयो हिंदू नव वर्ष व डॉक्टर हेडगेवार जयंती के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता और शुभकामना पत्र निर्माण प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अटल जी के द्वारा लिखी हिंदू तन मन हिन्दू जीवन कविता का पाठ किया गया। शुभकामना निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पलक कुमारी, द्वितीय स्थान आकांक्षा पांडे व तृतीय स्थान अनिमा कुमारी ने प्राप्त कियो भाषण प्रतियोगिता में किरण कुमारी, नितेश उरांव व आकाशदीप मिंज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कियो विजेताओं को महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गयो प्राचार्य सुनील कुमार सिंह के द्वारा नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई और नव वर्ष से जुड़ी अतीत की महत्वपूर्ण बातें भी बताइ। भारत माता की जय के नारे लगाए गऐ कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, अर्चना कुमारी, सनोज कुमार साहू, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सही शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ चलाया छापामारी अभियान



**चैनपुर ।** जिले में आचार संहिता लागू है। इस दौरान चैनपुर थाना क्षेत्रों में उत्पाद विभाग की ओर से अवैध शराब के निर्माण और इसके बिक्री पर रोक लगाने को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।उत्पाद विभाग की टीम ने मंगलवार की अहले सुबह चैनपुर मुख्यालय क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर अवैध महुआ शराब की बिक्री के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया और कइ घरों से महुआ शराब को जप्त करते हुए कुछ धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है उत्पाद विभाग की टीम सर्वप्रथम चैनपुर के चर्च रॉड पंहुची जहां कुछ घरों में छापामारी की जिसके बाद अपकारी टीम कोनकेल पंहुची जहां घरों में छापामारी करते हुए महुआ शराब को जप्त किया.और जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया इधर अपकारी टीम के छापामारी से शराब विक्रेताओं में हड़कंप मचा हुआ है।

### नववर्ष पर सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

**चैनपुर ।** विक्रम सम्वत हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर मनोरमा सरस्वती शिशु मंदिर चैनपुर के भैया बहन विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रबंध समिति परिवार द्वारा भव्य रूप से घोष दल के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। जो विद्यालय परिसर से निकलकर पुरे का भ्रमण कर वापस स्कूल पहुंची। प्रभात फेरी में बच्चे भारत माता की जय, वन्दे मातरम, ईसवी सन नहीं विक्रम सम्वत हमारा है, आदि नारे लगा रहे थे। विश्व हिन्दू परिषद् के सदस्यों द्वारा प्रभात फेरी में शामिल सभी बच्चों को तिलक लगाकर सम्मान दिए। विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल कुमार ने कहा की प्राचीन गुप्त वंश के महान राजा विक्रमादित्य ने शंकों को पराजित कर भारत में विक्रम सम्वत की स्थापना की इसके अलावे कहा जाता है की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि का संचालन किये थे। इसी दिवस से नवरात्रों का पर्व शुरू होता है। इतना ही नहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलि राम हेडगेवार का जन्मदिवस भी है। भगवान रामचन्द्रजी का राजयभिषेक दिवस भी इसी दिन है। इसी दृष्टि से चैत्र प्रतिपदा का दिवस का काफी महत्व है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानचार्य बबूला कुमार,संगीता कुमारी दीदीजी समेत अन्य उपस्थित थे।

### हत्याकांड को अंजाम देने वाले दो दोषियों को आजीवन कारावास, 50 हजार का जुर्माना

**गुमला ।** गुमला व्यवहार न्यायालय गुमला के एडीजे प्रथम ( वन ) दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने , हत्या के दोनों अभियुक्त मुकुंद तुर्री और करमू तुर्री द्वारा डायन बिसाही के आरोप लगाकर, गुमला जिला अंतर्गत किता ग्राम निवासी मरसो देवी की निर्मम हत्या करने वालों ने मृतिका सहित उनके बहू बसन्त देवी को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया उक्त घटनास्थल से भागने में सफल रहे थे और बाद में उनकी गिरफ्तारी हुई थी। अदालत ने मुकुंद तुर्री और करमू तुर्री दोनों अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए , धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 50,000 ( पचास हजार ) रुपये का जुर्माना की सजा सुनाई गई हैं और अगर दोनों अभियुक्तों द्वारा उक्त जुमार्ने की राशि अदा नहीं की गई तो , दोनों अभियुक्तों को एक एक वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी, उक्त घटना 4 नवंबर 2013 की रात्रि की हैं।

## नववर्ष पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने शहर में निकली प्रभातफेरी



**गुमला ।** गुमला सनातन हिंदू धर्मावलंबी ने आज विक्रम संवत 2081 तदनुसार 09 अप्रैल 2024 हमारा नववर्ष भारतीय, नव वर्ष , मंगलमय हो मुझे गर्व है। अपनी संस्कृति पर एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई। हिंदू नव वर्ष पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने शहर में निकाली प्रभात फेरी। स्वर्णिम 50 वॉ वर्ष हमारे भारतीय कैलेंडर के अनुसार नए वर्ष का शुभारंभ प्रतिपदा के स्वरूप में हो चुका है।इस अवसर सरस्वती विद्या मंदिर पर प्लस टू उच्च विद्यालय डीएसपी रोड गुमला से आज विशाल प्रभात फेरी जुलूस निकाली गई। जिसमें भारत माता झांकी प्रस्तुत किया गया। जो आकर्षण का केंद्र बना रहा और सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू के भैया बहनों ने आकर्षक बैंड पर कदम ताल करते हुए नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो गुजरते हुए और गगन भेदी नारे से गूंज जिला मुख्यालय गुमला, भारत देश के अमर वीर शहीदों नहीं भूलेंगे आपकी कुर्बानी, नव वर्ष मंगलमय हो आदि नारे लगाते हुए अपने विद्यालय प्रांगण में पहुंचकर प्रभात फेरी समाप्त हुई ।

### आजसू पार्टी जिला कमेटी का हुआ विस्तार

**गढ़वा ।** आजसू पार्टी जिला कमेटी का विस्तार केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निदेर्शानुसार किया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों के लिए स्वागत समारोह का कार्यक्रम अस्थाई जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला प्रधान प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष विजय ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार का फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से गढ़वा जिले में जिला प्रधान सचिव का पद खाली था। अब गढ़वा जिला को एक नए जिला प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह के रूप में मिले हैं। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा, केंद्रीय सचिव चंपा देवी, केंद्रीय सदस्य संतोष केसरी केंद्रीय सदस्य नंदू ठाकुर जिला सचिव इंदल बैठा जिला सचिव लाल मोहम्मद अंसारी संजय शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## विहिप ने हनुमान मंदिर के प्रांगण में किया भंडारे का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर ।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कार्यकताओं के जन सहयोग से भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 600 से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभंडारा का प्रसाद ग्रहण किए।भंडारा का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष गौरव पांडे, युवा नेता विकास बल्लभ पांडे और मनोज सोनी ज्वेलर्स दुकान संयुक्त रूप से भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना के बाद भोग लगाकर प्रसाद स्वरूप खीर को श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण कर किया। भंडारा कार्यक्रम दोपहर 1:00 बजे से लेकर शाम 3:00 बजे तक अनवरत चलता रहा।जिसमें श्रद्धालु उमड़ते रहें। भंडारा कार्यक्रम में मुख्य रूप से बजरंग संयोजक उत्कर्ष जायसवाल, विकास कुमार, रोहित वर्मा, मंटू पासवान, बादल पासवान, निखिल कुमार तिवारी, ललित पासवान, अखिलेश कुमार, विजय जायसवाल, राहुल चंद्रवंशी, बादल आर्ट आदि ने अपना-अपना योगदान दिया।

## विहिप और बजरंग दल ने हिंदू नववर्ष पर किया रक्तदान शिविर आयोजित



**गुमला ।** गुमला जिला अन्तर्गत सामुदायिक भवन कामडारा में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान पर हिन्दू नववर्ष पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया और 9 अप्रैल से 24 अप्रैल तक होने वाले राम उत्सव कार्यक्रम का भी भव्य रूप से शुभारंभ किया गया कामडारा प्रखंड के सभी पंचायत में राम उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें लगभग 17 कार्यकताओं ने रक्तदान किया। जिसमें जिला सह संयोजक लायन मनीष सिंह, विहिप कामडारा अध्यक्ष राममोहन सिंह , बजरंग दल संयोजक मुकेश कुमार, सीता लोहरा, जयंत ठाकुर, टोनी सिंह, बिनोद कुमार,संदीप गुप्ता, राहुल कुमार साहू, हरिहर सिंह, शशिकांत साहू, शरद कुमार साहू, लोकेश सिंह, रामस्वरूप दास, सूरज सोनी, नरेश सिंह, विनायक दास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कामडारा अध्यक्ष एवं सह संयोजक राम मोहन साहु, अनिरुद्ध ठाकुर जी के कहा कि आज दुसरी बार कामडारा प्रखंड में संगठन के माध्यम से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें काफी संख्या में युवा पीढ़ी रक्तदान किया और एक महिला ने भी रक्तदान किया।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत स्काउट गाइड की छात्राओं ने की वॉल पेंटिंग



**लोहरदगा ।** लोकसभा चुनाव महापर्व को लेकर भारत स्काउट और गाइड के द्वारा स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का नियमित आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधीक्षक के निदेर्शानुसार लोहरदगा जिला के कैरो कुडू और भंडरा प्रखंड में वॉल पेंटिंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। भारत स्काउट और गाइड के जिला सचिव शैलेन्द्र कुमार सुमन और जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन की देखरेख में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी स्वीप कार्यक्रम में अपनी महत्ती भूमिका निभाने का काम कर रहे हैं। साथ ही अपने अभिभावकों माता पिता और रिश्तेदारों को भी 13 मई को अपने घरों में जाकर मतदान करने की अपील कर रहे हैं। वोट प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य पूरा करने का संकल्प जिला प्रशासन के साथ साथ भारत स्काउट और गाइड लोहरदगा ने भी ले रखा है। प्रखंड स्तर पर स्वीप के तहत भारत स्काउट और गाइड के कार्यक्रमों को सफल बनाने में कुडू सीआरपी परवेज आलम की अहम भूमिका निभाने का कार्य कर रहे हैं। जिला सचिव शैलेन्द्र कुमार सुमन ने कहा की 13 मई को हमें सबसे पहले मतदान करना है।

## घाघरा में चैती नवरात्र प्रारंभ, हिंदू नववर्ष पर निकाली गई शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा ।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय सहित कई मंदिरों में मंगलवार को कलश स्थापना के साथ चैती नवरात्रा की शुरूआत की गई। इस दौरान हापामुनि महामाया मंदिर व थाना चौक स्थित दुर्गा मंदिर सहित अन्य स्थानों पर कलश स्थापना कर नवरात्र पूजा की शुरूआत की गई। शोभायात्रा की शुरूआत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नवडीहा से शुरू होकर घाघरा ब्लॉक चौक,थाना चौक, चांदनी चौक होते हुए पुनः सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नवडीहा पहुंचा। ब्इस मौके पर मुख्य रूप से सुदर्शन कुमार, अमन कुमार, अर्श राज गुप्ता, ऋषभ बड़ाइक, अरुण जायसवाल, अरविंद जयसवाल, शिवम गुप्ता, जीवन सिंह, मोहित बड़ाइक, लकी कुमार, अनिकेत गोप, संतोष कुमार, आलोक कुमार, चंद्र प्रकाश सिन्हा, कुश गुप्ता, राहुल साहू, आकाश कुमार, प्रिंस कुमार, गौरव ठाकुर व पीयूष गुप्ता शहीत कई लोग उपस्थित रहे।

**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar**
**very short Tender Notice**
**Tender Reference No. DWSD/LTR/COM/TOILET-04/2024-25**
**Date – 09.04.2024**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वचछता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 15.04.2024 अपराहन 01:00 बजे तक। परिमाण विपत्र पेयजल एवं स्वचछता विभाग के विभागीय पोर्टल www.dwsd.jharkhand.gov.in पर से Download किया जाना है। |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 16.04.2024 अपराहन 01:00 बजे तक। |
| 04 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 05 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 16.04.2024 अपराहन 03:00 बजे । |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

**Detail of work; -**

| Sl No | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उ0म0 वि0 मेराल में सेनेटरी कॉम्पलेक्ष (षौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 2 | उ0म0वि0 फूलबसिया अलियास अमरवाडीह में सेनेटरी कॉम्पलेक्ष (षौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 3 | परियोजना+2 उच्च वि0 बारियातु में सेनेटरी कॉम्पलेक्ष (षौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 4 | उ0 उच्च विद्यालय सेरंगाड़ा में सेनेटरी कॉम्पलेक्ष (षौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 5 | उ0उच्च वि0 मुरपा में सेनेटरी कॉम्पलेक्ष (षौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 6 | उ0म0 वि0 सिरम भगेया में सेनेटरी कॉम्पलेक्ष (षौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 7 | रा0 म0 विद्यालय आन चेटर में सेनेटरी कॉम्पलेक्ष षौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 8 | रा0उ0 म0 वि0 चकला में सेनेटरी कॉम्पलेक्ष (षौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 9 | रा0म0 विद्यालय कामता में सेनेटरी कॉम्पलेक्ष (षौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 10 | उ0म0वि0 बोरसीदाग हुटाप में सेनेटरी कॉम्पलेक्ष (षौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 11 | रा0उ0 म0 वि0 काली डुमारो में सेनेटरी कॉम्पलेक्ष (षौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 12 | रा0म0वि0 बेतर नावाटाड़ बरवाटोली में सेनेटरी कॉम्पलेक्ष (षौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 13 | मध्य विद्यालय, सेमरबुढ़नी चैनपुर में सेनेटरी कॉम्पलेक्ष (षौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |

नोट– यह निविदा आसन्न लोक सभा चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु निर्माण कार्य के लिए प्रकाशन किया जा रहा है।

1. Estimated Cost & EMD cost may Be Changed
2. Only Registerd Contractor in this Department Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar.

PR 323695 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

## भारत माता और जय श्रीराम का लगा जयकारा

# हिंदू नववर्ष पर जयश्रीराम समिति ने निकाली शोभायात्रा




**लोहरदगा ।** हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत पर मंगलवार को जय श्री राम समिति के नेतृत्व में शहर के मुख्य मार्गो पर शोभा यात्रा निकाला गया। जय श्रीराम समिति के सदस्?यों के साथ कई हिन्दूवादी संगठनों ने भी इसमें हिस्सा लिया। शोभा यात्रा ललित नारायण स्टेडियम से निकली जो शहर के बरवा टोली चौक, मिशन चौक, महावीर चौक, अपर बाजार, शास्त्री चौक, थाना चौक, अमला टोली, सुभाष चौक, रेलवे साइडिंग, बाबा मठ, न्यू रोड होते हुए पुनः स्टेडियम परिसर पहुंच सम्पन्न हुई। इससे पूर्व स्टेडियम से भैरव सिंह की अगुवाई में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कराई गई थी। इस बीच पूरा शहर भगवा रंग में रंगा रहा। जुलूस में हजारों की संख्या में शामिल रामभक्त भगवा झंडा थामे और जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। जय श्री राम समिति द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा भारत माता की पूजन के साथ समाप्त हुआ। प्रशासन द्वारा जुलूस की ड्रोन से निगरानी की जा रही थी। भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। फिर भव्य भंडारा एवं भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इसमें महिलाएं बड़े बच्चे जमकर झूमे। मंच पर हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष संजय वर्मा,ऋषि नाथ साहदेव,भैरव सिंह,जय श्रीराम समिति के मुख्य संरक्षक रमेश उरांव, संरक्षक सुषमा सिंह, परमेश्वर साहू,राजीव रंजन, सुनील अग्रवाल,ओम महतो, दया शंकर, प्रदीप आदि उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ चैत्र नवरात्र



**कैरो / लोहरदगा ।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को चैत्र नवरात्र कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई।कैरो दुगार्बाड़ी से सैकड़ो महिला ,पुरुष एवं बच्चे कलश यात्रा के लिए पश्चिम दिशा स्थित नंदनी नदी जयकारों के साथ पहुँच कर प्रोहित कौशलकान्त त्रिपाठी के द्वारा विधिवत पूजन के पश्चात अपने- अपने कलश में जल भर कर पुनः दुगार्बाड़ी पहुँचे।कलश स्थापना के साथ मंगलवार से रामनवमी सह भरत मिलाप सोभा यात्रा कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ।आज से लागतार नव दिनों तक परायण पाठ किया जाएगा जिसका श्रवण रामभक्त करेंगे वंही नवमी व दशमी को मेला सह भरत मिलाप शोभा यात्रा को सफल शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर समिति अपने अपने कार्य का निर्वाहन करेंगे।

### हज ए उमरा के लिए गुमला शहर से कुल 7 महिला पुरुष मक्का के लिए हुए रवाना

**गुमला ।** स्थानीय मेन रोड 70 वर्षीय समाजसेवी पूर्व इदरिसीया पंचायत के सदर मोहम्मद लियाकत हुसैन तथा उनकी पत्नी सैरुन निशा, रेहाना खातून रजिया खातून, मोहम्मद रमजान एवं मोहम्मद रिजवान 7 व्यक्तियों को शहर वासियों, समाजसेविय, अंजुमन इस्लामिया गुमला तथा परिवार के लोगों ने हार माला पहनकर विदा किया जनाब लियाकत हुसैन के पुत्र मोहम्मद रागीब ने बताया कि हमारे परिवार से माता-पिता बहन बहनोई तथा भगना पाक सर जमीन मक्का शरीफ सऊदी अरब जा रहे हैं। इस मौके पर मोहम्मद तौहीद, तबरेज, रेहान, कैफ, आदिल, दानिश, आमिर, सुहेल, सबिया, राबिया, साहिबा, हुस्न आरा मोहम्मद मुस्लिम मोहम्मद तबरेज अब्दुल मन्नान मोहम्मद वारिस शोएब आलम मरियम नजमा खातून मोहम्मद लड्डन बाबू इनफ आदि लोग शामिल थे।

## एक नजर

### महुआ चुनने के दौरान दो गोतनी में मारपीट दोनों घायल

**भरकट्टा।** ओपीबिरनी थाना के भरकट्टा ओपी के पडरमनिया गाँव मे मंगलवार को सगी गोतनी में हुई मारपीट में दोनों गोतनी घायल हो गई। घायल महिलाओं की पहचान हासिम अन्सारी की पत्नी बसिरन खातून वा रुस्तम अन्सारी की पत्नी रजिया खातून के रूप में हुई है। दोनों गोटनिबकी मामूली चोटें आई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि दोनों गोतनी घर के बगल में महुआ चुनने गई थी। जिसके बाद किसी बात को लेकर दोनो में कहासुनी के साथ मारपीट हो गई।

### 19 वर्षीय युवक की मिली लाश, गला रेतकर हत्या करने की आशंका

**चांडिल।** चांडिल थाना क्षेत्र में हत्या का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. सोमवार की रात भी धारदार हथियार से गला रेत कर एक युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है. चांडिल थाना क्षेत्र के चैनपुर में मंगलवार को एक युवक की लाश बरामद किया है. युवक की लाश उसके घर से करीब आधा किलोमीटर दूर सुनसान जगह पर मिली है. मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने सुनसान जगह पर युवक की लाश देखी तो इसकी सूचना तत्काल उसके घर वालों के साथ चांडिल थाना की पुलिस को दी.घटना की सूचना मिलते ही चांडिल थाना की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की कैद

**धनबाद।** नाबालिग से दुष्कर्म के एक मामले में अदालत ने मंगलवार को अपना फैसला सुनाया. धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी सहाना खरखरी निवासी राकेश महतो को बीस वर्ष की कैद और 15 हजार रुपये जुमार्ने से दंडित किया. पीड़िता की मां की शिकायत पर मधुबन थाने मे सात अप्रैल 2022 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 31 मार्च 2022 को पीड़िता कपड़ा सिलवाने की बात कह कर घर से निकली, लेकिन शाम तक वापस नहीं आई।

---

**नैतिक मतदान के लिए दिलाई गई शपथ**

# वोटर अवेयरनेस फोरम के माध्यम से मतदान के महत्व की दी गई जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता हेतु जन जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज स्वीप कोषांग की टीम द्वारा मतदाता हेतु जन जागरूकता अभियान के उद्देश्य से ओपी प्लस स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड, मोहनपुर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्थानों में भी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न संस्थानों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन कर मतदाताओं को मतदान के महत्व की दी गई जानकारी। इस अवसर पर आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

**गावां थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न**

## प्रशासन ने त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गावां थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से एसआई पिंकु कुमार सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह, प्रभारी कृषि पदाधिकारी प्रदीप राम उपस्थित थे। बैठक में ईद व रामनवमी त्योहार को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने पर चर्चा की गई। बैठक में पंचायतवार त्योहार के अवसर पर होनेवाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बताया गया कि सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए कमिटी का गठन किया गया है। किसी प्रकार से त्योहार के अवसर पर गड़बड़ी करनेवालों की सूचना प्रशासन को दें।

---

## न्यूज बॉक्स

### ककनी में राधा कृष्ण एवं हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर कलश यात्रा



**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड अंतर्गत सिंघो के ककनी में राधा कृष्ण एवं हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह उद्घाटन कार्यक्रम की शुरूआत मंगलवार से हो चुकी है। इसी को लेकर मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 851 महिला व युवतियों ने मंदिर प्रांगण से माथे पर कलश लेकर गाजे बाजे के साथ घाघरा, मुसहरिया, धोवापाट से सिंघो होते हुए गुमगी सकरी नदी के तट पर पहुंची जहाँ पंडितों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात कलशों में जल भरा गया। जिसके बाद यह यात्रा ककनी होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंच कर समाप्त हुई। इस दौरान जय श्री राम, जय श्री कृष्ण, राधे - राधे,जय हनुमान आदि नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। बताया गया कि राधा कृष्ण एवं हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह उद्घाटन समारोह को लेकर 9 दिनों तक यज्ञ व पूजन कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें 9 अप्रैल को कलश यात्रा व प्रसाद वितरण से प्रारम्भ होकर 17 अप्रैल को पूणार्हुति व भंडारे के साथ यज्ञ का समापन हो जायेगा। यज्ञाचार्य पंडित बिनोद उपाध्याय व पुरोहित मनोज पाण्डेय द्वारा 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक दैनिक पूजन व 15 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। इसके साथ ही वृंदावन से चलकर आई कथावाचिका बाल किशोरी हिमानी शास्त्री व प्रवक्ता पंडित मनीष कृष्ण शास्त्री द्वारा 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक रात्रि में कथा ओर प्रवचन भी किया जायेगा। पूजन व यज्ञ कार्यक्रम में यजमान के रूप में अजय बर्णवाल उनकी पत्नी स्वेता कुमारी, बाबूलाल विश्वकर्मा उनकी पत्नी यशोदा देवी और राजेश यादव उनकी पत्नी नीतू देवी ने भाग लिया है। इस दौरान जिप सदस्य रामकुमार राउत सिंघो मुखिया मो. हासिमुद्दीन, अध्यक्ष कपिलदेव शर्मा,सचिव मोहन यादव, कोषाध्यक्ष संजय बर्णनवाल, कर्मवीर यादव , अनील शर्मा, अनील यादव, संजय यादव, रवि यादव, मुकेश यादव राजेश यादव, चन्दन शर्मा, पंकज यादव आदि मौजूद थे।

### हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर तिसरी में निकाली गई बाइक रैली



**गिरिडीह।** हिन्दू नववर्ष को लेकर मंगलवार को तिसरी में विशाल शोभा यात्रा व बाईक रैली निकाली गई। जिसमें सैकड़ों सनातनियों ने हाथों में भगवा ध्वज लिए, जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। यह बाईक रैली तिसरी मुख्यालय स्थिति गाँधी मैदान से निकलकर सर्वप्रथम हनुमान मंदिर प्रांगण पहुंची। जहां सभी ने मत्था टेका, जिसके पश्चात यह रैली खिजुरी जाकर वापस आई। जिसके बाद मुख्यालय से कोदईबांक होते हुए बेलवाना फिर चंदौरी पहुंची। जहाँ रैली में शामिल लोगों के लिए स्थानीय लोगों द्वारा खीर की व्यवस्था की गई थी। जिसके पश्चात यह रैली पलमरुआ होते हुए लोकाय,सिंघो, गुमगी, सेवाढाब होते हुए बरवाडीह पहुंची जहाँ स्थानीय लोगों द्वारा खाने की व्यवस्था की गई थी। जिसके बाद लक्ष्मीपुर, भंडारी होते हुए यह रैली वापस तिसरी मुख्यालय आकर समाप्त हो गई। इस दौरान विधि व्यवस्था के मध्य नजर तिसरी पुलिस भी पूरी तरह मुस्तैद दिखी।

---

# नौ दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर चार गांवों में निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बिरनी प्रखण्ड के मरकोडीह, पन्दनाकला, बाराडीह, गोरडीह समेत चार अलग-अलग गाँवों में मंगलवार को नौ दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई । जिसमें मरकोडीह,गोरडीह में नौ दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा तथा बाराडीह में श्री सहस्त्र चंडी महायज्ञ सह देवी प्राण-प्रतिष्ठा तथा पन्दनाकला में शिव प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ कलश यात्रा के साथ मंगलवार से प्रारम्भ हुई । कलश यात्रा चारों गाँवों से अलग-अलग जलाशय पहुँचकर मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल को भरा गया । कलश यात्रा मंगलवार सुबह लगभग 7-9 बजे के बीच चारों गाँवों में ध्वनि यन्त्र के साथ कलश यात्रा निकालकर कलश यात्री जलाशय पर पहुँचे । मरकोडीह से कर्री उत्तरवाहिनीं नदी तथा पन्दनाकला से उत्तरवाहिनीं बराकर नदी राजदह धाम तथा गोरडीह से दासोडीह इरगा नदी एवं बाराडीह से बराकर नदी नावाघाट पहुंचकर जल को भरा गया । कलश यात्री एवं श्रद्धालुओं ने पीले एवं भगवा वस्त्र धारण कर कलश यात्रा में भाग लिया । मरकोडीह महायज्ञ में उपस्थित यज्ञाचार्य एवं साधु-सनटॉन की टोली के साथ भव्य झाँकी रथ पर सवार होकर जलाशय तक पहुँचे ।मरकोडीह में 1500 तथा पन्दनाकला,बाराडीह एवं गोरडीह से पाँच-पाँच सौ कलश यात्रियों ने भाग लिया । कलश यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र भगवामय एवं जय श्रीराम के नारों से राममय हो गया ।

---

## प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह ने धनवार प्रखंड क्षेत्र में चलाया सघन जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
इंडिया गठबंधन के कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह द्वारा धनवार प्रखंड क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जगह-जगह ग्रामीणों के साथ बैठक कर वे उनकी समस्याओं से अवगत हुए और समाधान के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करने का अवसर मांगा। खोरीमहुआ, चित्तरडीह, डोमायडीह, कृपालपुर, सिरे, डोरंडा, बल्हारा, गोदोडीह, मोदीडीह आदि गांवों में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि आपने महंगाई और बेरोजगार के खिलाफ तथा क्षेत्र के विकास के लिए मोदीजी को वोट दिया था। लेकिन ना ही मोदीजी आप से मिले और न ही आप उनसे मिल पाए। आपके जनप्रतिनिधि ने आपकी आवाज भी वहां तक नही पहुंचाई। महंगाई चरम पर है। रोजगार के नाम पर सहिया दीदी, पोषण सखी, जल-सहिया, किसान मित्र आदि की पांच सौ और एक हजार रुपये में बहाली होती है।

---

## भाकपा माले ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
आगामी 13 अप्रैल के जन कन्वेंशन को लेकर जिला परिषद भाग संख्या 18 से माले नेता कयूम अंसारी के नेतृत्व में जन संपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान के दौरान केंदुआ, ओरखार, टुंगरुडीह, नावाडीह, गांधी पंचायत अंतर्गत सिंगारडीह, भिखोडीह, धोबिया सिंगा, साथ ही बरजो पंचायत गिरिडीह पंचायत और सापा मारण पंचायत के लोकल कमेटी की बैठक कर 13 अप्रैल को धनवार प्रखंड के चुंजखो के रेनिटांड मदरसा मोड़ के पास होने वाले जैन कन्वेंशन को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कन्वेंशन का मुख्य मुद्दा 2024 में को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह के पक्ष में मतदान करने को लेकर संपर्क अभियान चलाया गया।

---

# हिंदू नव वर्ष के प्रारंभ दिवस पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा ने निकाली प्रभात फेरी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
हिंदू नव वर्ष के प्रारंभ दिवस पर मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा से प्रभात फेरी निकाली गई। परंपरागत घोष के साथ प्रधानाचार्य आनंद कमल के नेतृत्व में यह संचलन नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस विद्यालय पहुंची। इस दौरान भैया बहन सनातन धर्म ध्वज लेकर नववर्ष मंगलमय हो, भारत माता की जय, डॉ हेडगेवार अमर रहे, विक्रमादित्य अमर रहे, वंदे मातरम आदि नारों का जय घोष करते कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। वहीं मार्ग में बच्चों के लिए बरनवाल सेवा समिति,बरनवाल महिला समिति, राष्ट्रीय कायस्थ परिवार एवं विक्रमादित्य क्लासेस की ओर से मार्ग में पुष्प वृष्टि, फ्रूटी, बिस्कुट, पेयजल आदि की व्यवस्था की गई थी। प्रधानाचार्य ने नगरवासियों को नववर्ष की शुभकामना देते हुए कहा कि हमारा नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता है। इसका ऐतिहासिक महत्व और अध्यात्म से है।

---

## सार्जेन्ट ने अभिनंदन सिंह पर लगाया सरकारी जमीन अतिक्रमण का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
सार्जेन्ट निखिल कुमार (रिटायर्ड) पत्रकारों से मुखातिब होते हुए बताया कि वो समस्त जनता को आश्वस्त करते हुए कहना चाहते हैं कि यदि उनके द्वारा एक इंच भी सरकारी गैर - मजूरवा जमीन अतिक्रमण किया गया है। तो अंचल अधिकारी जाँच कर ले, यदि जाँच में वह दोषी पाए जाते हैं तो वह स्वतः जमीन खाली कर देंगे। साथी उन्होंने यह भी बताया कि 06 नवंबर 23 को अंचल अधिकारी सरिया के द्वारा नापी व सीमांकन करवाये जाने पर अभिनंदन सिंह उर्फ शंकर सिंह पिता स्व दीपलाल सिंह निवासी छत्रबाद, प्रखंड अध्यक्ष सरिया, कांग्रेस व बीस सूत्री कार्यक्रम गिरीडीह के उपाध्यक्ष सर्वे सड़क अतिक्रमण के दोषी पाए गए। फिर अभी तक इन्होंने क्यो नही खाली किये है या कब तक खाली करेंगे? जनता पूछती है। अंचल अधिकारी सुनीता कुमारी के कार्यकाल में भी नापी हुआ था।

### अभिनंदन सिंह कर रहे जनता को गुमराह

उन्होंने बताया कि अभिनंदन सिंह जनता को गुमराह करने का काम पिछले 30 वर्षों से कर रहे है।अब भी वही घटिया चाल चलने की नाकाम कोशिश है।

### अंचल अधिकारी आखिर किस दबाव के कारण है मौन

इधर अंचल अधिकारी सरिया संतोष कुमार आखिर अंचल अधिकारी सर्वे सड़क अतिक्रमण पर कब तक कारवाई करेंगे? इस पर भी सवालिया निशान उठाया है।

---

# न्यू डिवाइन पब्लिक स्कूल ने मनाया वार्षिक महोत्सव

**स्कूली बच्चों ने नागपुरी गाने व शिक्षाप्रद कहानी पर नाट्य कर लोगों का मोहा मन**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरीडीह सरिया नगर पंचायत में स्थित न्यू डिवाइन पब्लिक स्कूल ने विद्यालय का वार्षिक उत्सव बड़ा ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सरिया जीप सदस्य अनूप पांडेय एवम भाजपा नेत्री रजनी कौर उपस्थित हुए। विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत शुरूवात दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने गणेश वंदना एवम स्वागत गीत से दर्शकों का अभिवादन किया। वंही मुख्य अतिथि अनूप पांडेय ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छात्रों के जीवन मे किताबी ज्ञान के साथ सांस्कृतिक ज्ञान देना सिलेबस का मुख्य हिस्सा होता हैं इससे बच्चों के अंदर छुपे प्रतिभा सामने आती हैं जंहा से ये मूल्यांकन किया जा सकता हैं की बच्चे की रुचि किस ओर हैं।

इन्होंने विद्यालय के निदेशक प्रधानाध्यपक ओर सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया। वंही भाजपा नेत्री रजनी कौर ने बताया कि शिक्षा वो शस्त्र हैं जिसे हर जंग जीता जा सकता हैं कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने अपने ज्ञान से विश्व को चौकाया था जिन्होंने विष्व को ये ज्ञान दिया कि जब तक अपनी लक्ष्य को हासिल नही करों तब तक नही रुको। इन्होंने कहा कि जिस प्रकार से विद्यालय के शिक्षक आपके बच्चों को शिक्षित करने के लिए मेहनत करते हैं ये तभी शम्भव हो सकेगा जब घर मे आपसभी बच्चों पर ध्यान देंगे। विद्यालय के प्रधानध्यापक विकास कुमार ने बताया कि हमारे शिक्षक की टोली बच्चों को शिक्षित और सही मार्गदर्शन के लिए मेहनत कर रहे हैं ।

---

## नाबालिग युवती ने चचेरे नाबालिग भाई पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**किरीबुरु।** नाबालिग युवती (14-15 वर्ष) ने अपने चचेरे नाबालिग भाई (17 वर्ष) के खिलाफ बलात्कार कर गर्भवती करने का आरोप लगाया. यह मामला किरीबुरु थाना अन्तर्गत सारंडा के सुदूरवर्ती गांव का है. उक्त गांव की महिला समूह की महिलाएं पीड़िता व आरोपी युवक दोनों के परिवार के सदस्यों के साथ किरीबुरु थाना लाई. वहां पुलिस नाबालिग युवती व नाबालिग युवक से अलग-अलग पूछताछ कर रही है. पीड़िता के पेट में 8 माह का गर्भ है.नाबालिग युवती ने बताया की वह छोटी उम्र में हीं गरीबी की वजह से ओडिसा के एक परिवार के घर जाकर घरेलू कार्य कर रही थी. बीते रक्षाबंधन में वह अपने घर आयी थी. घर में सुबह वह आरोपी चचेरा भाई को राखी बांधी।

---

## तीन माह से वेतन नहीं मिलने से मजदूरों ने दोदारी डब्ल्यूटीपी में काम किया बंद

**नवीन मेल संवाददाता। किरीबुरु**
दोदारी गांव स्थित जलापूर्ति योजना सह डब्लूटीपी से गंगदा पंचायत के गांवों में पिछले तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से ठप होने की वजह से इस भीषण गर्मी में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है. बीते 7 अप्रैल की दोपहर लगभग एक बजे से इस डब्लूटीपी से पूरे पंचायत के गांवों में पेयजल आपूर्ति ठप है. पेयजल आपूर्ति ठप होने का मुख्य वजह इस डब्लूटीपी में कार्य करने वाले 4 श्रमिकों का वेतन पिछले तीन महीने से ठेकेदार द्वारा नहीं दिया जाना है. पेयजल आपूर्ति बंद होने के कारण विभिन्न गांव के ग्रामीण नदी-नाला का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं. इससे डायरिया व अन्य बीमारियों के फैलने का भी खतरा बढ़ रहा है.गंगदा पंचायत के गांवों में पहले से हीं दर्जनों चापाकल खराब है. जिसे ठीक करने हेतु मुखिया सुखराम उर्फ राजू सांडिल द्वारा एक वर्ष पूर्व हीं विभाग को गांव आधारित खराब चापाकल की सूची के साथ लिखित शिकायत किया गया है. लेकिन आज तक खराब चापाकल को ठीक नहीं किया गया. इस कारण पंचायत के गांवों में पहले से हीं पेयजल की विकट स्थिति है. पानी से त्रस्त दोदारी के कुछ ग्रामीण व महिलाएं डब्लूटीपी में घूसकर पानी भरने को मजबूर है.दोदारी स्थित डब्लूटीपी में कार्य करने वाले स्थानीय मजदूर शिवा दास, मुकेश दास, श्याम सोरेन एवं सुशील सिद्धू ने बताया की हमें पिछले 3 माह से कार्य के ठेकेदार द्वारा वेतन नहीं दिया गया है. पैसा के अभाव में हमारे घर की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है. आवश्यक व रोजमर्रा के खाने-पीने के समान भी हम खरीद नहीं पा रहे हैं।

---

**सदर प्रखंड के हथखुट्टा में भाकपा माले का जन संपर्क अभियान**

# विनोद सिंह के लिए घर-घर से सहयोग और मतदान करने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
हक-अधिकार से वंचित लोग इस बार कोडरमा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने जा रहे भाकपा माले के (इंडिया समर्थित) कॉमरेड विनोद सिंह को चुनाव संघर्ष कोष में सहयोग के साथ मतदान भी करेंगे। क्योंकि लोगों को काम करने वाले सांसद की जरूरत है। उक्त बातें भाकपा माले नेता राजेश यादव ने आज गिरिडीह सदर प्रखंड, जीतपुर पंचायत के हथखुट्टा टोला में जन संपर्क अभियान चलाने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक बार भाजपा के सांसद कोडरमा क्षेत्र से जीते, लेकिन आम हो या खास इलाके के किसी भी सवाल पर कोई कारगर पहल नहीं ली गई। श्री यादव ने स्थानीय लोगों से उनकी ज्वलंत समस्याओं को भी सुना और कहा कि, लगातार वोट लेकर भी इनकी उपेक्षा की गई है।

उन्होंने लोगों से भाकपा माले के लिए सभी घरों से चुनावी संघर्ष कोष में सहयोग के साथ मतदान करने की अपील करते हुए लोगों के बीच 20 रुपए सहयोग का कूपन भी बांटा। मौजूद लोगों ने चुनावी कोष में सहयोग के साथ इंडिया (माले) से चुनावी मैदान में आ रहे कॉमरेड विनोद सिंह को वोट देने का एलान किया। मौके पर अन्य के अलावा माले नेता कन्हैया सिंह, सुलेमान बास्की, बीरू हेंब्रम, फ्रांसिस बास्की, नैका हेंब्रम, लुथुड बास्की, कोका हेंब्रम, बबलू हेंब्रम, मनोज हेंब्रम, बबलू हेंब्रम, बिनोद टुडू , जमोद हेंब्रम, सुकरा बास्की, जोसेफ टुडू, राजेंद्र हेंब्रम, मोतीलाल बास्की, सोनवा मरांडी, बाबूलाल मरांडी, रामलाल सोरेन, एंथोनी बास्की, श्यामलाल मरांडी, रीना मुर्मू, सुसाना बास्की, संयोति हांसदा, लुसी सोरेन सहित अन्य मौजूद थे।

---

## हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के मौके पर एसएसभीएम के छात्रों ने निकाली भव्य शोभायात्रा





**भारत माता की जय व जय श्रीराम के जयकारे से गुंजा शहर**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 हिंदू नव वर्ष और चैत्र नवरात्र का स्वागत मंगलवार को लोगों ने पूरे उत्साह के साथ किया। इस मौके पर विभिन्न संगठनों के द्वारा नववर्ष का स्वागत भव्य रूप से किया गया। मंगलवार की अहले सुबह भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। स्कूल के प्रधानाचार्य अनांद कमल के नेतृत्व में निकाली गई शोभायात्रा में विद्यालय के शिक्षक नलिन सिंह, राजीव तिवारी, राजेन्द्र बरनवाल सहित कई शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ विद्यालय के छात्र छात्राएं शामिल हुई। सभी भगवा ध्वज थामे हुए राष्ट्रभक्ति के साथ भगवान श्रीराम का जयकारा लगाते हुए नगर भ्रमण किया। शोभा यात्रा की अगुवाई पैरेंड बैंड की टीम के सदस्यों द्वारा किया जा रहा था। वहीं वाहन में भारत माता के साथ भगवान श्रीराम और आरएसएस के संस्थापक डॉक्टर केशव बलि राम हेडगेवार की झांकी को भी शामिल किया गया था। बरनवाल सेवा समिति व राष्ट्रीय कायस्थवृंद ने शोभायात्रा पर की पुष्पवर्षा। इस दौरान शहर के कई हिस्सों में बरनवाल सेवा समिति, बरनवाल महिला समिति व राष्ट्रीय कायस्थवृंद के द्वारा शोभा यात्रा के उपर पुष्प वर्षा करने के साथ ही छात्र छात्राओं के लिए शीतल पेय व अल्पहार की व्यवस्था की गई थी।

---

# अरबों रुपये के जीएसटी घोटाले में दो सगे भाई कोलकाता से गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
जमशेदपुर की जीएसटी इंटेलिजेंस ने अरबों रुपये के जीएसटी घोटाले का खुलासा किया है. टीम ने कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में छापेमारी कर 522 करोड़ के जीएसटी घोटाला करने वाले दो सगे भाई अमित गुप्ता और सुमित गुप्ता को गिरफ्तार किया है. टीम दोनों को मंगलवार को कोलकाता से गिरफ्तार कर जमशेदपुर लेकर पहुंची और एमजीएम अस्पताल में मेडिकल कराने के बाद दोनों को जेल भेजने की तैयारी में जुट गई. इस मामलें में टीम ने पूर्व में कारोबारी विक्की भलोटिया और शिव कुमार देवड़ा को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा है.मामले का खुलासा तब हुआ जब जमशेदपुर की जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने जांच की. जांच में पाया कि जमशेदपुर में कई ऐसी कंपनियां है जिनमें फर्जी तरीके से लेनदेन किया जा रहा है. जांच के क्रम में पाया गया कि 100 से ज्यादा कंपनियां ऐसी है जिसमें फर्जी तरीके से लेनदेन हो रहा है.

अब तक इन कंपनियों में तीन हजार से ज्यादा के लेनदेन सामने आए है. जमशेदपुर में ही 150 करोड़ रुपये से ज्यादा का जीएसटी घोटाला सामने आया है. इसके बाद एक टीम का गठन किया गया जिसमें सिनियर इंटेलिजेंस ऑफिसर रौशन कुमार मिश्रा, इंटेलिजेंस ऑफिसर दिनेश कुमार, राजीव रंजन और राजेश कुमार शामिल थे. टीम ने अमित गुप्ता और सुमित गुप्ता को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया. जीएसटी घोटाले का आंकड़ा यह आंकड़ा 5000 करोड़ तक जा सकता है. इधर, जीएसटी इंटेलिजेंस की रडार पर रांची के कारोबारी विवेक नरसरिया भी रडार पर है।

**अपनी गलती को स्वीकारना झाड़ू लगाने के समान है, जो धरातल की सतह को चमकदार और साफ कर देती है : महात्मा गांधी**



# कोर्ट की सर्वाधिक फटकार खाने वाला बंगाल

पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य है जिसे कानून व्यवस्था के लिए अदालतों की सर्वाधिक फटकार और निर्देशों का सामना करना पडा है। अराजकता की यही स्थिति कभी उत्तर प्रदेश और बिहार की हुआ करती थी। पश्चिम बंगाल में एक प्रदर्शन के दौरान सत्तारुढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन कांग्रेस नेता ममता बनर्जी के साथ जब बदसलूकी की थी। जिसके बाद ममता ने कम्युनिस्टों की हिंसा और अराजकता से बंगाल को मुक्ति दिलाई। पर सत्ता में आने के बाद अब अपने विरोधियों को परास्त करने के लिए लगता है ममता ने वही रास्ता अपना लिया है। संदेशखाली की घटना के बाद हाईकोर्ट ने जिस तरह की टिप्पणी ममता सरकार के खिलाफ की है, उससे जाहिर है कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था समाप्त हो गई है। कोर्ट ने कहा कि अगर संदेशखाली मामले में एक प्रतिशत भी सच है तो प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसकी जिम्मेदार है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला बेहद शर्मनाक है। अदालत ने कहा कि हर नागरिक की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने कहा कि संदेशखाली मामले में जिला प्रशासन और पश्चिम बंगाल सरकार को खुद से नैतिक जिम्मेदारी लेना चाहिए। कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस शिवज्ञानम ने तल्ख लहजे में कहा कि अगर इसका एक भी एफिडेविट सही है तो यह शर्मनाक है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है। चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर आप एससी-एसटी नेशनल कमीशन की रिपोर्ट देखेंगे तो उसमें अगर एक फीसदी भी सच है तो ये 100 फीसदी शर्मनाक है। वहीं इस दौरान एक अन्य जनहित याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए। सुरक्षा कारणों से कोई भी महिला अदालत में गवाही देने नहीं आई। एक अन्य याचिकाकर्ता की वकील प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि उनके पास अनेक महिलाओं ने यौन उत्पीड? की शिकायत की है। ये लोग कह रहे हैं कि अगर महिलाओं ने बयान दिया तो उनके पति-बच्चों का सिर काटकर फुटबाल खेलेंगे। संदेशखली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के मास्टरमाइंड और तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख ने कहा था कि वह राजनीतिक साजिश का शिकार है। उसके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। पूछताछ के दौरान शाहजहां ने पांच जनवरी को संदेशखाली में केंद्रीय एजेंसी कर्मियों पर हमला करने वालों के साथ किसी भी तरह के संबंध से इन्कार किया था। शाहजहां ने अधिकारियों से कहा था कि वह इस हमले की दिल से निंदा करता है और चाहता है कि हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिले। अनुसूचित जाति-जनजाति के पैनल ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश की थी इसके लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पैनल ने एक रिपोर्ट सौंपी थी। पैनल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है था कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पैनल का यह भी कहना था कि आरोपियों पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कानून के तहत मुकदमा चलाया जाना चाहिए। देश में पश्चिम बंगाल ऐसा राज्य है जहां राज्यपाल ने केंद्र सरकार कई बार बिगड़े हालात की जानकारी दी है। विपक्षी दलों की शासित राज्यों में भी राज्यपालों और सत्तारुढ़ दल की सरकारों में अनबन होती रहती है, किन्तु संवैधानिक पद पर रहते हुए जितने खराब संबंध पश्चिम बंगाल में रहे हैं, उतने किसी भी राज्य में नहीं रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी सभा में कहा कि जो लोग संदेशखाली की महिलाओं के उत्पीड़न के जिम्मेदार हैं, उनको अब अपना बाकी जीवन सलाखों के पीछे बिताना होगा। कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हाल ही में पूरे देश ने देखा कि कैसे टीएमसी और राज्य सरकार ने संदेशखाली की महिलाओं का शोषण करने वाले लोगों को बचाया। लेकिन उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जिन लोगों ने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया है, उन्हें अब अपना शेष जीवन सलाखों के पीछे बिताना होगा। चुनाव प्रचार के दौरान ममता बनर्जी ने कूचबिहार रैली में यहां तक कह गईं कि आप जहरीले सांप पर भरोसा कर सकते हैं, लेकिन भाजपा पर नहीं। ममता बनर्जी ने कूच बिहार से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रामाणिक का नाम लिए बिना उनपर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तुम मंत्री के नाम पर कलंक हो। ममता ने कहा कि राज्य सरकार के अधिकारियों का ट्रांसफर हो रहा है केंद्रीय एजेंसी का कितना ट्रांसफर हुआ? उन्होंने कहा कि भाजपा निर्वाचन के कोड नही मानती। देखना यही है कि हिंसा से त्रस्त रहे पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग कैसे शांतिपूर्ण और निर्विघ्न चुनाव सम्पन्न कराता है।

पर्व-त्योहार

# हजारीबाग : रामनवमी महोत्सव की है अंतरराष्ट्रीय पहचान



विजय केसरी



**सन्** 1950 में स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर हजारीबाग रामनवमी के पहले अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। महासमिति की यह बैठक हजारीबाग नगर स्थित बड़ा अखाड़ा मंदिर में हुई थी। इस बैठक की अध्यक्षता बड़ा खड़ा मंदिर के तत्कालीन महंत ने किया था। बड़ा अखाड़ा के महंत ने ही गुरु सहाय ठाकुर का नाम अध्यक्ष के रूप में प्रस्तावित किया था। बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया था कि हजारीबाग नगर में शहर एवं गांव से आने वाले जुलूसों को एक सीधी पंक्ति में कर समय से विसर्जन कर देना था। जुलूस पूरी तरह मर्यादित रहे। जुलूस को पंक्तिबद्ध करने के महासमिति के आदेश को शहर एवं गांव के सभी जुलूस धारी मानेंगे। तब से लेकर अब तक यह प्रक्रिया अनवरत आज भी जारी है। उस कालखंड में रामनवमी महासमिति एक पर्चा जारी कर नगर वासियों से अपनी अपनी दुकानें बंद कर जुलूस में शामिल होने के लिए अपील जारी करती थी। 1960 -61 के बाद महासमिति ने दुकान बंद कर जुलूस में शामिल होने संबंधित कोई भी पर्ची जारी नहीं की। तब की रामनवमी और अब की रामनवमी में यह बड़ा फर्क देखने को मिलता है। 1950 से लेकर अब तक रामनवमी महासमिति के अधिकांश बैठकें बड़ा अखाड़ा में ही संपन्न हुई। कुछ बैठकें स्थानीय राधा कृष्ण पंच मंदिर में भी हुई थी। इसके साथ ही भगवान राम के विचार को जन-जन तक पहुंचाने एवं सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का प्रस्ताव पारित किए जाते थे। हिन्दू धर्म में नवजागरण एवं हिंदू एकता के भी प्रस्ताव पारित होते थे। बाद के कालखंड में यह परंपरा बंद हो गई थी। 1968 - 69 से सिर्फ महासमिति के अध्यक्ष का चुनाव होता आ रहा है। शहर एवं गांव से आने वाले जुलूसों को कैसे नियंत्रित किया जाए? इसकी जवाबदेही महासमिति की होती है। रामनवमी महासमिति बीते 50 - 55 वर्षों से प्रशासन के सहयोग से रामनवमी के जुलूस को नियंत्रित करने में महती भूमिका अदा करती चली आ रही है। 1918 में स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने अपने पांच साथियों के साथ मिलकर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की जयंती पर चैत्र नवमी के दिन पहला महावीर झंडा निकाला था। तब शायद किसी ने कल्पना भी ना की थी कि गुरु साहब ठाकुर द्वारा निकाला गया यह पहला महावीर झंडा जुलूस एक दिन इंटरनेशनल रामनवमी के रूप में तब्दील हो जाएगा। 1928 तक आते-आते गुरु साहब ठाकुर द्वारा निकाला गया महाविरी झंडा एक बड़े जुलूस में परिवर्तित हो चुका था। धीरे-धीरे कर नगर के कई गणमान्य लोग इस जुलूस से जुड़ते चले गए थे। बाद के कालखंड में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी इस रामनवमी के जुलूस से जुड़ गए थे। देश की आजादी तक पहुंचते - पहुंचते रामनवमी का यह जुलूस एक बड़ा रूप धारण कर लिया था। रामनवमी का यह जुलूस आमजन के बीच काफी लोकप्रिय हो चुका था। इस जुलूस में हजारों हजार की संख्या में राम भक्त जुड़ने लगे थे। नगर के प्रमुख चौक चौराहों पर शस्त्र प्रदर्शन होने लगा था। श्री चैत्र रामनवमी महासमिति एक अपंजीकृत संस्था है। रामनवमी महासमिति के गठन के 73 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक कोई नियमावली नहीं बन पाई है। महासमिति का सन 1956 में जारी एक पर्चा के अवलोकन से जानकारी मिलती है कि उस कालखंड में केन्द्रीय महासमिति का नाम 'श्री चैत्र रामनवमी महावीर झंडा महोत्सव' और 'श्री महावीर मंडल हजारीबाग' के नाम से जाना जाता था। पर्चा में दर्ज है कि उस समय नवमी का जुलूस दोपहर के एक बजे तक बड़ा अखाड़ा के पास आ जाता था। इस तरह का निर्देश केंद्रीय महासमिति द्वारा जारी किया जाता था। रामनवमी के सभी जुलूस एक-एक कर बड़ा अखाड़ा पहुंच जाते थे। इसके पश्चात जुलूस पूरे नगर का भ्रमण कर बड़ा अखाड़ा में वापस लौट जाया करता था। इस तरह नवमी के जुलूस का समापन होता था। दूसरे दिन दसवीं को भी सभी जुलूस एक बजे दोपहर में बड़ा अखाड़ा आ जाता था। इस जुलूस में दुर्गा प्रतिमाएं सम्मिलित होती थीं। नवमी की तरह ही दसवीं का जुलूस भी पूरे नगर का भ्रमण कर संध्या बड़ा अखाड़ा वापस आ जाता था। फिर जुलूस समापन की घोषणा हो जाती थी। सिर्फ दुर्गा प्रतिमाएं बड़ा अखाड़ा नहीं आती थीं। इन प्रतिमाओं का विसर्जन स्थानीय छठ तलाब में हुआ करता था। उस जमाने में भी सभी अखाड़ा धारियों के लिए लाइसेंस बनाना अनिवार्य था।? पुलिस प्रशासन द्वारा लाईसेंस मांगे ने जाने पर अखाड़ा धारियों को लाइसेंस भी दिखाने का निर्देश उक्त पर्चा में दर्ज है। इस अवसर पर महासमिति सर्वसाधारण से जुलूस में शामिल होने वाले आगंतुक अतिथियों को इत्र, गुलाब जल, शरबत, मीठा जल,पान, फूल मालाओं से स्वागत करने का आग्रह करती थी। महासमिति लोगों से महावीरी झंडा वितरण करने की भी आग्रह थी। महासमिति के उक्त आग्रह के आलोक नगरवासी तन, मन धन से सहयोग किया करते थे। सन् 1956 में रामनवमी जुलूस 19 अप्रैल और दशमी का जुलूस 20 अप्रैल को निकाला गया था। उक्त पर्चा में यह भी है कि महासमिति सर्वसाधारण से आग्रह करती थी कि नगरवासी दो दिनों तक अपने - अपने कारोबार को बंद रखकर इस उत्सव में सप्रेम सम्मिलित होकर जुलूस की शोभा बढ़ाएं। रामनवमी का जुलूस उस जमाने में भी इतना लोकप्रिय था कि लोग अपने अपने कारोबार दो दिनों तक बंद कर जुलूस में शामिल होकर नाचते -गाते थे। इसके साथ ही महासमिति ने दर्ज किया था कि 'धर्म और अटल संगठन को दृढ़ रखें जो समय पर राष्ट्र एवं धर्म की रक्षा हेतु काम आ सकें।' श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के प्रथम अध्यक्ष गुरु सहाय ठाकुर के चुनें जाने के बाद कई वर्षों तक बड़ा अखाड़ा के मंहत ही सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाते थे। बाद में नगर के विशिष्ट लोग महासमिति के अध्यक्ष बनते रहे थे। श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के पूर्व पदाधिकारियों, बड़ा अखाड़ा के महंत विजय दास एवं कई अन्य लोगों से बातचीत कर श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष की एक सूची तैयार की गई है। श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष की सूची बनाने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, इसके बावजूद त्रुटि से इनकार नहीं किया जा सकता। श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के अध्यक्षों की पहली सूची में 45 नाम अंकित कर पाया हूं।। यहां यह लिखना जरूरी हो जाता है कि महासमिति के कई अध्यक्ष, दो -तीन बार भी बनें थे। रामनवमी महासमिति के प्रथम अध्यक्ष स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर,स्वर्गीय महंत बलराम दास, स्वर्गीय महंत रामदुलार दास, स्वर्गीय महंत गोमती दास, स्वर्गीय महंत रामेश्वर दास, स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर, स्वर्गीय यादो बाबू, स्वर्गीय हीरालाल महाजन, स्वर्गीय पाचू गोप, स्वर्गीय टीभर गोप, स्वर्गीय कन्हाई गोप, स्वर्गीय महेश्वरी बाबू, स्वर्गीय अखौरी ब्रजेश (बच्चन बाबू), स्वर्गीय प्रशांत सहाय, स्वर्गीय दीपचंद जैन, स्वर्गीय काली साल, स्वर्गीय काली दास केसरी, स्वर्गीय राजकुमार लाल, स्वर्गीय बी.बी.लाल अधिवक्ता, स्वर्गीय सुरेश प्रसाद केसरी, स्वर्गीय काशी अग्रवाल, स्वर्गीय सुधीर सिन्हा, स्वर्गीय गणेश प्रसाद गुप्ता, इन्द्र गोप, वकील महतो, राजकुमार यादव, प्रमोद यादव, मंजीत यादव, सुनील केसरी, विजय साव, अमरदीप यादव, बबलू गुप्ता, बिगन लाल गुप्ता, यदुनाथ पांडेय, पवन लाल अग्रवाल, अनमोल कुमार साव, मनीष गोप, रंजन सहाय, विरेंद्र कुमार वीर, सुधीर कुमार यादव, राजेश गोप, शशि केसरी, राजेश यादव, पवन गुप्ता, कुणाल यादव एवं वर्तमान अध्यक्ष जीतू यादव है। इस वर्ष 22 जनवरी को अयोध्या में रामलाल की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। संपूर्ण देश में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर बड़े ही हर्ष के साथ रामनवमी का त्यौहार में मनाया जाना है। हजारीबाग की बात तो निराली ही है। यहां की रामनवमी तो विश्व विख्यात है। हजारीबाग की रामनवमी इंटरनेशनल रामनवमी के नाम से जानी जाती है। इस वर्ष श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के नेतृत्व में बड़े ही धूमधाम से रामनवमी का त्यौहार मनाने का निर्णय लिया गया है। महासमिति के पदाधिकारी गण रामनवमी का जुलूस शांति और सौहार्द के वातावरण में संपन्न कराए जाने की निमित्त सक्रिय हैं। **( ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### बैठे-बैठे क्या करें?

अभी तो मनोरंजन के कई साधन उपलब्ध हैं। बात लगभग सत्तर और अस्सी के दशकों की है। मनोरंजन के लिए न मोबाइल थे और ना ही टीवी। शहर में मनोरंजन के लिए मैदान होते थे या फिर सिनेमा हॉल। वह सिर्फ वयस्कों के लिए ही थे। उस समय का टाइम पास करना काफी मुश्किल भरा होता था। दिन तो कैसे भी कट जाता था, लेकिन रात में या शाम को मनोरंजन के ज्यादा विकल्प नहीं थे। उस समय लोग अंतराक्षरी खेल कर मनोरंजन किया करते थे। यह खेल तीन -चार लोग और उससे ज्यादा लोग भी अंतराक्षरी खेला करते थे। इस खेल की लोकप्रियता का अंदाज इससे लगाया जा सकता है कि दूरदर्शन और निजी चैनलों पर यह अंताक्षरी पर का प्रसारण किया जाता था। लेकिन सबसे ज्यादा लोकप्रिय था जी टीवी प्रसारित होने वाला। जिसको अन्नु कपूर और दुर्गा जसराज प्रस्तुत किया करते थे। आम लोग अंतराक्षरी खेलने के लिए यह जरूर कहकर प्रारंभ करते थे- बैठे-बैठ क्या करें, करना है कुछ काम , शुरू करें अंतारक्षरी लेकर हरि का नाम...। वैसे इस खेल को कई फिल्मो में बड़े मनोरंजक तरीके से भी दिखाया गया है। लेकिन अन्नु कपूर और दुर्गा जसराज के जैसी लोक प्रियता देखने को नहीं मिली। सचमुच अंतारक्षरी का यह खेल अपने - आप में एक अजूबा था। यह शहर-गावं और कस्बों में किसी ने किसी रूप में अभी भी खेला जाता है। यह खेल कब शुरू हुआ। यह तो शोध का विषय है। लेकिन इसकी लोकप्रियता देश-विदेश में देखी जाती है। खेलने वाला जब किसी गीत का अंत करता था उस गीत के आखिरी शब्द से दूसरे खिलाड़ी को गीत गाना पड़ता था। मामला तब दिलचस्प हो जाया करता था। जब गीत के आखिरी शब्द ठ,ढ या ड़ पर रूक जाते थे। हमारे एक मित्र को ढ से एक गीत अवश्य याद रहता था। ढूढों ढूढों रे साजना मेरे कान का बाला... ड से याद रहता था डम डम डिगा-डिगा मौसम भीगा-भीगा.... और ड़ से शुरू होने वाला गीत तो अच्छों-अच्छों को याद नहीं है।

**- अभिनव प्रकाश, मेदिनीनगर।**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

अर्थव्यवस्था

# सामाजिक-आर्थिक विकास का वाहक बन रहा मध्यम वर्ग



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**इसमें** कोई दोराय नहीं कि किसी भी देश के आर्थिक-सामाजिक विकास में मध्यम वर्ग की प्रमुख भूमिका रही है। यह केवल हमारे देश के संदर्भ में ही नहीं अपितु समूचे विश्व की बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं का अध्ययन किया जाएगा तो कारण यही सामने आएगा। सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के बदलाव में मध्यम वर्ग की प्रमुख भूमिका रही है। औद्योगिक क्रांति के बाद जिस तरह से श्रमिक वर्ग उभर कर आया तो औद्योगिक क्रांति का ही बाई प्रोडक्ट मध्यम वर्ग का उत्थान माना जा सकता है। आर्थिक विश्लेषकों की माने तो आर्थिक विकास का कोई ग्रोथ इंजन है तो वह मध्यम वर्ग है। ज्यादा दूर नहीं जाएं और केवल वर्तमान दशक की शुरूआत बल्कि 2021 की ही बात करें तो देश में 30 फीसद परिवार मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में आ गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि 2031 तक यह आंकड़ा बढ़कर 46 फीसद को छू जाएगा। यानी की इस दशक में बचे साढ़े पांच साल में भी मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में तेजी से सुधार होगा। 2021 में जहां 9.1 करोड़ परिवार मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में थे वहीं 2031 तक यह संख्या बढ़कर 16.9 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया है। किसी भी देश और उसकी अर्थव्यवस्था के लिए यह अपने आप में किसी बढ़ी उपलब्धि से कम नहीं आंकी जा सकती। विशेषज्ञों के अनुसार 5 लाख से 38 लाख सालाना आय वाले परिवारों को मध्यम आय वर्ग श्रेणी में माना गया है। मांग और आपूर्ति को भी मध्यम वर्ग के संदर्भ में ही देखा और समझा जा सकता है। मध्यम आय वर्ग में इजाफा होने का मतलब साफ-साफ यह हो जाता है कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। इसे यूं समझा जा सकता है कि मध्यम आय वर्ग या दूसरे अर्थ में हम मध्यम वर्ग की बात करें तो जीवन जीने का कोई आनंद लेता है तो वह मध्यम वर्ग ही है। मध्यम वर्ग के लोग जीवन को जीने में विश्वास रखते हैं भले ही उन्हें ऋण कृत्वा घृतं पीबेत की मानसिकता के अनुसार जीवन-यापन करना पड़े। यही कारण है कि मध्यम वर्ग दिल खोलकर पैसा खर्च करता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

> **किसी भी देश और उसकी अर्थव्यवस्था के लिए यह बढ़ी उपलब्धि से कम नहीं आंकी जा सकती। विशेषज्ञों के अनुसार 5 लाख से 38 लाख सालाना आय वाले परिवारों को मध्यम आय वर्ग श्रेणी में माना गया है।**

## फेसबुक वॉल से

**Sujoy Chatterjee**
14 h

Few more magnificent pictures shared by our colleagues from Texas. The 3rd one is special in which we can see many crescent suns on the ground as a result of pin-hole camera effect through apertures formed through the openings of tree leaves.



36 · 8 comments 1 share
Like Comment Send

**Sujoy Chatterjee** Thanks to all
Like Reply 1


## X- से

**ABP News** @ABPNews

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी लोकसभा सीट से देश की पहली किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी चुनाव लड़ेंगी. अखिल भारत हिंदू महासभा ने हिमांगी सखी को वाराणसी संसदीय सीट से टिकट दिया है. पांच भाषाओं में भागवत कथा सुनाने वाली हिमांगी किन्नरों के लिए समान अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए मैदान में उतरी हैं.

#PMModi #NarendraModi #HimangiSakhi #UttarPradesh #Varanasi #HinduMasabha #BJP #Elections2024 #LokSabhaElections #India #ABPNews

Translate post




# अपने स्वत्व की ओर लौटता भारत



डॉ. वन्दना सेन

**अंग्रेजी** नव वर्ष के बढ़ते प्रभाव के बीच राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर भारतीय नागरिकों को सचेत करते हुए लिखते हैं कि ये नव वर्ष हमें स्वीकार नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं, है अपनी ये तो रीत नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं। इन पंक्तियों का आशय पूरी तरह से स्पष्ट था कि अंग्रेजी नव वर्ष हमारा अपना नहीं, बल्कि अंग्रेजों द्वारा भारतीयता को मिटाने के लिए भारत पर थोपा गया था। विसंगति यह है कि अंग्रेज जो भारत में छोड़कर गए थे, उसे हमने अपना मान लिया। उसके पीछे मूल कारण यही था कि हम अपनी भारतीय संस्कृति को विस्मृत कर चुके थे। अपने स्वत्व का बोध भी हमको नहीं रहा था। जब हम स्वत्व की बात करते हैं तो स्वाभाविक रूप से इसमें वह सब दिखाई देगा, जो मूल भारत की कल्पना था। अब पहला सवाल यह आता है कि अपना मूल भारत क्या था? क्या हमें इसका भान है? यकीनन नहीं, क्योंकि आज जो भारत दिख रहा है, उसे पहले मुगलों ने अपने हिसाब से बनाया और फिर अंग्रेजों ने भारतीय समाज को हमें अपनी संस्कृति से विमुख कर दिया। विचार कीजिए कि भारत का स्वत्व क्या है? अगर भारत का स्वत्व जानना है तो हमें मुगलों से पूर्व के भारत का अध्ययन करना होगा, वही वास्तविक भारत है। आज हम भले ही अंग्रेजी दिनचर्या का उपयोग करते हैं, लेकिन आज भी यह सत्य है कि अंग्रेजी दैनंदिनी का प्रयोग हम अपने त्यौहारों में कभी नहीं करते। क्योंकि हमारे सारे त्यौहार सांस्कृतिक और प्राकृतिक हैं। वे प्रकृति के हिसाब से ही तय किए जाते हैं। इसीलिए प्रारंभ से ही भारत के समस्त त्यौहार दिशा बोध कराने वाले रहे हैं। वसंत के त्यौहार को ही ले लीजिए, इसमें प्राकृतिक बोध होता है। वसंत के पश्चात पतझड़ और फिर प्रकृति में नवीनता का उल्लास। यही उल्लास प्राकृतिक नव वर्ष का आभास कराता है। इसीलिए यही भारत का अपना नव वर्ष है, अंग्रेजों वाला नहीं। भारतीय की संस्कृति में पुरातन काल से नव वर्ष का प्रारंभ चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही माना जाता रहा है। इस तिथि को भारतीय संस्कृति में अति पावन दिन माना गया है। क्योंकि इसी प्रतिपदा दिन रविवार को सूर्योदय होने पर ब्रह्मा ने सृष्टि के निर्माण की शुरूआत की थी। इसलिए इसको सृष्टि का प्रथम दिवस भी कहते हैं। यह प्राकृतिक संयोग ही है कि अब भारत के नागरिक अपनी मूल की ओर लौट रहे हैं। जो लोग कल तक अपने नव वर्ष मनाने वाले समाज की हंसी उड़ाता था, वे स्वयं होकर नव वर्ष मनाने की ओर प्रवृत्त हो रहे हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि भारत अपने स्वत्व की ओर लौट रहा है। भारत के नागरिकों को यह आभास होने लगा है कि हमारा देश किसी भी मामले में दुनिया के देशों से पीछे नहीं रहा, बल्कि उसे षड्यंत्र पूर्वक पीछे कर दिया गया था। अब यह षड्यंत्र भी समझ में आने लगा है। इसलिए अब बहुत बड़ी संख्या में भारत का अपना नव वर्ष मनाने के लिए एकत्रित होने लगे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

## बोधगया : बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति का स्थल

**बोधगया आज**

1880 के दशक के बाद से बोधगया में अंतर्राष्ट्रीय रुचि बढ़ी, विशेष रूप से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा महाबोधि मंदिर परिसर के अधिकांश भाग के जीर्णोद्धार और भू-दृश्यीकरण के बाद। इससे साइट पर संरक्षण, निर्माण और विवाद के एक नए चरण की शुरूआत हुई। 20वीं सदी के दौरान, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध समुदायों और संघों ने शहर में मंदिर, मठ और गेस्ट हाउस स्थापित करना शुरू कर दिया। आज बोधगया में कम से कम चालीस अलग-अलग बौद्ध संगठनों का प्रतिनिधित्व किया जाता है - जो कि ज्यादातर हिंदू और मुस्लिम आबादी वाला शहर है। बोधगया में पाई गई कई मूर्तियां - जिनमें आज पूजा में उपयोग की जाने वाली मूर्तियां भी शामिल हैं - पाल राजवंश (8वीं-12वीं शताब्दी ईस्वी) के समय की हैं और बौद्ध और गैर-बौद्ध दोनों देवताओं को दर्शाती हैं। और यह संभावना है कि बोधगया इस क्षेत्र में बौद्धों और अन्य धार्मिक समुदायों दोनों के लिए पवित्र और तीर्थ स्थलों के नेटवर्क में महत्व रखता है। यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि बोधगया, गया के प्रमुख हिंदू तीर्थ शहर के पड़ोसी हैः पूर्वजों के संस्कार (संस्कृत, श्राद्ध) से जुड़ा एक प्राचीन पवित्र केंद्र। वास्तव में 18वीं शताब्दी ईस्वी में महाबोधि मंदिर परिसर के ठीक उत्तर में एक प्रमुख शैव (हिंदू भगवान शिव से संबंधित) मठ स्थापित किया गया था, और त्यागियों के इस समुदाय (वे लोग जो सांसारिक सुखों का त्याग करते हैं और तपस्वी के रूप में रहते हैं) ने परिसर का प्रशासनिक नियंत्रण ग्रहण कर लिया। **(क्रमशः)**



## टेक वर्ल्ड

### अब घर बैठे पासपोर्ट ऑनलाइन रिन्यू करें




**3. समय पर अपॉइंटमेंट लें:** अपॉइंटमेंट के समय पर पहुंचें ताकि कोई देरी न हो।

**4. सावधानी से ऑनलाइन पेमेंट करें:** ऑनलाइन भुगतान के समय सावधानी बरतें और सुनिश्चित करें कि आप सुरक्षित तरीके से भुगतान कर रहे हैं। पासपोर्ट का ऑनलाइन रिन्यू करना आसान और तेजी से होता है। आपको लंबी कतारों में इंतजार नहीं करना पड़ता और आप अपने घर से ही इस कार्य को पूरा कर सकते हैं। इसके लिए सही दस्तावेज और ऑनलाइन प्रक्रिया का पालन करना होता है। इसलिए, अगर आपका पासपोर्ट समय से समय पर रिन्यू होने की जरूरत है, तो ऑनलाइन प्रक्रिया का लाभ उठाएं और इसे आसानी से पूरा करें। **(समाप्त)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### टीएमसी नेताओं ने दिल्ली पुलिस स्टेशन के समक्ष किया विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के कार्यालय के समक्ष धरना देने के दौरान आठ अप्रैल को हिरासत में लिए गए और बाद में रिहा टीएमसी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार रात भर मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन के पास विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने कहा, हमने उन्हें कल ही छोड़ दिया था, लेकिन वो नहीं गए। निर्वाचन आयोग के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे टीएमसी के 10 नेताओं सहित एक सांसद को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था।

### बंगाल पुलिस की एफआईआर के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंची एनआईए

**कोलकाता।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर में छापा मारने गये अपने अधिकारियों के खिलाफ पुलिस में दर्ज की गयी प्राथमिकी को खारिज करने का अनुरोध करते हुए मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में एनआईए अधिकारियों के विरुद्ध पश्चिम बंगाल पुलिस की ओर से कोई भी दंडात्मक कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण दिए जाने की भी गुजारिश की गयी है। एनआईए के वकील अरूण कुमार मोहंती ने बताया कि जस्टिस जय सेन गुप्ता ने एनआईए को आज दिन में भोजनावकाश के बाद उनकी अदालत में आवेदन दायर करने की अनुमति दी।

### कांग्रेस प्रवक्ता राजू वाघमारे शिंदे की शिवसेना में शामिल

**मुंबई।** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राजू वाघमारे ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से इस्तीफा दे दिया और शिंदे समूह की शिवसेना में शामिल हो गए हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राजू वाघमारे को पार्टी में उचित सम्मान देने की बात कही है। दरअसल, राजू वाघमारे के कांग्रेस पार्टी से पिछले कई महीनों से नाराज चलने की खबरें आ रही थीं। मंगलवार को वाघमारे ने कांग्रेस के सभी पदों का इस्तीफा दिया और शिंदे समूह में शामिल हो गए।

# रोहतास में ट्रांसफार्मर की चिंगारी से झोपड़ी में लगी आग, एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत

**एजेंसी। बिहार**

**रोहतास।** बिहार के रोहतास जिला के कछवां थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर पुल कछवां के पास एक झोपड़ी में आग लगने की दर्दनाक घटना हुई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में चार महिला व तीन बच्चे शामिल हैं। अगलगी के बाद इलाके में चीख-पुकार मच गई है। वहीं, हादसे के बाद मौके पर पहुंच पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।



### ट्रांसफार्मर की चिंगारी से लगी आग

जानकारी के मुताबिक झोपड़ी के नजदीक एक ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट की वजह से चिंगाड़ी निकली और झोपड़ी पर गिर गई। इस चिंगारी की वजह से घर में आग लग गई और इसकी चपेट में पूरा परिवार आ गया। इस हादसे का शिकार हुआ परिवार तीन की बनी झोपड़ी में रहता था। अगलगी के बाद स्थानीय लोग की मदद से मौके पर राहत और बचाव का कार्य जारी है।

# एस सी : मुख्तार अंसारी की कब्र पर फातिहा पढ़ने के लिए बेटे अब्बास को मिली इजाजत, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई ये शर्त

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी को अपने पिता की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ने की इजाजत दे दी है। मुख्तार अंसारी की कब्र पर 10 अप्रैल को फातिहा पढ़ा जाएगा, जिसमें उसका बेटा अब्बास अंसारी भी शामिल होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्देश में कहा कि अब्बास अंसारी को पुलिस हिरासत में कासगंज जेल से उसके गाजीपुर स्थित घर ले जाया जाएगा। पुलिस हिरासत में ही अब्बास अंसारी को 13 अप्रैल को वापस कासगंज जेल



लाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्देश में कहा है कि अब्बास अंसारी को लेकर पुलिस की टीम आज ही शाम पांच बजे से पहले गाजीपुर के लिए रवाना हो जाए। कोर्ट ने 11 अप्रैल और 12 अप्रैल को अब्बास अंसारी को अपने परिजनों से मिलने की इजाजत दी है। कोर्ट ने अब्बास अंसारी को निर्देश दिया कि इस दौरान वह मीडिया से बात नहीं करेंगे। अब्बास अंसारी कासगंज की पचलाना जिला जेल में बंद है और जेल में होने की वजह से वह अपने पिता मुख्तार अंसारी के जनाजे में शामिल नहीं हो सका था। ऐसे में अब्बास अंसारी ने पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर इजाजत मांगी थी।



कनाडा में सूर्य ग्रहण। सौजन्य सोनिया सिंह

# कांग्रेस नेता खड़गे, राहुल, प्रियंका ने दी नवरात्रि, गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी ने मंगलवार को पारंपरिक नए साल के शुभ अवसर पर राष्ट्र को शुभकामनाएं दीं और लोगों की खुशी, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। एक्स को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पोस्ट किया, चैत्र शुक्लादि, गुड़ी पड़वा, चेट्टी चंद, नवरेह और साजिबू चेइराओबा के खुशी के अवसर पर हम देश के विभिन्न हिस्सों में इन त्योहारों को मनाने वाले सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। यह उत्सव नई शुरूआत और भाईचारे और खुशी की भावना को बढ़ावा देता है। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, ब्रह्मांड की माता, मां दुर्गा की पूजा के पवित्र त्योहार पर हार्दिक शुभकामनाएं। मां सभी का कल्याण करने वाली हैं। मां आपके जीवन में सुख, समृद्धि और शांति का संचार करें।" कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, "नया साल, नया उत्साह, नई खुशी। सभी देशवासियों को गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्रि, उगाडी, चेइराओबा, चेट्टी चंद और साजिबू त्योहारों की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

# मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने दिया इस्तीफा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस इस्तीफे की वजह उन्होंने पारिवारिक जिम्मेदारी और पिता के लोकसभा चुनाव लड़ने को बताया है। भूरिया ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी को लिखे पत्र में कहा है कि उनके पिता कांतिलाल भूरिया रतलाम झाबुआ लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं। इस कारण वे संगठन के लिए ज्यादा समय नहीं दे पा रहे हैं। लिहाजा वे अपना पद छोड़ना चाहते हैं।

# सूखा राहत पर सुप्रीम कोर्ट को धोखा देने की कोशिश कर रहा केंद्र : कर्नाटक के सीएम

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारामैया ने सोमवार को कहा कि यह निंदनीय है कि केंद्र ने राज्य को मिलने वाली उचित सूखा राहत पर धोखा देने के लिए सुप्रीम कोर्ट को गलत जानकारी सौंपी है। मुख्यमंत्री ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, कर्नाटक को उचित सूखा राहत प्रदान करने में केंद्र सरकार द्वारा लगातार देरी के कारण हमारी सरकार को सर्वोच्च न्यायालय से न्याय मांगने के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन सोमवार



को सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसके पीछे राजनीतिक मकसद बताते हुए दलील दी कि सूखा राहत में देरी के लिए कर्नाटक सरकार को दोषी ठहराया जाना चाहिए। यह बेहद निंदनीय है।" सॉलिसिटर जनरल ने कहा, सूखा राहत के लिए वे (कर्नाटक) हमसे (केंद्र) बात कर सकते थे। हम ऐसी याचिकाओं का समय देख सकते हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि केंद्र की विफलताओं को छुपाने के लिए उन्होंने कर्नाटक सरकार पर दोष मढ़ने का प्रयास किया।. उन्होंने कहा, जैसा कि मैंने पिछले 2-3 महीनों में बार-बार कहा है, हमारी सरकार ने सितंबर 2023 में केंद्र सरकार को एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें नुकसान और अपेक्षित राहत राशि का विवरण दिया गया था।

# चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस पर भगवान को पहनाया गया अति विशेष वस्त्र

### वस्त्रों में मयूर व अन्य वैष्णव चिन्हों को रंग-बिरंगे रेशम के साथ-साथ असली तारों से काढ़ा गया

**एजेंसी। अयोध्या**

श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर भगवान को अति विशेष वस्त्र पहनाया गया है। आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी संवत 2081 है तथा आज से ही अयोध्या राम मंदिर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हो चुका है, जो राम नवमी तक चलेगा। इस दौरान देश-विदेश से लाखों की संख्या में रामभक्त मन्दिर पहुंच रहे हैं। रामनवमी के अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामभक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की है।

प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात पहली



बार प्रभु के वस्त्रों की शैली को बदला गया है। मयूर व अन्य वैष्णव चिन्हों को रंग-बिरंगे रेशम के साथ-साथ असली तारों से काढ़ा गया है । इस विशेष वस्त्र शैली में प्रभु श्रीराम की आभा बहुत ही आकर्षक व सुंदर नजर आ रही है। आज इन वस्त्रों में ही प्रभु श्रीराम के दिव्य दर्शन कराए गए हैं।

### 17 अप्रैल को रामलला के 'सूर्य अभिषेक' की तैयारी

अयोध्या में रामनवमी (17 अप्रैल) के अवसर पर सूर्य अभिषेक को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है, जब सूर्य की किरणें उनके माथे पर पड़ेंगी। सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीबीआरआई) के विशेषज्ञ भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान-बेंगलुरु के वैज्ञानिकों के साथ मंदिर के भूतल पर एक ऑप्टो मैकेनिकल सिस्टम लगाने के लिए पहले से ही अयोध्या में डेरा डाले हुए हैं। अयोध्या के सूर्यवंशी राजा राम लला को 17 अप्रैल को दोपहर में 'सूर्य अभिषेक' का उपहार दिए जाने की उम्मीद है, यह एक ऐसी घटना है, जिसके माध्यम से सूर्य की किरणों को ऑप्टिकल उपकरणों की एक श्रृंखला से कैप्चर और डायवर्ट किया जाएगा। मानक ऑप्टो मैकेनिकल सेटअप एक फैब्री-पेरोट कैविटी है, जहां एक दर्पण गतिशील होता है, ताकि इनपुट लेजर के लिए ऑप्टिकल सिस्टम की प्रतिक्रिया को अधिकतम किया जा सके।

# केजरीवाल के शिक्षा मॉडल की खुली पोल स्कूलों की बजाय शराब पर ज्यादा दिया ध्यान : मनजिंदर सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने उत्तर पूर्वी दिल्ली इलाके के निगम और राज्य सरकार के स्कूलों की हालत को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि केजरीवाल के शिक्षा मॉडल की पोल खुल गई है और यह उनके पापों की सजा है इसलिए वह तिहाड़ जेल में बंद हैं। आईएएनएस से बात करते हुए मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली की सरकार और निगम की सरकार में दिल्ली के 16 लाख



बच्चे जर्जर हालत वाले स्कूल में पढ़ रहे हैं, टूटे डेस्क हैं, टूटे क्लासरूम हैं और टॉयलेट की हालत भी खस्ता है, पीने का पानी नहीं है और शिक्षक नहीं हैं। यह हाईकोर्ट में पेश की गई रिपोर्ट बताती है और हाई कोर्ट ने इस हालत के लिए कड़ी फटकार भी लगाई है।

भाजपा नेता ने कहा कि यह खुलासा तो अभी केवल उत्तर पूर्वी दिल्ली के स्कूलों को लेकर ही हुआ है और अभी दिल्ली के बाकी स्कूलों का डेटा जब पहुंचेगा तो कल्पना की जा सकती है कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के शिक्षा मॉडल की किस तरह से पोल खुल गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में स्कूलों की हालत को लेकर केजरीवाल ने झूठा प्रचार-प्रसार किया। दिल्ली के लोग जिसे शिक्षा देने के लिए लाए थे, वो शिक्षा की बजाय शराब बेचते रहे, किताबें देने की बजाय एक के साथ एक शराब की बोतल थमाते रहे।

# केरल में 24 प्रतिशत मुस्लिम वोट किसके लिए गेम चेंजर - माकपा या कांग्रेस

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

केरल में 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में बस कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में सभी की निगाहें राज्य में करीब 24 प्रतिशत मुसलमानों के वोटिंग पैटर्न पर हैं, जो गेम चेंजर साबित हो सकते हैं। इसे केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से बेहतर कोई नहीं जानता। वह पिछले एक सप्ताह से राज्य भर में वामपंथियों के लिए अपने अभियानों के दौरान नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और वामपंथी इसे कैसे देखते हैं, इस पर जोर दे रहे हैं। सीएम विजयन भी कथित तौर पर सीएए का



मुद्दा नहीं उठाने के लिए कांग्रेस की आलोचना कर रहे हैं। केरल की 3.30 करोड़ आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी 24 फीसदी है, वहीं ईसाई समुदाय की हिस्सेदारी 17 फीसदी है। हालांकि, ईसाई समुदाय का मतदान पैटर्न कुल मिलाकर वही रहता है, जिसमें कांग्रेस को थोड़ी बढ़त मिलती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में वामपंथियों का काफी खराब प्रदर्शन रहा था। वह सिर्फ एक सीट जीतने में सफल रहे, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने 19 सीटें जीतीं और भाजपा का कमल खिलने में विफल रहा। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि वामपंथी की हार के दो प्रमुख कारण थे। इनमें से एक था वायनाड के उम्मीदवार के रूप में राहुल गांधी का आना और दूसरा सीएम विजयन द्वारा लिया गया सबरीमाला मंदिर पर गलत रुख। 2019 के दौरान मुसलमानों ने कांग्रेस को भारी संख्या में वोट दिया था।

# बिहार : चैत्र नवरात्र के पहले दिन माता के दरबार में पहुंचे तेज प्रताप

**पटना।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर बिहार में चुनाव प्रचार तेज हो चुका है। इस बीच, राजद नेता और बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव मंगलवार को चैत्र नवरात्र के पहले दिन माता के दरबार में पहुंचे और पूजा अर्चना की। बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप मंगलवार को पटना के प्रसिद्ध शीतला मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आज चैत्र नवरात्र के अवसर पर शीतला माता मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की।

# तमिलनाडु के वेल्लोर में 74.50 लाख रुपये कैश जब्त

**एजेंसी। चेन्नई**

देश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को मंगलवार को तमिलनाडु में बड़ी कामयाबी मिली है। ईसीआई ने वेल्लोर शहर के बाहरी इलाके वल्लम टोल गेट पर वाहन जांच के दौरान एक कार से 74.50 लाख रुपये जब्त किए। तलाशी अभियान में वेल्लोर के स्थानीय पुलिस अधिकारी भी शामिल थे। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, चुनाव अधिकारी एस. वेलायुधम के नेतृत्व में सर्विलांस टीम ने हाईवे पर वल्लम गांव में



टोल गेट के पास एक कार को रोका और जांच के दौरान टीम को वाहन में रकम मिली। तिरुवन्नामलाई के अरणि शहर के मूल निवासी के. ज्योति कुमार कार चला रहे थे।

उन्होंने बताया कि हाईवे पर वल्लम गांव के पास एक एटीएम मशीन को भरने के लिए अरणि शहर से एक निजी बैंक से रुपये ले जा रहे थे। कुमार ने चुनाव अधिकारियों को बताया कि जो रुपये जब्त किए गए हैं वह एटीएम मशीन में भरने के बाद बचे हुए थे। बैंक में लोडिंग एजेंट के रूप में काम करने वाले कुमार अपने पास मौजूद कैश के लिए कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सके। उनके पास केवल बैंक द्वारा उपलब्ध कराया गया पहचान पत्र था। वेल्लोर जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि एटीएम के लिए रुपये केवल बैंकों द्वारा अधिकृत वाहनों में ही ले जाए जाते हैं।

# कविता की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के. कविता की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी। 14 दिन की न्यायिक हिरासत समाप्त होने पर कविता को राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा के सामने पेश किया गया। ईडी ने कहा कि अगर कविता बाहर जाती हैं तो वो गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं और सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकती हैं। कोर्ट रूम के बाहर मीडिया से बात करते हुए कविता ने कहा, यह पूरी तरह से बयान पर आधारित मामला है।

## आज का राशिफल

**मेष** — कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**वृषभ** — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**मिथुन** — लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

**कर्क** — कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**सिंह** — रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**कन्या** — ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग है।

**तुला** — विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृश्चिक** — कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे।

**धनु** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्धि होगी।

**मकर** — जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कुम्भ** — लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**मीन** — अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

# एनडीए ने आंध्र प्रदेश में चुनावी घोषणापत्र के लिए जनता की राय मांगी



**एजेंसी। अमरावती**

आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने राज्य में 13 मई को लोकसभा चुनाव के साथ होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के लिए 'प्रजा घोषणापत्र' या लोगों का घोषणापत्र तैयार करने के लिए जनता की राय मांगी है। टीडीपी-बीजेपी-जेएसपी गठबंधन ने घोषणापत्र पर लोगों के सुझाव और प्रतिक्रिया पाने के लिए एक टोल-फ्री व्हाट्सएप नंबर - 8341130393 - लॉन्च किया।

# बंगाल सरकार ने केंद्र से की मुख्य सचिव के सेवा विस्तार की मांग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने केंद्र सरकार से राज्य के मुख्य सचिव बीपी गोपालिका के सेवा के विस्तार का अनुरोध किया है। गोपालिका आगामी लोकसभा चुनाव के पूरा होने से पहले सेवानिवृत्त होने वाले हैं। राज्य सचिवालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। मुख्य सचिव गोपालिका 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव का आखिरी और सातवां चरण एक जून को है और मतगणना चार जून को होगी।

# नकली तंबाकू बनाने वाली फैक्ट्री सील 6 गिरफ्तार 100 टन माल बरामद

**एजेंसी। नोएडा**

नोएडा पुलिस की सीआरटी (क्राइम रिस्पांस टीम) और सेक्टर-126 थाना की पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन में कार्रवाई करते हुए दो करोड़ रुपए कीमत की 100 टन नकली तंबाकू जब्त की है। इसके साथ ही 6 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। गैंग आलू सप्लाई की आड़ में नकली तंबाकू को दिल्ली से कर्नाटक तक तीन गुना दाम पर बेचा करता था। तंबाकू की 138 बोरियों के साथ इसे सप्लाई करने वाला ट्रक और एस्कॉर्ट



करने वाली एक कार बरामद की गई है। इसकी फैक्ट्री दिल्ली के वजीराबाद में थी, जिसे सील किया गया है। पुलिस के मुताबिक नकली तंबाकू की तस्करी करने वाले गिरोह का एक ट्रक और एक कार जब्त करने के साथ छह अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

# जनता दिल्ली से 'आप' को कर देगी साफ : भाजपा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी सांसद मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी (आप) की आलोचना करते हुए कहा है कि दिल्ली की सरकारी स्कूलों की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है, स्कूल भ्रष्टाचार के केंद्र बन गए हैं और समाज के आर्थिक रूप से कमजोर पक्ष जिनके बच्चे ज्यादातर इन सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं, वे शिक्षा की बुनियादी सुविधाएं भी ना मिल पाने से परेशान हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि दिल्ली में सरकार भ्रष्टाचार की भेंट



चढ़ चुकी है और दिल्ली की जनता 25 मई को केजरीवाल सरकार को वोट की ऐसी चोट देगी कि आम आदमी पार्टी दिल्ली की राजनीति से साफ हो जाएगी।

भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि भाजपा लगातार कहती रही है कि अरविंद केजरीवाल सरकार के शिक्षा को लेकर दावे पूरी तरह तथ्यविहिन हैं और सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में हुई सुनवाई के बाद भाजपा के आरोप सही साबित हो रहे हैं। उच्च न्यायालय की सुनवाई एवं न्यायाधीशों की टिप्पणी ने केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल की पोल खोल दी है।

# बिहार में ट्रेन से कटकर दो बच्चे सहित चार की मौत

**सीवान।** बिहार के सीवान जिले के मैरवा रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को एक ट्रेन की चपेट में आने से दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में दो महिलाएं भी हैं। पुलिस के अनुसार, सीवान-गोरखपुर रेलखंड पर स्थित मैरवा स्टेशन के पास स्थित लक्ष्मीपुर में एक ट्रेन की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गयी। बताया जाता है कि दो महिलाएं अपने बच्चों के साथ खेत में गेहूं काटने के लिए गई थी। गेहूं काटने के बाद दोनों महिलाएं बच्चों के साथ खाना खाने के लिए घर लौट रही थी, तभी दोनों बच्चे वहां से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गए।

# रोहिणी के किडनी देने के सवाल पर तेजस्वी का जवाब विपक्षियों को खूब सुनाई खरी-खरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी बयानों की धार ज्यादा तेज होती जा रही है। चुनावी तपिश बढ़ने के साथ ही बिहार में बीजेपी और आरजेडी नेताओं के बीच वार-पलटवार का दौर जारी है। रोहिणी आचार्य की ओर से पिता लालू यादव को किडनी देने के सवाल पर बड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि जिनको मिला वह खुश हैं, वह स्वस्थ हैं। भाजपा को इसकी चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। सनातन से जुड़े सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि आपको बताने की



जरूरत है क्या? हम लोगों को जस्टिफाई नहीं करना है। हम लोग हर किसी का और हर धर्म का सम्मान करते हैं। आप सब लोगों को पता है कि पूजा-पाठ करने के लिए हमारे घर में मंदिर है। मीडिया को आड़े हाथों लेते हुए तेजस्वी यादव ने उलटे ही उन्हीं पर सवालों की बौछार कर दी।

# बटलर को रोकने की ज़िम्मेदारी राशिद और मोहित पर

**गुजरात 4-1 से आगे**

## आज राजस्थान के समाने होंगें गुजरात टाइटंस के शेर





**एजेंसी। जयपुर**

आईपीएल 2024 के 24वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स का सामना गुजरात टाइटंस से बुधवार को जयपुर में होगा। दोनों टीमों के बीच अब तक पांच मुकाबले हुए हैं, जिसमें गुजरात 4-1 से आगे है। आइए डालते हैं इस मैच के आंकड़ों और मैच-अप्स पर एक नजर।

**▸ क्या नई गेंद संभालेंगे मोहित शर्मा?**

यूं तो गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहित शर्मा इस साल लगातार पुरानी गेंद और डेथ ओवरों में गेंदबाजी कर रहे हैं, लेकिन जॉस बटलर के खिलाफ उनके रिकॉर्ड को देखते हुए क्या उनके कप्तान शुभमन गिल उन्हें नई गेंद भी दे सकते हैं? मोहित ने पिछले मैच में शतक जड़ने वाले बटलर को तीन पारियों में दो बार आउट किया है। इस दौरान बटलर उन पर सिर्फ. 15.5 की औसत से रन बना पाए हैं, हालांकि उनका स्ट्राइक रेट 206.66 का रहा है।

**▸ राशिद खान भी बटलर को संभाल ही लेते हैं**

बटलर ने पिछले मैच में शतक लगाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए थे। ऐसा हो सकता है कि इस साल मोहित ने एक भी गेंद नई गेंद से नहीं की है, तो उन्हें गिल नई गेंद ना दें। लेकिन ऐसे में वह अपने सर्वश्रेष्ठ स्पिनर राशिद को पावरप्ले में ला सकते हैं। बटलर, राशिद के खिलाफ संघर्ष करते हुए नजर आते हैं। उनका स्ट्राइक रेट अफगानी स्पिनर के खिलाफ सिर्फ. 63.82 का है, जबकि राशिद उन्हें तीन बार आउट कर चुके हैं।

**▸ मिलर बनाम चहल**

एक अनूठी कहानी चोट के कारण डेविड मिलर पिछले दो मैचों में नहीं उतरे हैं, लेकिन इस मैच में उनके खेलने की संभावना है। अगर वह खेलते हैं तो युजवेंद्र चहल के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी को देखना दिलचस्प होगा। मिलर ने चहल के खिलाफ 175 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जिसमें एक चौके के मुकाबले कुल सात छक्के शामिल हैं।

इसका मतलब है कि वह, चहल के खिलाफ सिर्फ. बड़े हिट के लिए जाते हैं। हालांकि चहल ने भी मिलर को नौ पारियों में तीन बार आउट किया है।

**▸ कम दिलचस्प नहीं है सैमसन बनाम उमेश**

संजू सैमसन ने इस साल अपनी शुरूआती फॉर्म को अभी तक बरकरार रखा है। उन्होंने गुजरात के एक और फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज उमेश यादव के खिलाफ नौ पारियों में 33.66 की औसत और 165.57 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। हालांकि उमेश भी उन्हें तीन बार आउट करने में सफल रहे हैं।

## ऐश्वर्या मिश्रा का २०२३ एशियाई चैंपियनशिप का कांस्य पदक रजत में बदलेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शीर्ष भारतीय एथलीट ऐश्वर्या मिश्रा का एशियाई चैंपियनशिप 2023 की 400 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक रजत पदक में बदलेगा क्योंकि इस स्पर्धा में शुरूआत में दूसरे स्थान पर रही उज्बेकिस्तान की फरीदा सोलियेवा डोप परीक्षण में विफल रही हैं। पिछले साल बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 13 जुलाई को लिए गए सोलियेवा के मूत्र के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम पाया गया है और डोपिंग से निपटने के



लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघ की इकाई एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने उस तारीख से उनके सभी नतीजों को अमान्य कर दिया है। एआईयू ने कहा, एआईयू ने प्रतिबंधित पदार्थ (मेल्डोनियम) की मौजूदगी/इस्तेमाल के लिए 13 सितंबर 2023 से फरीदा सोलियेवा को तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया है। 13 जुलाई 2023 से उनके सभी नतीजों को अमान्य किया जाता है।' सोलियेवा 52.95 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं थी जबकि ऐश्वर्या ने 53.07 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था।

श्रीलंका की नदीषा रमानायके ने 52.61 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

ऐश्वर्या चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले और कांस्य पदक जीतने वाली महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम का भी हिस्सा थीं।

## तीन टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी इंग्लैंड टीम

**एजेंसी। लंदन**

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को ऐलान किया कि उनकी टीम 28 नवंबर से तीन टेस्ट के दौरे पर न्यूजीलैंड जाएगी। श्रृंखला का पहला मैच क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा जबकि दूसरा मैच छह दिसंबर से वेलिंगटन और तीसरा 14 दिसंबर से हैमिल्टन में होगा।

दोनों टीमों की टेस्ट श्रृंखला में टक्कर पिछले साल फरवरी मार्च में हुई थी और दो मैचों की श्रृंखला ड्रॉ रही थी। न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट एक रन से और इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 267 रन से जीता था। ये तीनों टेस्ट विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे जिसमें न्यूजीलैंड ने पहले सत्र में आस्ट्रेलिया को हराया था। भारत इस बार नौ में से छह टेस्ट जीतकर डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया दूसरे और न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड नौवे स्थान पर है। शीर्ष दो टीमें 2025 में लॉडर्स पर फाइनल खेलेंगी।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले दो मैच गंवा चुकी भारतीय पुरूष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में बुधवार को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण इस श्रृंखला में भारत को पहले मैच में 1 -5 और दूसरे में 2 -4 से पराजय का सामना करना पड़ा। इस दौरे से भारतीय टीम को अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा। पहले दोनों मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के डिफेंस को दबाव में रखा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय डिफेंडरों ने पहले दो मैचों में कई आसान गोल और पेनल्टी कॉर्नर गंवाए। वहीं फॉरवर्ड पंक्ति विरोधी खेमे में हमले नहीं बोल सकी। मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और सुखजीत को मौकों को भुनाना होगा। मिडफील्ड में प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है और मिडफील्डरों ने काफी मौके बनाए हैं। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने पहले दो मैचों में अलग रणनीति आजमाने की कोशिश की। शॉर्ट और तेज रफ्तार पास की बजाय भारतीयों ने डीप से लंबे पास का आदान प्रदान किया लेकिन आस्ट्रेलियाई डिफेंस को नहीं तोड़ सके। चौथा मैच 12 अप्रैल को और पांचवां 13 अप्रैल को खेला जाएगा।

## जिलास्तरीय ओपेन बालक-बालिका खो-खो प्रतियोगिता २७ एवं २८ अप्रैल को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में ओपन रांची जिला बालक-बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 27 एवं 28 अप्रैल को एलईबीबी उच्च विद्यालय, रांची के प्रांगण में किया गया है। यह जानकारी देते हुए रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के पदाधिकारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी खिलाड़ियों की अधिकतम आयु 31 दिसंबर 2024 को 19 वर्ष से कम होनी चाहिए। इस प्रतियोगिता में किसी भी कोटि के विद्यालय, महाविद्यालय, क्लब, ग्रामीण क्षेत्र की टीमें सीधे प्रवेश ले सकती हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम पंजीयन की अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2024 है।



**इस प्रतियोगिता में किसी भी कोटि के विद्यालय, महाविद्यालय, क्लब, ग्रामीण क्षेत्र की टीमें सीधे प्रवेश ले सकती हैं।**

उन्होंने बताया कि प्रत्येक टीम के सभी खिलाड़ियों के आधार कार्ड की छायाप्रति, दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, एक टीम में अधिकतम 12 खिलाड़ी, एक प्रशिक्षक, एक टीम प्रबंधक की सूची रांची जिला खो खो एसोसिएशन के वरीय प्रशिक्षक विवेक कुमार (मोबाइल न. 7004818036), कोषाध्यक्ष सहजाद कुरैशी (मोबाइल न. 8199740791) से संपर्क स्थापित कर जमा कर सकते हैं। कहा कि इस प्रतियोगिता के आधार पर रांची जिला बालक-बालिका खो-खो टीम का चयन किया जाएगा। टीम में चयनित खिलाड़ी आगामी माह में राज्य स्तरीय आयोजित प्रतियोगिता में रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## धोनी के लिए दर्शकों का शोर सुन आंद्रे रसेल ने बंद कर लिए कान

**नई दिल्ली।** चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में जब कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए महज तीन रह चाहिए थे तो 7वें नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले धोनी अचानक क्रीज पर आ गए। धोनी को देखकर चेन्नई की जनता क्रेजी हो गई तो चेपॉक स्टेडियम के चारों ओर शोर मच गया। यह शोर इतना था कि इससे कोलकाता के आंद्रे रसेल भी परेशान हो गए। रसेल धोनी की एंट्री के वक्त बाऊंड्री रोप के पास फील्डिंग कर रहे थे। दर्शकों ने जब शोर मचाया तो यह इतना था कि रसेल ने अपने दोनों कान हाथों से ढंक लिए। रसेल के ऐसा करते की एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।

## रवींद्र जडेजा ने आईपीएल में पूरे किये 100 कैच

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच के दौरान लीग में अपने 100 कैच पूरे कर लिए। जडेजा ने सोमवार को आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में दो कैच लिए और तीन विकेट झटके, जिसकी बदौलत केकेआर की टीम 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 137 रन ही बना सकी। मैच में इन दो कैचों के साथ ही जडेजा ने लीग में अपने 100 कैच पूरे कर लिए और यह उपलब्धि हासिल करने वाले पांचवें खिलाड़ी बन गए। उन्होंने केकेआर की पारी की पहली ही गेंद पर, फिलिप साल्ट का कैच पकड़ा और फिर 20वें ओवर में केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर का डीप मिडविकेट पर आसान सा कैच लपका।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# भारत में टेस्ला का प्रवेश 'स्वाभाविक प्रगति' : एलन मस्क

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का कहना है कि भारत में टेस्ला का प्रवेश एक स्वाभाविक बात (नेचुरल प्रोग्रेशन) है। देश इस परिवर्तन के लिए तैयार है। मस्क का ये बयान भारतीय बाजार में टेस्ला की एंट्री का एक बड़ा संकेत है। नोर्गेस बैंक इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट के सीईओ निकोलाई टैंगेन के साथ अपने एक्स पर 'स्पेसेस' मीटिंग में एलन मस्क ने कहा, भारत में टेस्ला इलेक्ट्रिक वाहन उपलब्ध कराना एक स्वाभाविक प्रगति है।

सभी वाहन इलेक्ट्रिक हो जाएंगे और यह सिर्फ समय की बात है। अन्य देशों की तरह, जिन्होंने ईवी को अपनाया है, भारत में भी अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक कारें होनी चाहिए। पिछले हफ्ते रिपोर्ट सामने आई थी कि इलेक्ट्रिक कार कंपनी भारत में 2-3 अरब डॉलर का ईवी प्लांट स्थापित करने के लिए जगह की तलाश के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भेज रही है।




कथित तौर पर गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु ईवी विनिर्माण शुरू करने और उन्हें निर्यात करने के कंपनी के एजेंडे में टॉप पर हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने ई-मोबिलिटी सेक्टर में निवेश के लिए देश में अवसर तलाशने के लिए एलन मस्क को आमंत्रित किया था।

उद्योग विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि 'मेक इन इंडिया' पहल के साथ-साथ ईवी बैटरी विनिर्माण में वृद्धि से विनिर्माण लागत कम होगी और देश में ईवी बिक्री को बढ़ावा मिलेगा।

## यामाहा ने एमटी -15 को किया अपडेट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडिया यामाहा मोटर इंडिया ने आज (8 अप्रैल) अपने 'द कॉल ऑफ द ब्लू' कैंपेन के तहत तीन मॉडल को अपडेट किया है। इसमें हाइब्रिड स्कूटर फसीनो, Ray ZR और नेकेड स्ट्रीटफाइटर बाइक एमटी-15 V2 शामिल है। कंपनी ने तीनो मॉडल में नए कलर ऑप्शन के साथ कुछ सेफ्टी फीचर भी जोड़े हैं। इनमें सेफ्टी के लिए हेजार्ड लाइट फंक्शन दिए गए हैं। इस फंक्शन में गाड़ी के चारों इंडीकेटर्स ब्लिंग करते हैं। इसका इस्तेमाल ज्यादातर कोहरे के समय किया जाता है। यामाहा ने नेकेड स्ट्रीटफाइटर बाइक EFMXE-15वी2 में नया साइबर ग्रीन कलर ऑप्शन पेश किया है। इसके अलावा, स्ट्रीट नेकेड बाइक को और ज्यादा अट्रेक्टिव बनाने के लिए सियान स्टॉर्म उछ कलर स्कीम में कुछ ग्राफिकल चेंजेस किए हैं। इसके अलावा बाइक डार्क मैट ब्लू, मेटैलिक ब्लैक, आइस फ्लूओ वर्मिलियन, रेसिंग ब्लू और मेटैलिक ब्लैक कलर ऑप्शन के साथ अवेलेबल है।



EFMXE-15वी2की कीमत 1,72,700 रुपए (एक्स-शोरूम) है। यामाहा EFMXE-15वी2 को पावर देने के लिए 155 सिंगल-सिलेंडर लिक्विड-कूल्ड इंजन दिया गया है, जो 10000एचपी पर की पावर और 7500rp, 14.2Nm का टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन VVA तकनीक के साथ आती है और इसे स्लिप और असिस्ट क्लच के साथ 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ जोड़ा गया है।

## व्हाट्सएप पर कंपनियां भेज रही हैं फालतू के मैसेज? ऐसे करें सभी को ब्लॉक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

व्हाट्सएप पर आने वाले स्पैम मैसेज पर अभी भी कोई कंट्रोल नहीं है। हर दिन लोगों के पास व्हाट्सएप पर तमाम कंपनियों के प्रमोशनल मैसेज आ रहे हैं। सरकार भी इसे रोकने के लिए प्रयास कर रही है लेकिन फिलहाल कोई फायदा नजर नहीं आ रहा है, हालांकि आप अपने व्हाट्सएप में कुछ सेटिंग बदलकर इस तरह के प्रमोशनल मैसेज से बच सकते हैं।

**इसके तीन तरीके हैं...**

**▸▸ब्लॉक : पहला और सबसे कारगर तरीका तो यही है कि जिस बिजनेस नंबर से आपको मैसेज आ रहे हैं, उन्हें ब्लॉक कर दें। एक बार ब्लॉक करने के बाद बिजनेस आपको मैसेज नहीं कर पाएंगे।**

**▸▸रिपोर्ट : आपके पास व्हाट्सएप ने ही यह अधिकार दिया है कि यदि आपको लगता है कि किसी बिजनेस नंबर से आपके मैसेज आ रहे हैं जिनकी आपको जरूरत नहीं है तो आप उस नंबर को रिपोर्ट कर सकते हैं।**

**▸▸स्टॉप : कुछ बिजनेस यूजर्स को इसकी सुविधा देते हैं कि वे उनसे प्रमोशनल मैसेज चाहते हैं या नहीं। यदि आप बिजनेस अकाउंट से मैसेज रिसीव करना नहीं चाहते हैं तो आप स्टॉप के ऑप्शन पर क्लिक कर सकते हैं।**

**▸▸ऑप्ट आउट : कुछ बिजनेस "Opt out of mrketifg messges" का भी बटन चैट के साथ देते हैं। यदि आपको उस बिजनेस नंबर से मैसेज नहीं चाहिए तो आप इस ऑप्शन पर क्लिक कर सकते हैं।**

## पेटीएम पेमेंट्स बैंक के एमडी और सीईओ सुरिंदर चावला ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** चौतरफा मुश्किलों से घिरी भुगतान कंपनी पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुरिंदर चावला ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। चावला ने निजी कारणों से अपना इस्तीफा दिया है। वे 26 जून को पीपीबीएल से मुक्त हो जाएंगे।

## 30 जून तक बिना किसी पाबंदी के तरबूज बीज के आयात को सरकार ने दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने तरबूज के बीज का एक मई से 30 जून तक बिना किसी पाबंदी के आयात करने की अनुमति दे दी है। यह अनुमति वास्तविक प्रयोगकताओं से लेकर इस जिंस के पात्र प्रसंस्करणकताओं के आधार पर होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के अनुसार, तरबूज के बीज के लिए वैध एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण) निमार्ता लाइसेंस के आधार पर ही आयात की अनुमति दी जाएगी। डीजीएफटी की अधिसूचना में कहा गया है कि आयात किए जाने वाले तरबूज के सभी बीज का आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण अनिवार्य होगा।

## संभावित ग्राहकों के डेटा उल्लंघन की जांच की जा रही है : बोट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू ऑडियो और वियरेबल ब्रांड बोट ने सोमवार को कहा कि वह अपने ग्राहकों की जानकारी से जुड़े संभावित डेटा लीक की जांच कर रहा है।

कंपनी ने उन रिपोर्टों के बाद प्रतिक्रिया दी जिनमें दावा किया गया था कि साइबर उल्लंघन ने स्पष्ट रूप से उसके 75 लाख से अधिक ग्राहकों के डेटा से समझौता किया है।

कंपनी के एक प्रवक्ता ने आईएएनएस को बताया, ₹बोट ग्राहकों की जानकारी से जुड़े संभावित डेटा लीक के हालिया दावों से अवगत है।

कंपनी ने कहा कि उसने इन दावों को गंभीरता से लिया और तुरंत एक व्यापक जांच शुरू की। प्रवक्ता ने कहा, बोट में, ग्राहकों के डेटा की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पिछले साल, भारतीय ट्रू वियरेबल स्टीरियो शिपमेंट में 34 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। बोट ने 39 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बाजार का नेतृत्व किया। स्थानीय विनिर्माण पर जोर के बीच किफायती पेशकश के कारण कंपनी ने लगातार चौथे वर्ष शीर्ष स्थान हासिल किया।



## केंद्र ने मनोज पांडा को 16वें वित्त आयोग का सदस्य नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अर्थशास्त्री मनोज पांडा को 16वें वित्त आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक निरंजन राजाध्यक्ष के आयोग में शामिल होने में असमर्थता जताने के बाद पांडा की नियुक्ति की गई है। आर्थिक मामलों के विभाग ने जारी एक अधिसूचना में कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ के पूर्व निदेशक, मनोज पांडा को 16वें वित्त आयोग के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया जा रहा है। अधिसूचना के मुताबिक पांडा कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से रिपोर्ट जमा करने तक या 31 अक्टूबर, 2025 तक (जो भी पहले हो) पद पर बने रहेंगे।

## गैस बिल भरने के लिए लिंक पर किया क्लिक तो अकाउंट से निकले 16 लाख रुपये

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुपरफास्ट इंटरनेट के इस दौर में कब किसके साथ ठगी हो जाएगी, यह बताना बहुत ही मुश्किल काम है। कभी बिजली बिल के नाम पर तो कभी बैंक केवाईसी के नाम पर लोगों को चूना लगाया जा रहा है। अब महाराष्ट्र नेचुरल गैस लिमिटेड के नाम पर 66 वर्षीय शख्स को चूना लगाया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना 27 मार्च की है और मुंबई की है। एक 66 साल के शख्स के पास MNGL की ओर से मैसेज आया जिसमें बकाया बिल जमा करने के लिए कहा गया। बिल की राशि 514 रुपये की थी। ठगों ने शख्स पर बिल तुरंत जमा करने के लिए दबाव बनाया और उनके फोन नंबर पर एक वेब लिंक भेजा।





जानकारी के अभाव में शख्स ने लिंक पर क्लिक किया और ठगों को MNGL के असली कर्मचारी समझकर उनके द्वारा बताए गए निदेशों का पालन किया। उन्होंने अपने बैंक अकाउंट के डेबिट कार्ड का डिटेल पर भी उन्हें दे दिया जिसके बाद उनके अकाउंट से 49,850 निकलने का मैसेज आया। इस घटना के बाद जब शख्स बैंक पहुंचा तो पता चला कि उनके नाम पर 16,22,310 रुपये का लोन लिया गया है जो कि ठगों ने ही लिए हैं। इस संबंध में शिवाजीनगर थाने में शिकायत की गई है और मामले की जांच हो रही है।

कहां हुई गलती?

सरकार और मीडिया की ओर से हर रोज लोगों को आगाह किया जा रहा है किसी भी अनजान मैसेज पर भरोसा ना करें। यदि किसी ने आपको कोई वेब लिंक भेजा है तो उस पर बिलकुल भी क्लिक ना करें। बैंक अकाउंट की डिटेल देने की गलती ना करें, लेकिन लोग हैं कि मानते नहीं। यदि आपको धमकाता है, कनेक्शन काटने की धमकी देता है तो आपको डरने की जरूरत नहीं है। ज्यादा-से-ज्यादा यही होगा कि आपका कनेक्शन कट जाएगा, लेकिन आपके पैसे तो ठगों के हाथ में नहीं जाएंगे। सुपरफास्ट इंटरनेट के इस दौर में जानकारी और सावधानी ही बचाव है।

# लाल खून से रंगी है कोयलांचल की काली धरती



उपेंद्र गुप्ता। रांची

धनबाद कोयले की खानों के लिये देशभर में मशहूर है, इसलिए इसे कोयलांचल के नाम से भी जाना जाता है। बराकर नदी के किनारे पर बसा धनबाद प्राकृतिक रूप से यह क्षेत्र काफी मनोरम है। इसी नदी पर मैथन बांध बना हुआ है, जहां पर्यटक घुमने आते हैं। साथ ही तोपचांची झील भी पर्यटन स्थलों में से एक है। यह झील जंगलों और पारसनाथ की पहाड़ियों से घिरी हुई है। यहां का दृश्य काफी सुंदर है। प्रसिद्ध मां कल्याणश्वरी का मंदिर भी इसी जिले में है,जहां हजारों श्रद्धालु बड़ी संख्या में सालों भर दर्शन करने आते हैं।

**धनबाद लोकसभा**

**धनबाद का सियासी इतिहास :** देश के पहले आम चुनाव 1952 में धनबाद लोकसभा सीट पर पीसी बोस कांग्रेस के टिकट पर सांसद चुने गए थे। 1957 में भी पीसी बोस ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद 1962 में कांग्रेस के पीआर चक्रवर्ती, 1967 में निर्दल प्रत्याशी रानी ललिता राज्य लक्ष्मी ने जीत हासिल की। 1971 में कांग्रेस के राम नारायण शर्मा जीते। 1977,1980 और 1989 में मार्क्सवादी समन्वय समिति के एके रॉयचुनाव जीतने में सफल रहे। जबकि 1984 में कांग्रेस के शंकर दयाल सिंह ने इस सीट पर कब्जा जमाया था।

**1991 में भाजपा का खुला खाता**

धनबाद लोकसभा सीट पर 1991 में रीता वर्मा बीजेपी के टिकट पर चुनाव में उतरीं और जीतकर दिल्ली पहुंचीं। इसके बाद वह 1996, 1998 और 1999 में भी रीता वर्मा ने जीत हासिल की. इस सीट पर रीता वर्मा लगातार चार बार सांसद चुनी गईं। 2004 के चुनाव में कांग्रेस के चंद्रशेखर दुबे ने इस सीट पर कब्जा कर किया। लेकिन 2009 में भाजपा ने फिर से कब्जा जमा लिया, उसके बाद 2014 और 2019 में भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगाई , पशुपतिनाथ सिंह लगातार सांसद बने।

**2014 चुनाव का नतीजा :** इस लोकसभा चुनाव में भाजपा के पशुपति नाथ सिंह को 5 लाख 43 हजार 491 वोट, जबकि कांग्रेस के अजय कुमार दुबे को 2 लाख 50 हजार 537 वोट मिला था। इस चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को 2 लाख 92 हजार 954 वोटों के बड़े अंतर से शिकस्त दी थी। 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा के पशुपति नाथ सिंह को 8 लाख 27 हजार 234 वोट मिला और कांग्रेस के कीर्ति आजाद को 4 लाख 86 हजार 194 वोटों के भारी अंतर से करारी शिकस्त दी। इस चुनाव में कीर्ति आजाद को 3 लाख 41 हजार 40 वोट मिले थे।

**झारखंड की सबसे बड़ी सीट, 22 लाख मतदाता :** धनबाद राज्य का सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र है। इसमें 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें धनबाद, बोकारो, सिंदरी, झरिया, चंदनकियारी और निरसा विधानसभा क्षेत्र शामिल है। धनबाद लोकसभा क्षेत्र बीजेपी का गढ़ माना जाता है। इसमें से सात बार बीजेपी को जीत मिली है तो वहीं तीन बार कांग्रेस को जीत मिली है। इस सीट से तीन बार निर्दलीय उम्मीदवारों को जीत मिली है।

**धनबाद का सामाजिक समीकरण :** धनबाद लोकसभा सीट पर एसटी, एससी, मुस्लिम, ठाकुर, ब्राह्मण वोटरों का दबदबा है। धनबाद लोकसभा सीट पर एसटी वोटरों की संख्या करीब 3 लाख है। तो वहीं एससी वोटरों की संख्या करीब 2 लाख है। वहीं इस सीट पर करीब 3 लाख वोटर मुस्लिम समुदाय से हैं। जबकि ब्राह्मण ठाकुर वोटरों की संख्या करीब ढाई लाख है।

## धनबाद सीट पर कई दावेदार के कारण उलझन में कांग्रेस



धनबाद सीट पर कांग्रेस में दावेदारों की लिस्ट इतनी लंबी है कि एक अनार सौ बीमार की कहावत चरितार्थ हो रही है, दावेदारों में पहले ही दर्जन भर नाम पर शीर्ष नेतृत्व की ओर से विचार किया जा रहा है। कांग्रेस में टिकट के दावेदारों में पहले से अजय कुमार दुबे, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, पूर्व सांसद चंद्रशेखर उर्फ ददई दुबे, अशोक कुमार सिंह एवं विजय कुमार सिंह का नाम शीर्ष पर है। लेकिन अब अनूप सिंह की पत्नी का नाम सामने आने के बाद धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस का टिकट पाने वाले दावेदार आमने-सामने हैं। अनुपमा सिंह का नाम उछलने के बाद धनबाद में कांग्रेस टिकट के लिए चल रही गहमागहमी और बढ़ गई है। इस बीच बीजेपी के पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय ने भी दिल्ली में कांग्रेस के आला नेताओं से मुलाकात की।

## सिंह मेंशन और रघुकुल के बीच खूनी संघर्ष

आरंभ में सूर्यदेव सिंह के चारों भाई राजनारायण सिंह उर्फ राजन सिंह, बच्चा सिंह, विक्रम सिंह और रामाधीर सिंह सिंह मेंशन में एक साथ रहते थे, लेकिन सूर्यदेव सिंह की मौत के बाद राजनीतिक महत्वाकांक्षा और विरासत को लेकर भाईयों में अलगवाद हुआ। संजीव सिंह के करीबी रंजय सिंह की हत्या का आरोप सूर्यदेव के छोटे भाई राजन सिंह के बेटे और पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह पर लगा। उसके बाद नीरज सिंह और अन्य तीन की हत्या को रंजय सिंह की हत्या के प्रतिशोध के रूप में देखा गया ।जिसका आरोप सूर्यदेव सिंह के बेटे संजीव सिंह पर लगा। आज दोनों परिवार के बीच वर्चस्व के साथ राजनीतिक संघर्ष भी जारी है, 2014 में सूर्यदेव सिंह के बेटे संजीव सिंह को भाजपा ने टिकट दिया, वहीं कांग्रेस ने राज नारायण सिंह उर्फ राजन सिंह के बेटे नीरज सिंह को टिकट दिया। इस दौरान चुनाव में संजीव सिंह ने नीरज सिंह को हरा दिया था। 2017 में नीरज सिंह की हत्या के बाद 2019 में भाजपा ने संजीव सिंह की पत्नी को रागिनी सिंह को टिकट दिया,।

## केवल रीता वर्मा को ही केंद्र में मंत्री बनने का मिला सौभाग्य



धनबाद लोकसभा सीट पर 17 बार लोकसभा चुनाव 10 राजनीतिज्ञ सांसद बने हैं। लेकिन यहां से चार बार सांसद रहीं प्रोफेसर रीता वर्मा ही एक बार केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह बना पायीं। 1991, 1996, 1998 तथा 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में लगातार जीत का परचम लहराने वाली प्रोफेसर रीता वर्मा को अटलबिहारी वाजपेयी सरकार में जगह मिली। 1999 के चुनाव में जीत का चौका लगाने के बाद श्रीमती वर्मा पहले खान एवं खनिज राज्य मंत्री बनीं। एक वर्ष बाद उन्हें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री बनाया गया। फिर ग्रामीण विकास विभाग में राज्यमंत्री बनीं। फिर 2001 से 2003 तक मानव संसाधन विकास विभाग में राज्यमंत्री रहीं। श्रीमती वर्मा कुछ दिनों तक लोकसभा अध्यक्ष के पैनल मेंबर भी रहीं। वर्ष 1998 के चुनाव के बाद भाजपा संसदीय दल की सचेतक भी रहीं।

## कोयलांचल के किंग के नाम से मशहूर थे सूर्यदेव सिंह



धनबाद जिसे पूरा देश कोयलांचल के नाम से भी जानता है, यहां दशकों से जमीन के नीचे खदानों में आग सुलग रही हैं। तो जमीन के ऊपर माफिया गैंगवार की जो आग लगी है। जिसकी आंच पांच दशक गुजर जाने के बाद भी बुझी नहीं है। इसकी शुरूआत 50 के दशक में हुई। जब बी.पी. सिन्हा इस इलाके में ट्रेड यूनियन के सबसे बड़े नेता के रूप में उभर रहे थे। उन्होंने बिहार और यूपी के लठैतों और बाहुबलियों की एक फौज से करीब दो दशकों तक इस इलाके में अपना सिक्का कायम रखा था। बीपी सिंहा की हत्या के बाद झरिया की राजनीति में मजदूर नेता सूर्यदेव सिंह और उनके परिवार का पिछले 4 दशकों से लगातार कब्जा है। यह उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के गोन्हिया छपरा के रहने वाले सूर्यदेव सिंह 1960 में रोजगार की तलाश में धनबाद के झरिया पहुंचे थे। बीपी सिंहा के साथ की सालों तक काम किया। इसके बाद कोयलांचल में उनका नाम चमकने लगा धीरे-धीरे वह गरीब और मजदूरों के मसीहा बन गए। 1964 से 1974 तक विभिन्न मजदूर संगठनों में रहकर काम किया। इस दौरान लगातार उनका झरिया और धनबाद के क्षेत्र में दबदबा बढ़ता गया। 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर उन्होंने झरिया विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और उस वक्त के बड़े श्रमिक नेता एसके राय को हराकर झरिया के विधायक बने। इसके बाद सूर्य देव का राजनीतिक सफर चलता रहा और लगातार 1980 , 1985 और 1990 में विधायक बने. साल 1991 में हार्ट अटैक से उनकी मृत्यु हो गई। उनके बाद उनकी पत्नी कुंती सिंह 2005 और 2009 में झरिया की विधायक बनीं। इसके बाद 2014 में सूर्यदेव सिंह और कुंती सिंह के बेटे संजीव सिंह भाजपा के टिकट पर झरिया से विधायक बने। कुंती सिंह से पूर्व सूर्यदेव सिंह के भाई बच्चा सिंह 2000 में संयुक्त बिहार में हुए विधानसभा चुनाव में झरिया विधानसभा सीट से चुनाव जीते और बाबूलाल मरांडी की सरकार में नगर विकास मंत्री बने थे।

## कोयलांचल के कारोबारियों में गैंगस्टर प्रिंस खान का खौफ



धनबाद कोयलांचल माफिया के लिए हमेशा चर्चा में रहा है, हर दौर में कोई ना कोई माफिया अपना वर्चस्व कायम कर ही लेता है, आज के दौर में वासेपुर के गैंगस्टर प्रिंस खान सबसे बड़ा अपराधी है। जिस पर 50 से अधिक मुकदमें है, ईडी ने धनबाद व आसपास के जिलों में उसके विरुद्ध दर्ज 50 कांडों को एक साथ जोड़कर एक इंफोर्समेंट केस इंफार्मेशन रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज किया है। ये कांड धनबाद को बम से उड़ाने की धमकी देने, व्यवसायियों, कारोबारियों को जान से मारने की धमकी देकर लेवी-रंगदारी वसूलने से संबंधित है। बहुत कम समय में अपराध की दुनिया में अपने नाम का दहशत कायम करने वाला प्रिंस खान दुबई से गैंग संचालित कर रहा है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए झारखंड पुलिस ने इंटरपोल की भी मदद ली है। प्रिंस खान की दहशत धनबाद तथा आसपास के जिलों के सिर्फ व्यवसायियों में ही नहीं है बल्कि उसका खौ? कोयलांचल के डॉक्टर और नेताओं के बीच भी है। गैंगस्टर प्रिंस खान व्हाट्सएप मैसेज भेजकर रंगदारी की मांग करता है और उसके गुर्गे वसूली करते हैं। नर्सिंग होम के संचालक और महिला डॉक्टर से एक करोड़ की रंगदारी मांगी है। शराब दुकान से प्रिंस खान के गुर्गे मेजर खान ने 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगी, एक कांग्रेस नेता से रंगदारी की मांग की है। मनोज सिंह को कर 10 लाख की रंगदारी की मांग की है। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। बैंक मोड़ में व्यवसायी दीपक अग्रवाल को प्रिंस खान के के गुर्गों ने रंगदारी नहीं देने पर गोली मार कर हत्या कर दी।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनेगा भारत : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर की ओर से युवा संवाद का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल हुए। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रचुर संसाधनों के होने के बावजूद बीते 70 सालों में यूपीए सरकार ने जो नहीं किया, उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने महज 10 सालों में पूरा किया। पीएम मोदी ने सिर्फ घोषणाएं और संकल्प पत्र जारी करने का ही काम नहीं किया। बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने का भी काम किया है। खासकर युवाओं के लिए जो रोजगार के अवसर सृजित किए, वह काबिले तारीफ है। वर्तमान समय में उद्यमिता को बढ़ावा देने से कुशल और प्रशिक्षित युवाओं के बीच बेरोजगारी की स्थिति नहीं है। नरेन्द्र मोदी ने युवाओं की ओर ध्यान देते हुए स्कील इंडिया, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, आत्मनिर्भर भारत, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना समेत कई योजनाएं लायीं। जिसका परिणाम है कि राष्ट्र के उद्यमी युवा अन्य युवाओं को आगे बढ़ाने में सहायक हैं। वह दिन दूर नहीं जब नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा। कार्यक्रम के दौरान सांसद सह रांची से लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ ने युवाओं के प्रयास से सस्टेनेबल डेवलपमेंट की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान की केन्द्र सरकार युवाओं की भी सुनती है और उनसे कॉन्सेप्ट लेकर योजनाओं का निर्माण करती है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। भारत ने रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में 7 विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं और अमेरिका के बाद दुनिया में दूसरे नंबर पर जगह बना ली है। चाहे वह कुटीर उद्योग की बात हो या फिर सूचना और प्रौद्योगिकी की। चाहे वह रोजगार मुहैया कराने की बात हो या फिर किसी किसान परिवार के बेटे को उत्तम संसाधन मुहैया कराने की।

# निकाय चुनाव नहीं कराने के पीछे मंशा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना : नेता प्रतिपक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने राज्य सरकार पर चौतरफा हमला बोला। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव नहीं कराने के पीछे राज्य सरकार की मंशा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में निकाय चुनाव लंबित हैं। रोशनी खलखो की जनहित याचिका पर कोर्ट ने तीन हफ्ते के भीतर चुनाव कराने के निर्देश दिया था। लेकिन राज्य सरकार ने उल्टे ट्रिपल टेस्ट के बहाने समय पार करते हुए याचिका खारिज करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने 30 वर्षों से लंबित पंचायत चुनाव कराकर लोकतंत्र को मजबूत करते हुए जनभागीदारी सुनिश्चित कराई थी। उसके बाद रघुवर सरकार ने निकाय चुनाव संपन्न कराए थे।




### सोनिया की राह पर कल्पना

प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी ने हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और सीएम चंपई सोरेन पर तंज कसते कहा कि उनकी भूमिका अब कांग्रेस की सोनिया गांधी की तरह हो गई है, जिस तरह पीएम मनमोहन सिंह की हालत थी, ठीक उसी तरह झारखंड में भी स्थिति हो गई है। कल्पना पूरी तरह लाइम लाइट में हैं तो सीएम चंपई सोरेन लाइम लाइट से दूर हैं। उनकी हालत सर्कस के टाइगर जैसी हो गई है। प्रेसवार्ता में उपाध्यक्ष आरती कुजूर,प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ,सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक उपस्थित थे।

प्रतिपक्ष के नेता ने कहा कि लेकिन वर्तमान राज्य सरकार की मंशा साफ नहीं है। यह सरकार नगर निकायों के माध्यम से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना चाहती है। सरकार को पता है कि बिना ट्रिपल टेस्ट के चुनाव नहीं कराए जा सकते। यह सरकार ट्रिपल टेस्ट कराने की दिशा में भी शांत बैठी है ।पिछड़ा वर्ग आयोग भी पूरी तरह से गठित नहीं है। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य सरकार अन्य संवैधानिक संस्थाओं का भी गठन नहीं कर रही ।सिर्फ गलत बयानी कर जनता को दिग्भ्रमित कर रही। सूचना आयुक्त के संबंध में भी गलत सूचनाएं दी जा रही। आयोगों के गठन नहीं करने के पीछे भी भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की ही मंशा है।

## न्यूज बॉक्स

### कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद से दूसरे दिन भी ईडी कार्यालय में हुई पूछताछ



**रांची।** बड़कागांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद प्रवर्तन निदेशालय के समन पर मंगलवार को दूसरे दिन भी रांची के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची और उनसे पूछताछ हुई ।इसके पहले सोमवार को भी प्रवर्तन निदेशालय के दूसरे समन पर विधायक अंबा प्रसाद प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय पहुंची थी। जहां अधिकारियों ने उनसे लगभग 7 घंटे तक पूछताछ की थी। जांच में सहयोग के लिए विधायक अंबा प्रसाद मंगलवार को फिर से कार्यालय पहुंची थी। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जब भी उन्हें बुलाया जाएगा, तब वह जांच में सहयोग के लिए आएंगी।

### हाई कोर्ट ने लॉ यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट के रेपिस्ट को नहीं दी बेल

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले के सजायाफ्ता राजन उरांव की क्रिमिनल अपील की सुनवाई मंगलवार को हुई। राजन उरांव की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल कर सजा को निलंबित रखते हुए जमानत देने का आग्रह कोर्ट से किया गया था। कोर्ट ने इस आईए को खारिज करते हुए राजन उरांव को जमानत देने से इनकार किया। पूर्व में राजन उरांव की जमानत पर दोनों पक्षों की सुनवाई होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। रांची की एक फास्ट ट्रैक अदालत ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एनएलयू) की छात्रा से सामूहिक बलात्कार के मामले में 11 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

### हाई कोर्ट में रिम्स डायरेक्टर आज होंगे सशरीर उपस्थित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रिम्स में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, बुनियादी सुविधा दिलाने, एमआरआई मशीन सहित अन्य चिकित्सा उपकरण को ऑपरेशनल रखने आदि को लेकर दायर ज्योति शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में खंडपीठ ने रिम्स डायरेक्टर की ओर से कोर्ट के आदेश के बावजूद जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने बुधवार को रिम्स डायरेक्टर को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होकर जवाब देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने 13 मार्च को रिम्स डायरेक्टर को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा था कि रिम्स में एमआरआई मशीन सहित कितनी चिकित्सा मशीन फंक्शनल है? कितनी मशीनें अभी खराब हैं, मशीनों को चलाने के लिए टेक्नीशियन है या नहीं?

### झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन को लेकर दायर पीआईएल 14 साल बाद हुई निष्पादित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में धुर्वा स्थित झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन के निर्माण, पार्किंग सुविधा, वकीलों के लिए चैंबर सहित वकीलों के लिए अन्य सुविधाओं को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका 14 साल बाद मंगलवार को निष्पादित हो गई। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट का नया भवन बन चुका है और हाई कोर्ट अब धुर्वा में इस नए भवन में काम कर रहा है। इसमें वकीलों के लिए करीब 440 चैंबर भी बन चुके हैं, वकीलों को बैठने के लिए दो हॉल की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा चुकी है। पार्किंग के लिए भी बेहतर सुविधा है। याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए लगभग सभी बिंदुओं पर काम पूरा हो चुका है।

### पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करें पुलिस पदाधिकारी : एवी होमकर

**रांची।** राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए. वी. होमकर ने सभी पुलिस अधीक्षकों को कहा कि चुनाव में ढुलमुल रवैया नहीं चलेगा। पुलिस पदाधिकारी जिलों में पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक को अपने थाना प्रभारियों को आवंटित कार्यों को समयबद्धता के साथ पूरा करवाने का निर्देश देकर सख्ती से पालन करने की बातें कहीं। उन्होंने आवंटित कार्यों का निष्पादन में शिथिलता बरतने वाले संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया। बैठक में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए. वी होमकर, उप निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, डॉ. नेहा अरोड़ा, पुलिस उप महा निरीक्षक धनंजय सिंह, होमगार्ड एसपी निर्वाचन सदन में उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी की बैठक आयोजित

**रांची।** राष्ट्रीय जयहिन्द पार्टी की केंद्रीय समिति की एक विशेष बैठक कांके रोड में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष बबन चौबे ने की । बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव को लेकर की गई। बैठक में राज्य की कुछ मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें खदानों के शीघ्र चालू करने,बंद खदानों का जीर्णोद्वार करने किसानों को खाद, बीज, कर्ज, सिंची के संसाधन देने, निजी स्कूल संचालकों के मनमानी पर अंकुश लगाने, झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा देने, सरना कोड लागू करने, वकीलों के लिए सुरक्षा और कल्याण आयोग बनाने के आलावा सांसद-विधायकों के पेंशन व्यवस्था को खत्म करने पर प्रमुखता से चर्चा की गई। बैठक केंद्रीय अध्यक्ष को रांची लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाने पर भी सहमति बनी।

### चुनाव आयोग को भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

**रांची।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग कार्यालय में चुनाव आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में जिला प्रशासन पर आरोप लगाया कि प्रदेश भर में धारा 107 का दुरुपयोग किया जा रहा है। चुनाव आयोग की आड़ में धारा 107 का जिला प्रशासन द्वारा मनमानी किया जा रहा है प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजु, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी कुमारी, न्यायिक मामले व चुनाव आयोग संपर्क विभाग के प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव एवं अधिवक्ता प्रकाश झा शामिल थे। रांची के सांसद संजय सेठ ने भी प्रसासनिक कार्रवाई को विरोध करते हुए कहा कि निजी घरों पर लगे झंडे, निजी घरों की दीवारों पर लिखे नारे और पोस्टर, यह सब जिला प्रशासन के द्वारा जबरदस्ती उतरवाया जा रहा है।

## पृष्ठ एक के शेष

**मैं नहीं, बाबा और हेमंत सोरेन...**

न तो संसाधन थे और न ही इतने मीडिया। मगर आज परिस्थिति बदल चुकी है। आज यात्रा करने की सुविधा है। मगर जिस समय उलगुलान हुआ था, उस समय संसाधन नहीं के बराबर थे। हमलोगों को यह सुनिश्चित करना है कि बाबा की यह कर्मभूमि को बचाए रखना है।

**लोकसभा चुनाव को लेकर...**

तस्करी रोकने और अवैध शराब बनाने और बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। इसके अलावे हथियार की तस्करी पर रोक लगाने, नक्सल से लेकर अपराधियों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिया गया है। साथ ही नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त ऑपरेशन भी पुलिस चला रही है। चुनाव को प्रभावित करने वाले लोगों की पहचान कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव के मद्देनजर इंटर स्टेट बॉर्डर पर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस विशेष रणनीति बनाकर काम कर रही है।

**अंडर 19 राष्ट्रीय एथलेटिक्स खेल...**

मैनेजर पवन कुमार, सुशांति मंडोलिया ने टीम को बधाई दी है।

**स्केटिंग टीम रवाना :** सतना में 11 अप्रैल से 15 अप्रैल तक आयोजित होने वाले 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर 11, 14, 17, 19 बालक/बालिका वर्ग रोलर स्केटिंग में भाग लेने के लिए राज्य के खिलाड़ियों की टीम को मंगलवार को मध्य प्रदेश के लिए रवाना किया गया। टीम को राज्य शिक्षा एवं साक्षरता सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत रोलर स्केटिंग संघ के सदस्य विकास सिंह, अभिषेक राठौर, अमित कुमार, जॉर्ज कुमार, जयप्रकाश गुप्ता ने शुभकामनाएं दी हैं।

**522 करोड़ के जीएसटी घोटाला का...**

कर जेल भेजा था। जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने जांच की, तो इस मामले का खुलासा हुआ। जीएसटी की टीम ने पाया कि जमशेदपुर में 100 से ज्यादा कंपनी ऐसी हैं, जिसमें फर्जी तरीके से लेनदेन हो रहा है। अब तक इन कंपनियों में तीन हजार से ज्यादा के लेनदेन सामने आए हैं। जमशेदपुर में ही 150 करोड़ रुपये से ज्यादा का जीएसटी घोटाला सामने आया है। फिर एक टीम का गठन किया गया, जिसने अमित गुप्ता और सुमित गुप्ता को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि जीएसटी घोटाले का यह आंकड़ा 5000 करोड़ तक जा सकता है।

**सीएए के बांग्लादेशी घुषपैठियों पर...**

पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई दो मई निर्धारित की है। इससे पहले, सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि झारखंड के संथाल परगना के पांच जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों पर एक्शन केंद्र सरकार ले सकती है, राज्य सरकार की इसमें ज्यादा भूमिका नहीं है। लेकिन, अभी केंद्र सरकार द्वारा सीएए के लागू होने के बाद स्थितियां बदली हैं। पड़ोसी देश के कुछ अल्पसंख्यकों को नागरिकता दी जाएगी। कोर्ट को यह भी बताया गया कि साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा व जामताड़ा आदि क्षेत्र में अवैध प्रवासी (बांग्लादेशी घुसपैठियों) की संख्या बढ़ती जा रही है, यह लोग ट्राइबल आबादी को बहुत ज्यादा प्रभावित कर रहे हैं। इसलिए झारखंड में बसे बांग्लादेशियों पर अंकुश लगाने की जरूरत है। पूर्व में कोर्ट ने गृह मंत्रालय से पूछा था कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिए प्रवेश कर रहे हैं, बताएं इसे रोकने के लिए क्या किया जा रहा है। याचिकाकर्ता ने याचिका में कहा है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं। इससे इन जिलों में जनसंख्या में कुप्रभाव पड़ रहा है। इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसा स्थापित किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है।

**केजरीवाल की ईडी के खिलाफ...**

और रिमांड को दी गई चुनौती के मामले में फैसला सुनाएगी, जिसमें मामले में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी गई ।

**सीएम को हटाने की मांग वाली याचिका प्रचार पाने का तरीका : हाई कोर्ट**

आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक संदीप कुमार ने अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट ने फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा, अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करने वाली याचिका प्रचार पाने के लिए दायर की गई थी और याचिकाकर्ता भारी जुमार्ना लगाए जाने का हकदार है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने कुमार की याचिका को एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन की कोर्ट के पास भेजते हुए ये टिप्पणियां की। जस्टिस प्रसाद ने कहा कि यह सिर्फ प्रचार के लिए है। मामला अब 10 अप्रैल को डिविजन बेंच के सामने सुनवाई के लिए लगा है।

**केजरीवाल ने गिरफ्तारी की...**

स्वर्ण कांता शर्मा ने 3 अप्रैल को दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने उन्हें 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह लगभग 11 दिन तक रिमांड पर रहे। वर्तमान में 15 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में हैं।

**केजरीवाल का अहंकार चकनाचूर, स्व-घोषित...**

आदमी पार्टी (आप) का अहंकार चकनाचूर हो गया है। स्व-घोषित कट्टर ईमानदार का किरदार धारदार तथ्यों के साथ पूरी से तार-तार हो गया है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह सामान्य बात नहीं है। जिस प्रकार से उन्होंने जमानत के लिए नहीं, उन्होंने तो सीधे-सीधे अपनी हिरासत को ही चुनौती दी थी। अहंकार ये था कि मुझे छूट नहीं चाहिए मुझे दूसरे को गलत साबित करना है। इसलिए मैंने कहा कि अहंकार चूर-चूर हो गया है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जो साक्ष्य दिए गए वह नीति बनाने में मुख्य कर्ता-धर्ता थे। उससे प्राप्त चीज को आपराधिक गतिविधियों में उसका उपयोग किया गया। प्रथम दृष्टया वो नीति को बनाने में मुख्य सूत्रधार थे और फिर उसके बदले में धन प्राप्त करने में अपनी दूसरी भूमिका यानी आप संयोजक के रूप में कर्ता-धर्ता थे। साथ ही सुधांशु त्रिवेदी बोले कि कोर्ट ने अपने अवलोकन में कहा है कि किसी को जमानत दी गई या नहीं इस पर टिप्पणी करना सीधे-सीधे न्यायपालिका के ऊपर टिप्पणी करने के समान है। हाईकोर्ट ने कहा है कि राजनीतिक आधार से कोर्ट के निर्णयों की समीक्षा और कटाक्ष नहीं कर सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद झामुमो ने भाजपा पर साधा निशाना

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा पर जोरदार हमला किया । प्रदेश पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आईएएस अधिकारी अनिल टूटेजा और उसके बेटे यश को सुप्रीम कोर्ट से क्लीन चिट मिल गई है। झामुमो महासचिव ने पहले चंडीगढ़ मेयर चुनाव, फिर इलेक्ट्रॉल बॉन्ड और बघेल सरकार को क्लीन चिट देने के लिए सुप्रीम कोर्ट के प्रति आभार प्रकट करते हुए कि छत्तीसगढ़ के बस्तर और हसदेवा जंगल में अडाणी को माइनिंग कराने के लिए एक लोकप्रिय सरकार को बदनाम किया गया। अब जाकर हसदेवा जंगल में देखें, पेड़ काटे जा रहे हैं, जंगल का सफाया किया जा रहा है। इससे अब यह साबित हो रहा है कि किस प्रकार से केंद्र की मोदी सरकार अपने बिजनेस पार्टनरों को धंधा देने के लिए, विपक्षी दलों को अपने पाले में करने के लिए ईडी, सीबीआई और आईटी का गलत इस्तेमाल कर रही है। झामुमो नेता ने भाजपा की तुलना कंगारू से करते हुए कहा कि आज चुनाव में भाजपा का हर तीसरा प्रत्याशी दूसरे दल से आया हुआ है जो भ्रष्टाचार का आरोपी है। इसलिए इस देश में मोदी सबसे बड़े भ्रष्टाचारियों और परिवार वाद के पोषक के रूप में उभरे हैं। जिस तरह कंगारू अपने थैली में बच्चे को रखती है, सी तरह पीएम मोदी अपने थैली में सभी भ्रष्टाचारियों को पनाह दे रहे हैं। झामुमो नेता ने कहा कि हेमंत सोरेन लोकसभा चुनाव में प्रचार नहीं कर पाएं, इसकी पूरी सोची समझी रणनीति के तहत उन्हें गिरफ्तार किया गया और जेल भेजा गया।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### राष्ट्रपति आज करेंगी दो दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर बुधवार को नई दिल्ली के द्वारका में स्थित यशोभूमि कन्वेंशनल सेंटर में दो दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। सम्मेलन का आयोजन आयुष मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त शीर्ष अनुसंधान संगठन, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) द्वारा किया जा रहा है। सम्मेलन का विषय अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ानाः एक होम्योपैथिक संगोष्ठी होगा।

### गुजरात करणी सेना नेता राज शेखावत हिरासत में



**अहमदाबाद।** गुजरात करणी सेना के नेता राज शेखावत को अहमदाबाद पुलिस ने मंगलवार को हिरासत में ले लिया। राज शेखावत, केंद्रीय मंत्री और राजकोट से भाजपा उम्मीदवार परषोत्तम रूपाला के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में सबसे आगे रहे हैं। वह राजपूतों के बारे में उनकी टिप्पणियों की आलोचना करते रहे हैं। राज शेखावत ने 30 मार्च को सोशल मीडिया पर विवादास्पद बयानों के लिए रूपाला की माफी को खारिज करते हुए भाजपा से अपने इस्तीफे की घोषणा की थी।

### इंडोनेशिया में 6.0 तीव्रता का आया भूकंप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत पश्चिमी पापुआ में मंगलवार को 6.0 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन सुनामी की चेतावनी नहीं दी गई है। वहां की जियोफिजिक्स एजेंसी ने शुरूआत में भूकंप की तीव्रता 6.1 बताई थी लेकिन फिर बाद में इसे संशोधित किया।

### जाट नेता बीरेंद्र सिंह की हुई कांग्रेस में वापसी

**नई दिल्ली।** बीजेपी में एक दशक तक बिताने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री और हरियाणा के दिग्गज जाट नेताओं में से एक बीरेंद्र सिंह और उनकी पत्नी प्रेमलता सिंह एक बार फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए। उनके बेटे और मौजूदा सांसद बृजेंद्र सिंह ने पिछले महीने ही कांग्रेस का दामन थामा था। इस परिवार का हरियाणा की राजनीति पर व्यापक असर रहा है। 25 मई को लोकसभा चुनाव के बाद अक्टूबर में हरियाणा में विधानसभा के चुनाव होंगे जिसे लेकर अभी से ही राजनीतिक दलों में सुगबुगाहट तेज हो चुकी है।

# भारतीय सेना को रूस से मिला इग्ला-एस एयर डिफेंस सिस्टम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना को रूस से इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम (मैनपैड्स) के पहले बैच की आपूर्ति कर दी है। पहले बैच में 24 इग्ला-एस की आपूर्ति की गई है, जिनमें 100 मिसाइलें भी शामिल हैं। इस सौदे के तहत इग्ला-एस का भारत में घरेलू स्तर पर भी उत्पादन होगा। इग्ला-एस सिस्टम के आने से भारतीय सेना की बहुत कम दूरी की वायु रक्षा क्षमताओं में इजाफा होगा।

भारतीय सेना में अभी तक इस्तेमाल की जाती रहीं पुरानी इग्ला-1एम सिस्टम को इग्ला-एस से रिप्लेस किया जाएगा। 2012 में तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पत्र लिख कर मौजूदा एयर डिफेंस सिस्टम को बदलने की बात कही थी।

एक बार मौजूदा जरूरतें पूरी हो जाने के बाद, भारतीय सेना पुराने इग्ला सिस्टम को उन्नत लेजर-बीम राइडिंग और इंफ्रारेड वीएसएचओआरएडीएस से बदलने की योजना बना रही है। डीआरडीओ ने हाल ही में स्वदेशी वीएसएचओआरएडीएस मिसाइलों के दो उड़ान परीक्षण भी किए थे।



### यूपीए सरकार के दौरान जारी हुआ था आरएफपी

बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली के लिए प्रस्ताव का अनुरोध (रिक्वेस्ट ऑफ प्रपोजल) 2010 में यूपीए सरकार के दौरान जारी हुआ था। 2018 में, इग्ला-एस बनाने वाली रूस की रोसोबोरोनेक्सपोर्ट ने सबसे कम बोली लगाई। इस बोली में फ्रांस की एमबीडीए-निर्मित मिस्ट्रल और स्वीडन की एसएएबी-निर्मित आरबीएस 70 एनजी भी शामिल हुई थी।


### इग्ला-एस की खूबियां

इग्ला-एस हाथ से चलने वाला डिफेंस सिस्टम है, जिसे किसी व्यक्ति या चालक दल भी ऑपरेट कर सकता है। इसे नीची उड़ान वाले विमानों को गिराने के लिए डिजाइन किया गया है और यह क्रूज मिसाइलों और ड्रोन जैसे हवाई लक्ष्यों की पहचान कर उन्हें निशाना बना सकता है। इग्ला-एस प्रणाली में 9एम342 मिसाइल, 9पी522 लॉन्चिंग मैकेनिज्म, 9वी866-2 मोबाइल टेस्ट स्टेशन और 9एफ719-2 टेस्ट सेट शामिल हैं। एयर डिफेंस सिस्टम में ये सभी प्रणालियां एक साथ मिल कर काम करती हैं। यह मिसाइल सिस्चम 500 मीटर से छह किमी तक मार कर सकता है। वहीं यह पांच सेकंड में एक्टिवेट हो जाता है और 10 से 3500 मीटर के एल्टीट्यूड के ऊंचाई वाले इलाकों में काम कर सकता है। भारत ने पिछले साल रूस के साथ 120 लॉन्चर और 400 मिसाइलों के सौदे पर दस्तखत किए थे। जिसके तहत पहले बैच की आपूर्ति रूस से की गई है, जबकि बाकी के लॉन्चर और मिसाइलें ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी के तहत भारतीय कंपनी भारत में ही बनाई जाएंगी। इग्ला-एस सिस्टम को देश की उत्तरी सीमा एलएसी और उच्च पर्वतीय इलाकों में तैनात किया जाएगा। पहाड़ी इलाकों में इग्ला-एस मैनपैड्स बेहद कारगर है। रक्षा सूत्रों का कहना है कि भारतीय सेना की एक रेजिमेंट को पहले ही इग्ला-एस एयर डिफेंस सिस्टम मिल चुका है।

# चीनी राष्ट्रपति ने वियतनामी नेशनल असेंबली के अध्यक्ष से मुलाकात की

**एजेंसी। बीजिंग**

चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सोमवार को राजधानी पेइचिंग में स्थित जन बृहद भवन में वियतनाम की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष वुओंग दिन्ह ह्यु से मुलाकात की। मुलाकात में शी ने वुओंग से महासचिव न्गुयेन फुट्रोंग को अपना सौहार्दपूर्ण अभिवादन व्यक्त करने के लिए कहा। उनका कहना है कि गत वर्ष के अंत में उन्होंने वियतनाम की यात्रा के दौरान महासचिव न्गुयेन फुट्रोंग के साथ संयुक्त रूप से रणनीतिक महत्व वाले चीन-वियतनाम साझा भविष्य समुदाय की स्थापना की घोषणा की, जिससे चीन-वियतनाम संबंधों में एक नया अध्याय खुल गया है। दोनों पक्षों के संयुक्त प्रयासों से,



महासचिव न्गुयेन फुट्रोंग और उनके बीच बनी सहमति को लागू किया जा रहा है। शी चिनफिंग ने बल देते हुए कहा कि वर्तमान में, अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्थिति गहन और जटिल परिवर्तनों से गुजर रही है, समाजवादी व्यवस्था की रक्षा करना, राष्ट्रीय स्थिरता और विकास की रक्षा करना चीन और वियतनाम का साझा हित है।

# लोकसभा चुनाव नए भारत के निर्माण का मिशन : पीएम मोदी

**एजेंसी। बालाघाट**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि लोकसभा का यह चुनाव किसी को सांसद बनाने का चुनाव नहीं है बल्कि नए भारत के निर्माण का मिशन है। मध्य प्रदेश के बालाघाट संसदीय क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने रानी दुर्गावती और अवंती का स्मरण करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लोग भाजपा से नहीं लड़ रहे, आपस में एक-दूसरे से लड़ रहे हैं और इसलिए एमपी के कोने-कोने से आवाज आ रही है, फिर एक बार, फिर एक बार, मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव 21वीं सदी के भारत का चुनाव है। कौन एमपी बने, नहीं बने,



इतने भर का यह चुनाव नहीं है। यह चुनाव नए भारत के निर्माण का मिशन है। यह 'विकसित भारत, विकसित मध्य प्रदेश' के संकल्प को नई ऊर्जा देने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि जब अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक भारत का डंका बजता है तो हर देशवासी को लगता है, अपना मान-सम्मान बढ़ा। कभी कांग्रेस सरकार अपनी शिकायत लेकर दूसरे देशों के पास जाती रहती थी, मगर आज वक्त बदल चुका है। दुनिया के बड़े-बड़े देश आपस में युद्ध कर रहे थे, भारत से अपने मुद्दों पर बात करने के लिए आते हैं। अपने देश का यह रुतबा देखकर हर हिंदुस्तानी का हौसला बुलंद हो जाता है। यह चुनाव देश में हो रहे बदलाव को नई बुलंदी देने का चुनाव है।

कांग्रेस की सोच का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस बहुत ही पुरानी सोच पर चली है। एक तो उनके मन में आजादी के आंदोलन का अहंकार भरा पड़ा था और सामान्य आदमी के बलिदान तपस्या को उन्होंने सत्ता में आते ही याद नहीं किया और छोटी सी कोटरी, परिवार का कुनबा हावी हो गया और उसी की सोच देश को पिछड़ेपन की तरफ धकेलती गई। कांग्रेस सोचती थी गरीब देश है, बड़े शहर के विकास पर ध्यान दिया और छोटे शहरों को भूल गए। भाजपा सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर चल रही है। सरकार हर गांव को प्राथमिकता दे रही है। हमारी सरकार देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार एमपी का कायाकल्प कर रही है। बालाघाट से गोंदिया वाली जिस ब्रॉडगेज रेलवे लाइन की नींव कभी 30 साल पहले रखी गई थी, उसे भी मोदी ने आकर पूरा किया।

### बिहार में प्रसूता को अस्पताल से बाहर निकाला

# पेड़ के नीचे हुआ प्रसव नवजात शिशु की मौत

**एजेंसी। पटना**

स्वास्थ्य में सुधार के लाख दावे बिहार सरकार कर ले, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ अलग ही कहानी कह रही है। ताजा मामला रोहतास जिले के करगहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है, जहां मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। एक प्रसूता को हीमोग्लोबिन की कमी होने के कारण डाक्टर ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया और अस्पताल से बाहर निकाल दिया। इसके बाद महिला अस्पताल के बाहर एक पेड़ के नीचे चली गई, जहां उसका प्रसव हो गया। प्रसव के दौरान बच्चे की मौत हो गई। बताया जाता है कि सिरसिया गांव की एक दलित महिला प्रसव के लिए करगहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थी, लेकिन



शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी होने के कारण अस्पताल के डॉक्टर ने उसे सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन, वह सदर अस्पताल न जाकर वह पेड़ के नीचे बैठ गई। महिला के पति का कहना है कि वह पैसे लाने गांव गया था। इसी दौरान अस्पताल प्रशासन द्वारा उसकी पत्नी को बाहर निकाल दिया गया, जहां पेड़ के नीचे ही महिला का प्रसव हो गया। इलाज के अभाव में बच्चे की मौत हो गई।

### कार-बस की टक्कर में एक ही परिवार से पांच सदस्यों की मौत

**चेन्नई।** तिरुपुर जिले में एक सड़क दुर्घटना में तीन माह की बच्ची सहित एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। मंगलवार सुबह हुई इस दुर्घटना में परिवार के अन्य दो सदस्य घायल भी हुए हैं। यह परिवार मंदिर से दर्शन कर कार से लौट रहा था, तभी जिले के ओलापलायम के पास उनकी कार सामने से आ रही रोडवेज की बस से टकरा गई। तिरूपुर पुलिस ने मंगलवार को बताया कि जिले के ओलापलायम के पास जिस कार में यह परिवार यात्रा कर रहे था, वह राज्य सरकार की एक बस से टकरा गई। जिससे तीन महीने की बच्ची सहित एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नल्लीकुंडन नगर के रहने वाले 60 वर्षीय चंद्रशेखरन, उनकी 57 वर्षीय पत्नी चित्रा, उनकी 30 वर्षीय बड़ी बहू अरुविविथ्रा, उनकी तीन महीने की बेटी और चंद्रशेखरन का छोटा बेटा 26 वर्षीय इलावरासन कार से स्थानीय एक मंदिर गए थे।

# लोस चुनाव : दूसरे चरण में 26 को होगा मतदान, 12 राज्यों में 1206 उम्मीदवार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 1206 उम्मीदवारों के साथ-साथ बाहरी मणिपुर पीसी से 4 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। लोस चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 88 संसदीय क्षेत्रों के लिए कुल 2633 नामांकन दाखिल किए गए थे। दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल थी। दाखिल 2633 नामांकनों की जांच में 1428 नामांकन वैध पाए गए। सभी 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि सोमवार 08 अप्रैल थी। दूसरे चरण में केरल में 20 संसदीय क्षेत्रों के लिए अधिकतम 500 नामांकन किए गए हैं। इसके बाद कर्नाटक में 14 संसदीय क्षेत्रों से 491 नामांकन हैं। महाराष्ट्र की नांदेड़ संसदीय क्षेत्र से सबसे अधिक 92 नामांकन प्राप्त हुए। आयोग के अनुसार दूसरे चरण में 88 संसदीय क्षेत्रों के लिए 2633 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इनमें से 1428 सही पाए गए। नाम वापसी के बाद संख्या 1206 रह गई। राज्यवार आंकड़ों के अनुसार इस चरण में असम 61, बिहार 50, छत्तीसगढ़ 41, जम्मू-कश्मीर 22, कर्नाटक 247, केरल 194, मध्य प्रदेश 88, महाराष्ट्र 204, राजस्थान 152, त्रिपुरा 9, उत्तर प्रदेश 91 और पश्चिम बंगाल 47 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। पहले चरण में 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में 1625 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 1491 पुरुष उम्मीदवार और 134 महिला उम्मीदवार हैं। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा।

# भारत के हथियार खरीद सौदे से विश्व को है आस

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

भारत की जर्मनी से 6 अरब यूरो लागत की 6 पनडुब्बी खरीदने की बातचीत चल रही है। इसके पहले फ्रांस से राफेल चर्चित डील हुआ है। और भी खरीद की बातचीत हो रही है।अमेरिका से भी चल रहा है। इस तरह भारत इन दिनों विश्व के सबसे ज्यादा हथियार खरीदने वाला देशों में से एक बन गया है। सो सभी वे शक्तिशाली देश जिनकी अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा हथियारों की बिक्री पर निर्भर है, वे भारत की तरफ हसरत भरी निगाह से देख रहे हैं। जिसका भरपूर कूटनीतिक लाभ भारत को मिल रहा है। जिसका उदाहरण है बीते मार्च में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी द्वारा गिरफ्तार करने की भर्त्सना करते हुए जर्मनी के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि हम उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से जुड़े मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा। लेकिन अब वही जर्मन विदेश विभाग कन्नी काटने लगा। इसी तरह से अन्य कई देश भी करने लगे हैं। फिलहाल जर्मनी की बात, तो भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा कि एशिया में बर्लिन की व्यापार रणनीति में नई दिल्ली सबसे आगे है। एकरमैन की कहना है कि जर्मनी की सरकार 6 नई पनडुब्बियों के निर्माण के लिए प्रोजेक्ट 75 के टेंडर के लिए भारतीय नौसेना के साथ बातचीत चल रही रही है। जहां तक प्रोजेक्ट 75 इंडिया की बात है, यह एक भारतीय नौसेना परियोजना है जहां वह एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन तकनीक के साथ छह बड़ी पारंपरिक पनडुब्बियों का निर्माण करना चाहती है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 6 अरब यूरो है। इसके टेंडर के लिए इस समय बातचीत चल रही है, जिसमें जर्मनी की कंपनी थिसेनक्रुप भारतीय मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड (आईएमडीएल) के साथ साझेदारी रही है। इस परियोजना के बारे में एकरमैन ने कहा, भारत में उच्च तकनीक वाली पनडुब्बियों के निर्माण के लिए भारतीय डॉकयार्ड के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। मेरी सरकार पूरे दिल से बातचीत का समर्थन कर रही है। प्रक्रिया अभी भी जारी है और इस पर फैसला भारत को लेना है। हालांकि, हम कह सकते हैं कि यह परियोजना पहले से चली आ रही रक्षा साझेदारी को गति दे रही है और यह भविष्य के सहयोग के लिए प्रकाश स्तंभ के रूप में काम करेगी।

### वीवीपैट से डाले गए वोटों के सत्यापन की मांग

# एससी में 16 को होगी सुनवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट वीवीपैट मशीन की पर्चियों के मिलान के मामले पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। शीर्ष अदालत का कहना है कि इस मामले में 16 अप्रैल को सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि वह अगले मंगलवार को इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

**वीवीपैट पर्चियों से वोटों के मिलान की मांग :** सुप्रीम कोर्ट में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने याचिका दायर कर ईवीएम मशीनों के साथ वीवीपैट (वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल) पर्चियों का मिलान करने की मांग की थी। वीवीपैट एक स्वतंत्र वोट सत्यापन मशीन है, जिससे पता चलता है कि मतदाता ने जो वोट डाला है, वो सही तरीके से डाला गया है या नहीं। अभी वीवीपैट पर्चियों के माध्यम से सिर्फ पांच कोई भी चयनित ईवीएम के सत्यापन का चलन है। सुप्रीम कोर्ट के वकील और सामाजिक कार्यकर्ता अरुण कुमार अग्रवाल ने भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर वीवीपैट पर्चियों की पूरी गिनती करने और उनकी ईवीएम से मिलान करने की मांग की है।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व चुनाव आयोग से मांगा था जवाब

कोर्ट ने एक अप्रैल को सामाजिक कार्यकर्ता अरुण कुमार अग्रवाल की याचिका पर चुनाव आयोग और केंद्र से जवाब मांगा था। याचिका में चुनावों में वीवीपैट पर्चियों की पूरी गिनती की मांग की गई थी। तीन अप्रैल को एडीआर की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने मांग की थी कि याचिका पर जल्द सुनवाई की जाए। वरिष्ठ वकील गोपाल शंकर नारायणन भी इस मामले में कोर्ट में पेश हुए थे। उन्होंने कहा था कि चुनाव नजदीक हैं और अगर इस मामले पर सुनवाई नहीं की गई तो यह याचिका निष्फल हो जाएगी।


### भीषण गर्मी के बीच मानसून पर बड़ा अपडेट

# इन राज्यों में होगी अच्छी बारिश, किसानों को फायदा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में भीषण गर्मी की शुरूआत के बीच मानसून को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई हैं। निजी मौसम पूवार्नुमान एजेंसी स्काईमेट वेदर ने इस साल भारत में जून से सितंबर तक सामान्य या औसत मानसून रहने की भविष्यवाणी की है। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश में पर्याप्त वर्षा होने की संभावना जताई है। जबकि बिहार और पश्चिम बंगाल में जुलाई और अगस्त में बारिश की कमी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम एजेंसी ने भारत के दक्षिण, पश्चिम और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह पूवार्नुमान उन किसानों के लिए ज्यादा खुशी लेकर आया है, जो सिंचाई के लिए इस बारिश पर बहुत अधिक निर्भर हैं। देश में सिंचाई सुविधा का भी अभाव है। अभी भी चावल, मक्का, गन्ना, कपास और सोयाबीन जैसी फसलों की खेती करने वाले अधिकांश किसान सिंचाई के लिए मानसून की बारिश पर निर्भर रहते हैं। सामान्य मानसून रहने पर कृषि उत्पादकता में सुधार होगा। साथ ही समय पर सिंचाई होने से फसलों की पैदावार भी बढ़ेगी। इससे कृषि क्षेत्र में समग्र आर्थिक विकास हो सकता है।



### किसानों के लिए खुशी लेकर आया ये पूवार्नुमान

कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि इस साल अच्छी बारिश होने का अनुमान किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। क्योंकि पिछले साल अल-नीनो के चलते सामान्य से बहुत कम बारिश हुई थी। इसके चलते देश के कई हिस्सों में किसानों को सूखे का सामना करना पड़ा। निजी मौसम एजेंसी को उम्मीद है कि चार महीने की अवधि के दौरान मानसूनी बारिश औसत 868.6 मिमी का 102 फीसदी होगी।

### इन राज्यों में होगी झमाझम बारिश

निजी मौसम एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, लक्षद्वीप में बहुत अच्छी बारिश का अनुमान है। हालांकि असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम में जून और जुलाई के दौरान सामान्य से कम बारिश की संभावना हैं। इसके बाद सामान्य बारिश के आसार हैं। इसी तरह जुलाई और अगस्त में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में कम बारिश संभव है। जबकि इस अवधि के बाद सामान्य बारिश का अनुमान है।

### हेमा मालिनी पर टिप्पणी को लेकर ईसी ने सुरजेवाला को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) ने भाजपा नेता हेमा मालिनी के खिलाफ टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को नोटिस जारी किया। आयोग ने उन्हें 11 अप्रैल को शाम पांच बजे तक जवाब देने को कहा है। ईसी ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की, ताकि सियासी नेताओं और पदाधिकारियों द्वारा महिलाओं के प्रति सम्मानजनक सार्वजनिक चर्चा सुनिश्चित की जा सके। ईसी ने कहा कि चुनाव प्रचार को महिलाओं के अपमान का मंच नहीं बनने दिया जा सकता। कांग्रेस अध्यक्ष सभी पार्टी नेताओं द्वारा सार्वजनिक सभा के दौरान महिलाओं के सम्मान और गरिमा को बाए रखने के लिए आयोग की सलाह का कड़ी से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पार्टी द्वारा उठाए गए कदमों पर जवाब देंगे।